*697. **श्री बृज भूषण लाल**: क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कितनी कम्पनियों में 25 प्रतिशत से अधिक विदेशी पूंजी लगी हुई है;

(ख) 1966–67 में इन कम्पनियों द्वारा राजनीतिक दलों को कितनी-कितनी धनराशि दी गई; और

(ग) राजनीतिक दलों को दी गई इस राशि में कितनी विदेशी पूंजी शामिलहै;

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI RAGHUNATH REDDI): (a) to (c). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

**राजनैतिक दलों को धन दिया जाना**

*704. **श्री अटल बिहारी वाजपेयी**:
**श्री जि० ब० सिंह**:
**श्री राम सिंह अयरवाल**:

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ऐसी कम्पनियों की संख्या कितनी है जिनमें सरकार अथवा ऐसी संस्थाओं के 25 प्रतिशत अंश हैं, जिनमें सरकारी पूंजी लगी हुई हैं;

(ख) 1966–67 में उक्त कम्पनियों ने राजनीतिक दलों को कितनी धनराशि दान में दी; और

(ग) उक्त धनराशि में सरकारी तथा सार्वजनिक धनराशि का औसत कितना है?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI RAGHUNATH REDDI): (a) to (c). The information is being collected and it will be laid on the Table of the House.

SHRI S. M. BANERJEE: Previously the notice was only 10 days; now it is 21. You know how questions come up. They are all by ballot, and

in the process some are lost. Even then, the Minister says that the information is being collected. Kindly advice us what we have to do

MR. SPEAKER: We will have it again. We will postpone it, if it is the desire of the House. I will do that so that it does not lapse.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

MR. SPEAKER: Let them get the information: we will take it up on some other day.

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): If hon. members want correct information, it will have to be collected from nearly 30,000 companies.

SHRI S. M. BANERJEE: So what?

SHRI F. A. Ahmed. These figures have to be collected by the Registrar; then they have to be verified with records in the Ministry. Unless and until I am sure about the correct information, it will not be possible to give it. But I did have some survey of companies; if that will satisfy hon. members, that can be given. But if they want exact information, it cannot be done within such a short time.

SHRI S. M. BANERJEE: He can give incorrect information and then correct it.

MR. SPEAKER: I do not think it will be possible even in the next two or three days to collect it. Shri Brij Bhushan Lal.

**श्री बृज भूषण लाल**: अध्यक्ष महोदय, अखबारों को पढ़ने से पता चल रहा है कि कम्पनीज जो डोनेशन्स पोलिटिकल पार्टीज को दे रही हैं उसको कानून द्वारा रोका जा रहा है। तो मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि कांग्रेस बीस वर्षों से इस देश में हुकूमत कर रही है, अब क्या ऐसी जरूरत पड़ गई कि एक कानून बनाकर कम्पनीज को डोनेशन्स देने से रोका जा रहा है? ऐसा तो नहीं है कि उन कम्पनीज ने दूसरी पोलिटिकल पार्टीज को भी डोनेशन्स देना शुरू कर दिया हो. इसलिए इस चीज को रोकने के लिए सरकार कानून लाना चाहती है?

**श्री फखरुद्दीन अली अहमद**: यह खयाल गलत है कि चूंकि कम्पनीज ने दूसरी पार्टीज को डोनेशन देना शुरू कर दिया इसलिए कानून लाया जा रहा है बल्कि कानन इसलिए लाया जा रहा है कि हम चाहते हैं कि कम्पनीज का जो पैसा हो वह ज्यादा से ज्यादा कम्पनीज के डेवलपमेन्ट में लगे या जो लोग उसमें इन्वेस्टमेन्ट करते हैं उनको उसका प्राफिट मिले।

**श्री बृज भूषण लाल**: यह जो कम्पनीज पोलिटिकल पार्टीज को डोनेशन्स देती हैं इसमें फारेन मनी भी शामिल है और जो फारेन मनी शामिल है उसका असर पोलिटिकल पार्टीज और इन्डिवीजुअल्स पर है, इसको इनकार नहीं किया जा सकता, तो मैं जानना चाहता हूं कि उसको राकने के लिए आप क्या कदम उठा रहे हैं?

**श्री फखरुद्दीन अली अहमद**: यह तो सवाल ऐसा है कि कि जो ऐसी कम्पनीज हैं जिनमें फारेन हिस्सा है तो उसी हिस्से के प्रपोर्शन में कन्ट्रीब्यूशन देते हैं तो उनके ऊपर भी इसका असर पड़ेगा जब इस तरह का कानून बना रहे हैं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी**: अध्यक्ष महोदय, सरकार जो कम्पनियों का चन्दा रोकने के लिए बल ला रही है, अच्छा है बल्कि उसे जल्दी आना चाहिए था लेकिन मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि उनके पास पूरी जानकारी है, कुछ चीजें समाचार-पत्रों में छपी हैं, वे सही हैं या नहीं?

एक प्रेस रिपोर्ट यह है:

"In more than 400 companies each having over Rs. 50 crores paid up share capital, the public sector companies have got more than 25 per cent shareholdings. Out of every crore paid as donation to political parties, Rs. 25 lakhs are paid by the Government to the political party."

क्या सरकार इस जानकारी की पुष्टि करने की स्थिति में है?

SHRI F. A. AHMED: As I have said earlier, unless the entire information is with me, it may not be possible for me to confirm or contradict it.

SHRI LOBO PRABHU: Will the Ministry collect information about other donations? Would it also collect information about foregin contributions to them? Will it also collect information on the contribution given by trade unions to their representatives? Because, the principle should be that if one side gives up the donation or assistance it gets, the other sides should also give up the same.

SHRI F. A. AHMED: I do not know what the hon. Member means. There are no organisations through which foreign countries make these contributions, so far as my ministry is concerned. I have no organisation through which this information could be collected. If there is a feeling that some contribution is coming from outside, it is for the hon. Member to direct his question to the ministry concerned and they will certainly supply him information.

SHRI K. LAKKAPPA: Is it a fact that certain sections of the Congress headed by Mr. S. K. Patil.... (*Interruptions.*)

MR. SPEAKER: Yesterday also I requested you not to bring in the names of persons who are not here to defend themselves.

SHRI K. LAKKAPPA: ...headed by big congress leaders who were defeated in the general elections but who are in the working committee are putting pressure to stop legislation being enacted to prevent donations by big industrialists who are in the hands of these congress leaders? What action is this government taking to resist that pressure?..... (*Interruptions.*)

MR. SPEAKER: Please allow the Minister to reply. Otherwise, the allegation goes unchallenged.

श्री मधु० मा० खां० : क्या ये सारे प्रतिबन्ध हम लोगों के लिए ही हैं?

SHRI F. A. AHMED: The hon. Member is entitled to have his opinion. Other persons including the Congressmen are entitled to have their opinion. Government cannot take any action against people holding a different opinion.

SHRI TENNETI VISWANATHAM: The hon. Minister says it is a matter of opinion. We want to know whether they are going to introduce legislation or not.

SHRI F. A. AHMED: It is already before the House.

## SHORT NOTICE QUESTION

### STOPPAGE OF PRODUCTION IN ZINC SMELTER AT UDAIPUR

SNQ 13. SHRI BHOLA NATH MASTER:
SHRI YASHPAL SINGH:
SHRI KANWAR LAL GUPTA:
SHRI NAVAL KISHORE SHARMA:
SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI:

Will the Minister of STEEL, MINES AND METALS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the production in Zinc Smelter at Udaipur has been stopped thereby resulting in unemployment of workers;

(b) whether it is also a fact that huge stocks have piled up; and

(c) if so, the steps Government propose to take to meet the situation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL, MINES AND METALS (SHRI P. C. SETHI): (a) The production in the Zinc Smelter has been temporarily stopped but no permanent or regular employee has been retrenched.

(b) There has been accumulation of stocks as under:—

| | | |
|---|---|---|
| Zinc ingots | | 4938 tonnes |
| Cadmium | ... | 23 ,, |
| Superphosphate | ... | 18650 ,, |

(c) Steps are being taken by the Government to review and restrict the import of zinc and superphosphate to the minimum. Import of cadmium has been restricted. In the case of zinc, arrangements are being made to divert a part of the stocks for galvanising purposes. Efforts are continuing to clear the stock of superphosphate. Hon'ble Chief Minister of Madhya Pradesh Government has assured to take 15,000 tonnes of superphosphate, on an immediate basis. With these measures the factory is expected to resume production from 15th September, 1968.

**श्री भोला नाथ मास्टर**: अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में एक मात्र यह पबलिक सैक्टर में इंडस्ट्री है जोकि सिलवर कैड्मिम और लैड प्रोड्यूस करती है और जहां तक इन तीन चीजों का सम्बन्ध है इन की सेल की कोई प्राबलम नहीं है। इस के अलावा वहां जिंक और सुपरफासफेट का भी प्रोडक्शन होता है। अभी यह जनवरी के महीने में उस जिंक स्मैलटर ने प्रोडेक्शन वर्क शुरू किया था और उस के इनआगुरेशन के सिलसिले में हमारे माननीय उपप्रधान मंत्री श्री मोरारजी देसाई ने यह कहा था :

"We have been dependent for our zinc requirements on import which caused a great drain on our scarce foreign exchange resources. I am particularly happy that the quality of this metal is superior to the one guaranteed under the agreement with French experts."

इस की तारीफ़ 6 महीने पहले हो चुकी थी और उस जिंक स्मैलटर का प्रोडक्शन भी 200 परसैंट अधिक बढ़ गया है उस के बारे में जो रिपोर्ट हम में सरकुलेट की गई थी उस में कहा गया था :

"Hindustan Zinc Limited, since its inception, has strived to attain optimum production and has succeeded spectacularly having no public or private unit in India capable of claiming a similar result."

हमारे यहां रोजाना सवाल उठाये जाते हैं कि पबलिक सैक्टर में जितनी भी संस्थाएं चल रही हैं वह पूरी तौर से प्रोडेक्शन नहीं कर पा रही हैं लेकिन यह हिन्दुस्तान जिंक लिमिटैड ही एक ऐसी कंसर्न है जोकि औप्टिमम प्रोडक्शन कर रही थी। जिंक और सुपरफासफेट फर्टिलाइजर के अत्याधिक इकठ्ठा हो जाने के कारण इस फैक्टरी को लैटर हाफ औफ़ जूलाई में अर्थात् 6 महीने बाद बंद कर देना पड़ा और जैसा कि मंत्री साहब ने बतलाया उस के काम को यकायक रोक देना पड़ा। मैं इस सवाल को दो हिस्सों में ही पूछना पसन्द करूंगा क्योंकि एकदम जवाब देने में मुश्किल होगी। जैसा कि उन्होंने बतलाया कि उन के पास जिंक इनगौट्स का 5,000 टन स्टाक ऐक्युमिलेटैड है, जिंक कैथोड्स 2,000 टन के करीब है, सुपरफासफेट के बारे में बाद में मैं पूछूंगा, अभी मैं जिंक के बारे ही सवाल करूंगा। अब जिंक की पबलिक सैक्टर और टिस्को-इस्को में खपत कुल 30,100 टन की है अर्थात् आयरन ऐंड स्टील गैलवेनाईजिंग में 22,100 टन की जरूरत है, डिफेंस में 5,000 टन की जरूरत है और पोस्ट ऐंड टेलीग्राफ़्स में 3,000 टन की जरूरत है। मेरा सवाल है कि खास तौर पर जब पबलिक सैक्टर में ही इस की इतनी आवश्यकता है तो यह इतना स्टाक पड़ा हुआ कैसे रह गया ?

**श्री प्र० च० सेठी**: यह बात सही है कि इस फैक्टरी ने उत्पादन कार्य शुरू करके उस का प्रोडक्शन बहुत शीघ्र ही फुल रेटेड कैपेसिटी को पहुंच गया और उत्पादन के प्रारम्भिक दिनों में 118 और 119 परसेंट उन्होंने प्रोडक्शन किया और वह बहुत ही संतोषजनक था। उस में कठिनाई यह उत्पन्न हुई कि इस वक्त उस फैक्टरी की 80,000 टन की सुपरफौसफेट पैदा करने की क्षमता है और जिंक वह 18,000 टन पैदा कर सकती है। इस समय तक उन्होंने 43,000 टन सुपरफौसफेट पैदा किया जिसमें से उन्होंने 23,000 टन बेच दिया है और कोई 18–20 हजार टन उन के पास अभी भी स्टाक विद्यमान है। अब उन के पास यह गुंजाइश नहीं है कि उस सुपरफौसफेट का और स्टाक कर सकें। वैसे सुपरफौसफेट के जमा स्टाक को क्लियर करने की कोशिश की जा रही है। हांलाकि मध्यप्रदेश गवर्नमैंट ने उस का 25,000 टन लेने को कहा था लेकिन मध्यप्रदेश गवर्नमैंट के चीफ़ मिनिस्टर ने उस में से 15,000 टन सुपरफौसफेट इम्मिजियेट बेसिस पर उठाने का विश्वास दिलाया है। मुख्य मंत्री से जो इस सम्बन्ध में हम ने वार्ता की थी उसी के परिणामस्वरूप उन्होंने कृपा करके यह आदेश दे दिया है और बाक़ी का बचा हुआ 10,000 टन भी बाद में वह उठवा लेंगे। इस प्रकार से वहां जो स्टाक के एक्युमिलेशन की दिक्कत हो गयी है वह इस तरह कम हो जायगी। जैसा कि मैंने मूल प्रश्न के उत्तर में बतलाया। इस फैक्टरी के 15 सितम्बर 1968 से प्रोडक्शन रिज्यूम करने की आशा है।

जहां तक कि वह जिंक का ताल्लुक है और जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा कि हमारे पब्लिक सैक्टर का जिंक प्रोडक्ट बहुत अधिक प्योर है और उस में 99.95 परसेंट जिंक है और यह बहुत अच्छी क्वालिटी का जिंक होने के कारण यह डिफक्ल्टी पैदा हो गयी कि रूरकेला प्लांट जोकि मुख्य रूप से जिंक का कस्टमर था उस ने कहा कि हमारे प्रोडक्ट में चूंकि लैड की इम्प्योरिटी कम है इसलिए वह इसे गैलवेनाइजिंग के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते है। वह उस के लिए इनफ़ीरियर क्वालिटी का जिंक चाहते हैं इस बारे में बातचीत की गई और यह तय पाया गया कि फिलहाल गैलवेनाइजिंग के लिए 100 टन का ट्रायल आर्डर जिंक का प्लेस करेंगे। हम कोशिश कर रहे हैं कि जहां तक हो सकें जिंक इम्पोर्ट कम से कम 6 महीने न की जाय और अपनी जिंक को खपाया जाय।

**श्री भोला नाथ मास्टर**: मेरा दूसरा प्रश्न सुपरफौसफेट के बारे है। यह सुपरफौसफेट का हमारे यहां 20,000 टन से अधिक का स्टाक हो गया है। अमरीका से भी बहुत ज्यादा सुपरफौसफेट मंगाया जा रहा है और मुझे बतलाया गया है कि जून के महीने से बराबर बम्बई पोर्ट में हमारे जहाज खड़े हुए हैं जिनके लिए कि 7 लाख रुपया डैम्रेज का दिया जा रहा है। अमरीका इस बात की कोशिश में है कि ज्यादा से ज्यादा सुपरफौसफेट वह हमें सप्लाई करे तो मैं जानना चाहता हूं कि जबकि हमारे यहां खुद उस का स्टाक जमा पड़ा हुआ है तो यह अमरीका से सुपरफौसफेट मंगाना कब बंद किया जायगा?

जो बिजली हिन्दुस्तान जिंक लिमिटैड को दी जा रही है वह ज्यादा पैसे में दी जा रही है अर्थात् डी सी एम को दो पैसे के हिसाब से दी जा रही है जबकि पब्लिक सैक्टर में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटैड को 10 पैसे के हिसाब से बिजली दी जाती है। इसी तरीक़े से केरल स्टेट में

कोमिन को ढाई पैसे के हिसाब से बिजली दी जा रही है और यहां जिंक लिमिटेड को दस पैसे के हिसाब से दे रहे हैं। यह सुपरफौसफेट यू० पी० गवर्नमैंट और अन्य सरकारें क्या इसीलिए नहीं उठा रही हैं कि हमारा प्रोडक्ट उन को महंगा पड़ता है?

**श्री प्र० चं० सेठी** : अंतिम प्रश्न का मैं पहले उत्तर दूंगा। जहां तक यह बिजली का सवाल है बिजली के रेट के सम्बन्ध में राजस्थान गवर्नमैंट से हमारी बातचीत चल रही है। माननीय सदस्य राजस्थान से आते हैं और मैं उन से निवेदन करूंगा कि वह भी राजस्थान गवर्नमैंट से बिजली का रेट कम करने के बारे में बातचीत करें और अपने प्रभाव का इस्तेमाल करें।

जहां तक सुपरफौसफेट के यहां पर आयात करने का प्रश्न है जो जानकारी मैंने फुड ऐंड एग्रीकलचर मिनिस्टरी से प्राप्त की है उस के अनुसार जहां सन् 1967–68 में हमारे यहां पांच लाख टन के करीब सुपर-फौसफेट की आवश्यकता थी सन् 1968-69 में 6 लाख 50 हजार टन की आवश्यकता होगी। यहां जो सुपरफौसफेट का उत्पादन हुआ उस के बारे में स्थिति यह है कि उस का टार्गेट 2 लाख 70 हजार टन का था लेकिन वह यहां 2 लाख टन ही पैदा हुआ और इसलिए बाकी का हमें बाहर से मंगाना पड़ा और कोई साढ़े 3 लाख टन के करीब हम ने आयात किया। स्वेज नहर के बंद होने के कारण वह माल देर से आया इसलिए किसान लोग उसे उठा नहीं पाये और इस कारण यह लास्ट इयर का कैरीओवर किया गया और परिणामस्वरूप इस साल जहां हम 3 लाख और 30 हजार टन मंगाने वाले थे उस को घटा करके हम ने इस साल केवल 1 लाख 36 हजार टन ही मंगाया। इस तरह से हम अपने आयात को बैलेंस करने की कोशिश कर रहे हैं और यह तय किया गया है कि अपने यहां की उत्पादन क्षमता को ध्यान में रखते हुए ही केवल हम उतना ही आयात करेंगे जितना कि बिलकुल आवश्यक होगा। हम इम्पोर्ट को जहां तक हो सके कम करने की कोशिश में हैं और केवल उतना ही मंगायेंगे जितना कि बिलकुल मंगाना आवश्यक होगा। यह मंत्रालयों के बीच में हुई बातचीत में निश्चय किया गया है।

**श्री यशपाल सिंह** : मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार को डिमान्ड ऐंड सप्लाई के प्रपोर्शन का पहले से पता था या नहीं? अगर उस को पता था तो अभी पिछले दिनों इस सदन में माना गया है कि जो सुपरफौस्फेट हम यहां पैदा करते हैं और जो बाहर से मंगाते हैं उस की कीमत में 450 रु० का फर्क है। मैं जानना चाहता हूं कि अगर डिमान्ड ऐंड सप्लाई के प्रपोर्शन का पता पहले से कर लिया जाता तो हम को कितना फायदा हो सकता था और इस कारखाने की रुकावट से जो नुकसान हमारा हुआ है उस को हम किस हद तक बचा सकते थे?

**श्री प्र० चं० सेठी** : जो सुपरफौस्फेट प्राइवेट सेक्टर वाले बेचते हैं उन की कुल बेचने की कीमत 320 रु० है और जो हम बेच रहे हैं वह उस से सस्ती है। तब 450 रु० का फर्क कैसे आया यह मेरी समझ में नहीं आया।

**श्री कंवरलाल गुप्त** : हमारी एक साल की जिंक की रिक्वायरमेंट 65 हजार टन की है और इस 65 हजार टन के लिये अप्रैल से ले कर जूलाई तक यानी पांच महीने में हम ने 51,508 टन जिंक इम्पोर्ट किया है और केवल 13,492 टन जिंक जो यहां के कारखानों का बना हुआ पड़ा रह गया वह इस्तेमाल होगा। मैं मंत्री महोदय से यह पूछना

चाहता हूं कि क्या यह सही है कि जो फर्टिलाइजर, जिंक या दूसरी चीजें हम इम्पोर्ट कर रहे हैं वह हम अमरीका के दबाव के कारण कर रहे हैं? श्री रघुनाथ सिंह ने, जो कि जिंक कारपोरेशन के चेअरमैन हैं, जो कुछ 19 तारीख को कहा है उस को मैं आप की आज्ञा से पढ़ देता हूं। उन्होंने कहा है कि :

"Mr. Singh said, it is known that the United States of America has a stock of more than a billion tonnes of fertilisers representing their one year's production. It is also believed that they are using strong political and economic pressure on developing countries for buying their fertiliser. Re-financing of our loans were made subject to our purchasing their fertiliser."

क्या यह बात सही है कि हमारे लोन्स के रिफाइनेन्सिंग की जो शर्तें लगी हुई हैं उन की वजह से हमें फर्टिलाइजर खरीदना पड़ रहा है? अगर यह सही है तो क्या सरकार इसे बन्द करेगी ताकि यहां के कारखानों का बना हुआ माल इस्तेमाल हो सके?

**श्री प्र० चं० सेठी**: जहां तक जिंक की आवश्यकता का ताल्लुक है, इस वर्ष जिंक की आवश्यकता 85 से 88 हजार टन की आंकी गई है, 65 हजार टन की नहीं। जहां तक आयात का सवाल है, मैं कहना चाहता हूं कि इस समय देश की उत्पादन क्षमता 18 हजार टन उदयपुर की है और करीब 10 हजार टन प्राइवेट सेक्टर की है, इस तरह से लगभग 27–28 हजार टन की है।

**श्री कंवरलाल गुप्त**: 38 हजार टन।

**श्री प्र० चं० सेठी**: 38 हजार टन अगले साल हो जायेगी, इस साल 28 हजार टन की है। इस लिये इस क्षमता को ध्यान में रख कर इम्पोर्ट को तय किया गया। लेकिन बीच में जिंक की काफी शार्टेज थी। एक वक्त में 1966 के आस पास जिंक की कमी की वजह से सारा गल्वनाइजिंग का काम बन्द सा था। 1966 में जब ओपन किया तब ओपन जनरल लाइसेंस की तहत ऐक्चुअल यूजर्स को अनरेस्ट्रिक्टेड लाइसेंस दिये गये। उन के पिछले क्षमता के ऊपर चूंकि उस समय जिंक की कमी थी इस लिये जिंक का आयात किया गया। यह जो उत्पादन हुआ है वह इस साल हुआ है। उन लाइसेंसों में से कुछ लाइसेंस मैटीरियलाइज हो रहे हैं। लेकिन अब यह तय हुआ है कि देश की उत्पादन क्षमता को ध्यान में रखते हुए जिंक का आयात किया जायेगा। और अब तक जो एम० एम० टी० सी० अलग करता था और ऐक्चुअल यूजर्स अलग करते थे उन की एक सेंट्रलाइजड एजेन्सी हो इस का पूरा ध्यान रखा जायेगा और देश की उत्पादन क्षमता का ध्यान रख कर आयात किया जायेगा।

**श्री कंवरलाल गुप्त**: अमरीका के प्रेशर और श्री रघुनाथ सिंह की बात जो मैंने कोट किया उस के बारे में मंत्री महोदय का क्या कहना है?

**श्री प्र० चं० सेठी**: हमें अपनी क्षमता के अनुसार मंगाना है, हम किसी के प्रेशर की वजह से नहीं मंगायेंगे।

**श्री नवल किशोर शर्मा**: मैं आप के माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि जब हमारे देश में जिंक की रिक्वायरमेंट काफी है और जिंक का प्रोडक्शन भी कम है तब क्या यह कारण नहीं है कि हमारे यहां के जिंक की खपत इसलिए कम है कि हमारे यहां की पब्लिक सेक्टर इंडस्ट्रीज इंडियन जिंक को इस्तेमाल इस लिये नहीं करतीं कि फारेन इम्पोर्टेड जिंक उस से सस्ता पड़ता है? यदि ऐसा है तो क्या मंत्री महोदय ने इस विषय पर विचार किया है कि इंडियन

जिंक की जो कीमत है उसे फारेन जिंक के मुकाबले में कम किया जाये और यदि हां तो इस दिशा में क्या कदम उठाये जाने पर विचार किया है, यदि किया है तो क्या ? मंत्री महोदय इस का ब्योरा देंगे।

**श्री प्र० चं० सेठी** : यह बात सही है कि बाहर से आने वाला जिंक यहां से सस्ता है, लेकिन इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि लोगों को जो जिंक दिया जाये उस में इंडियन जिंक के साथ साथ इम्पोर्टेड जिंक भी दिया जाये ताकि वह दोनों का इस्तेमाल कर के अपना काम कर सकें।

**श्री ओंकारलाल बोहरा** : यह जो प्लैन्ट उदयपुर में लगाया गया है उस की अन्डरटेकिंग के समय उस का 90 प्रतिशत कम्प्लीशन हो चुका था और पिछले 3 वर्षों में बाकी 10 प्रतिशत कम्प्लीट हुआ है और उस पर काफी खर्च किया गया है। मेरे प्रश्न के उत्तर में यहां पर बतलाया गया कि सरकार को पता नहीं है कि उस की कास्ट आफ प्रोडक्शन क्या हैं। जिंक के बारे में, सुपरफौस्फेट के बारे में और दूसरी उन चीजों का उत्पादन होता है उन के बारे में बतलाया गया है कि चूंकी हम ने कम्पनी को मेटल कारपोरेशन को अभी तक मुआवजा नहीं दिया है इस लिए उन के कास्ट आप प्रोडक्शन के बारे में नहीं बतलाया जा सकता। दूसरी बात यह है कि वहां पर ओवर स्टाफ रखा गया है जिस की वजह से खर्च बढ़ रहा है। जरूरत यह थी कि जब कोलेबोरेटर्स से ऐग्रीमेंट हुआ था उस में यह शर्त रखी जाती कि पूरे समय में उत्पादन को बढ़ायेंगे। लेकिन आप ने इमिजिएटली उत्पादन कर के और ओवर स्टाफिंग कर के यह स्थिति पैदा कर दी है। मैं जानना चाहता हूं कि जो ओवर स्टाफिंग है क्या आप उस की छंटनी करेंगे ?

**श्री प्र० चं० सेठी** : मेरी जानकारी के मुताबिक वहां ओवर स्टाफिंग नहीं है। रही बात यह कि जिस फैक्ट्री का फुल उत्पादन तीसरे साल में जा कर होना चाहिये था अगर वह पहले साल में ही उस को पूरा कर ले तो यह कोई गुनाह या नुक्सान की बात नहीं है। जहां तक इस फैक्टरी की कास्ट आफ प्रोडक्शन निकालने का ताल्लुक है उस की अकांउटिंग इस लिये नहीं हुई है कि कम्पेन्सेशन का सवाल अभी तय नहीं हुआ है। यह मामला कोर्ट में चला गया है, इस लिये उस के हिसाब का फाइनलाइ-जेशन नहीं हुआ है।

SHRI N. K. SOMANI: It has become patently clear that because of the irresponsible issuance of free licences by the Commerce Ministry for the import of 50,000 tons of zinc this year alone, the indigenous plant capacity is being forced to remain idle and there is absolutely no coordination between these two Ministries, which is entirely at the cost of foreign exchange and an infant public sector project. To my mind the only chance is that India should be able to develop the export of zinc in times to come. While the cost of imported zinc is Rs. 2,800 per tonne, our cost of production comes to Rs. 3,200 per tonne which is inclusive of excise duty and the high cost of power charged by the Rajasthan Electricity Board. In this context, may I know from the Government of India whether it will take steps to export zinc in the near future by cutting down the excise duty and also bringing down the rate of power which is being charged in Rajasthan ?

SHRI P. C. SETHI : Our requirement of zinc in 1967-68 is 80,000 tonnes; in 1968-69 it is 88,00 tonnes and in 1969-70 it will be 96,800 tonnes. Our total available production next year will be only 38,000 tonnes. Therefore, there is hardly any scope for trying to export. As far as the import of zinc is concerned, the price is Rs. 2,300 per tonne and a counterveiling duty of Rs. 500 is

put over it. Therefore, from that point of view also we will have to heavily subsidise if we try to export. So, there is no chance of export. Our requirements are also much higher than our production.

SHRI THIRUMALA RAO: Is it not a fact that while units like DCM are able to produce and sell their products to Congress Governments, a public sector project is not able to sell its stock to Congress Governments? What is the snag here? Why is it that the private sector is able to command a better market than our own institutions? Will the Minister explain why it is so?

SHRI P. C. SETHI: As far as the cost of superphosphate of Hindustan Zinc is concerned. we are able to produce it cheaper than private sector parties. It is true that we were depending on their supplies to give to Madhya Pradesh 25,000 tonnes and Rajasthan 10,000 tonnes. We are trying in the other States also but they could not materialise. Our selling price is comparatively much cheaper than the selling price of the private sector parties. But I would admit that the sales organisation of Hindustan Zinc has not yet picked up and there is scope for improving the sales organisation.

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### नायलोन तथा स्टेनलेस स्टील का आयात

*695. **श्री रामवतार शास्त्री** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नायलोन तथा स्टेनलैस स्टील की वस्तुओं के आयात पर या तो प्रतिबंध है या उनके आयात पर अत्यधिक आयात शुल्क तथा अन्य कर लगाये गये हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन वस्तुओं के निर्माण के लिये बहुत से भारतीय उद्योगपतियों ने नेपाल में कारखाने स्थापित किये हैं ; और यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है ;

(ग) क्या भारत-नेपाल सीमा पर निर्बाध व्यापार की सुविधा का लाभ उठा कर इन उद्योगपतियों ने ये वस्तुएं भारत को भेज कर सरकार के लिये कठिनाइयां पैदा कर दी हैं ; और

(घ) क्या इससे भारत में उद्योग पतियों में असंतोष पैदा हो गया है ; और यदि हां, तो इस मामले में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

**वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफ़ी कुरैशी) :**

(क) से (घ) : भारत में नायलोन के आयात पर 23.94 रु० प्रति कि०ग्रा० से लेकर 52.05 प्रति कि०ग्रा० के मध्य सीमा-शुल्क लिया जाता है। स्टेनलैस स्टील की चादरों पर सीमा-शुल्क 100 प्रतिशत है। इन दोनों मदों का आयात भारत के राज्य व्यापार निगम के माध्यम से किया जाता है।

2. उपलब्ध जानकारी के अनुसार नेपाल में स्टेनलैस स्टील के बर्तन बनाने वाले 5 कारखाने हैं। इन सभी कारखानों के मालिक नेपाली राष्ट्रिक हैं। संश्लिष्ट कपड़ा बनाने वाले कारखानों की संख्या 4 बताई जाती है। इनमें से दो भारतीय राष्ट्रिको के हैं।

3. सरकार को शिकायतें मिली हैं कि कुछ वस्तुओं का, जो नेपाली कच्चे माल पर आधारित नहीं होती, भारत में शुल्क रहित आयात इन वस्तुओं के स्वदेशी निर्माताओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। मामले पर ध्यान दिया जा रहा है।

### INQUIRY COMMISSION ON BIRLA GROUP OF INDUSTRIES

*698. SHRI UMANATH:
SHRI KAMESHWAR SHINGH:
SHRI A. SREEDHARAN:
SHRI P. GOPALAN:

SHRI P. RAMAMURTI :
SHRI K. ANIRUDHAN

Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 549 on the 23rd July, 1968 and state :

(a) whether Government have considered the question of appointment of a Commission of Inquiry on the Birla Group of Industries ;

(b) if so, the decision taken in the matter ;

(c) when the Commission is likely to start functioning ; and

(d) if reply to part (a) above be in the negative, when the decision is likely to be taken and the reasons for the delay ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED) : (a) The nature of the appropriate machinery to be set up is still under the consideration of Government.

(b) and (c). Do not arise.

(d) An early decision is now expected. The reason for the delay is that there are still some allegations concerning various Ministries on which Government have yet to take a final view.

PROSECUTION OF M/S. GUZDAR KAJORA COAL MINES LTD. AND M/S. CALCUTTA SAFE DEPOSIT CO. LTD.

*699. SHRI INDRAJIT GUPTA : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 4337 on the 19th March, 1968 and state :

(a) the action taken up to date by the Registrar of Companies against M/s. Guzdar Kajora Coal Mines Ltd. for offences under Sections 143, 150, 193, 285, 292, 297, 301, 303 and 307 of the Companies Act;

(b) The progress made with the prosecutions pending against M/s. Calcutta Safe Deposit Co. Ltd. for similar offences ;

(c) whether Government are aware that thousands of small and medium depositors will be ruined if the firm mentioned in part (b) above is asked to wind up; and

(d) how Government propose to protect the interests of these depositors?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED) : (a) As stated in reply to the Unstarred Question No. 4337 of 19th March, 1968, it was decided that under the circumstances no useful purpose would be served by launching prosecutions under different sections mentioned which appeared to have been contravened. It was considered that the better course would be to apply to the Court for winding up of the company. The liquidator can have a thorough probe and appropriate action as may be called for thereafter will be taken. Necessary steps for winding up are being taken and it is expected to move the Court shortly.

(b) This company did not contravene all the Sections mentioned in (a) excepting Section 285 relating to not holding the Board of Directors meeting periodically. For the reasons stated in (a) above, no prosecution was launched for this and other technical defaults but it was decided to apply to Court for winding up of this Company also. For defaults under Sections 210 and 220 in respect of filing the company's accounts for the years 1964-65 onwards, the company and its directors were convicted for default in 1964-65. The case relating to 1965-66 is pending and prosecution for 1966-67 accounts is being launched.

(c) It is seen from the published balance-sheets of the Calcutta Safe Deposit Co. Ltd. that it has not accepted any deposits from the members of the public.

(d) Does not arise.

EXPENDITURE ON ADVERTISEMENTS BY INDIAN RAILWAYS

*700. SHRI PREM CHAND VERMA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the budget allotment and the actual expenditure incurred on advertisements in newspapers during the year 1966-67 and 1967-68 and the amount provided for in the budget estimates for the year 1968-69;

(b) the names of newspapers which received advertisements from Indian Railways (all Railways) and the amount paid to each newspaper during the years 1966-67 and 1967-68 for publishing classified and display advertisements, separately; and

(c) the basis of selection of newspapers for releasing Railway advertisements?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) A statement of actual expenditure incurred on newspaper advertising during the years 1966-67 and 1967-68 is laid on the table of the Sabha. [*Placed in Library. See No. LT—1930/68.*] Since railway advertising is decentralised actual expenditure incurred by each railway/administration has been shown separately.

The information regarding the budget provision for these years as well as 1968-69 is being collected and will be placed on the table of the Sabha.

(b) These particulars are being collected and will be placed on the table of the Sabha.

(c) Railway advertisements are released to newspapers which are used by the Directorate of Advertising and Visual Publicity of the Ministry of Information and Broadcasting, taking into account the circulation and standing of the newspapers, the area in which they circulate, their readership, the subject of the advertisement and other relevant factors.

UNLOADING OF COAL AND WOOD AT AJMERE GATE AND TUGHLAKABAD SHEDS (N. RLY.)

*701. SHRI GADILINGANA GOWD: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Railway wagons carrying coal and wood are not unloaded at the Ajmere Gate and Tughlakabad sheds for several days;

(b) whether it is a fact that the Railway employees in connivance with the big traders evade the demurrage on the coal and wood wagons;

(c) whether any Officer has made surprise checks as to why the wagons are not unloaded on the fixed date; and

(d) if not, whether Government propose to depute any Officer to see that the wagons are cleared and the big traders are not given an undue weightage?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) No Sir, most of the wagons are unloaded within the prescribed free time.

(b) No such cases have come to notice.

(c) and (d). As stated in answer to part (a), most of the wagons are released within the prescribed free time.

Inspections are carried out by both officers and Inspectors.

CLOSURE OF INDUSTRIAL UNITS IN U.P.

*702. SHRI ONKAR LAL BERWA:
SHRI K. M. KOUSHIK:
SHRI S. P. RAMAMOORTHY:

Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of Industrial units which were closed down in U.P. due to recession;

(b) how many of those units have since started functioning;

(c) the break-up of units which are still lying closed;

(d) whether the units which have started functioning are producing to their full capacity or even according to the pre-recession capacity; and

(e) what steps have been taken to see that the closed units start functioning before long?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) to (e). The required information is being collected from the Government of U.P. and will be laid on the Table of the House.

**राज्य व्यापार निगम**

*703. **श्री शारदा नन्द :**
**श्री श्रीगोपाल साबू :**
**श्री टी० पी० शाह :**

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राज्य व्यापार निगम के कार्य संचालन के बारे में कभी जांच कराई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) राज्य व्यापार निगम ठीक तरह से कार्य करती रहे, इसके लिये पिछले एक वर्ष में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ;

(घ) गत छः महीनों में राज्य व्यापार निगम से कितने अधिकारियों का तबादला किया गया है और उन अधिकारियों के नाम क्या हैं ; और

(ङ) उनके तबादले के क्या कारण हैं?

**वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह)**: (क) से (ग) . अप्रैल, 1968 में सरकार ने राज्य व्यापार निगम की व्यापारिक तकनीकों तथा पद्धतियों और इसके वर्तमान संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा करने के लिए एक समिति गठित की है जिससे उसकी कार्य-दक्षता को और भी सुदृढ़ बनाने और सुधारने के लिए अपेक्षित उपाय किये जा सकें। समिति के प्रतिवेदन की प्रतीक्षा की जा रही है।

(घ) और (ङ.) : निम्नलिखित चार अधिकारियों को, उनके कार्यकाल की समाप्ति पर, उनके मूल विभागों में वापिस भेज दिया गया :—

1. श्री पी० के० सेशन, प्रभागीय प्रबन्धक
2. श्री एन० एल० सहदेव, प्रभागीय प्रबन्धक
3. श्री डी० एन० नंदी, उप-क्षेत्रीय प्रबन्धक
4. श्री एस० एस० गुलाटी, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक

श्री बी० पी० पटेल तथा श्री जी० एस० स्याल ने अपना कार्यकाल पूरा हो जाने पर क्रमशः अध्यक्ष तथा निदेशक के अपने पदों का कार्यभार छोड़ दिया।

CENTRAL ORGANISATION FOR FOREIGN PROCESSES AND KNOW-HOW

*705. SHRI CHENGALARAYA NAIDU:
SHRI D. N. PATODIA:

Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government propose to create a Central Organization to look after the purchases of foreign processes and know-how;

(b) if so, the purpose of the said organization;

(c) whether the organisation will help the Foreign Investment Board, recently set up by Government, to regulate the foreign collaboration; and

(d) whether the various Ministries are opposed to the organization because this will curtail their powers?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) to (c). The Government are considering the feasibility of procuring know-how and technology on a centralised basis in respect of certain manufacturing sectors and processes. The object of such centralised

procurement, wherever this is found practicable, is to avoid repetitive purchase of such know-how through different parties, involving heavy foreign exchange liabilities, and to encourage indigenous research and technological development. The question of utilisation of various existing agencies for this purpose is under consideration. It may not be practicable for any one organisation to procure, assimilate and transmit to others technological know-how in various specialised fields of industry.

(d) Does not arise.

AGREEMENT WITH EUROPEAN COMMON MARKET COUNTRIES

*706. SHRI S. C. SAMANTA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) the arrangements arrived at with the European Common Market countries for giving facilities to India on items other than on handloom, cotton and silk fabrics;

(b) the nature of facilities being given by them;

(c) the value of Indian goods likely to be exported to the European Common Market and the advantages expected to be accrued to India therefrom; and

(d) the further prospects of any increase in such exports?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI DINESH SINGH): (a) to (d). A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See No. LT*—1931/68.]

**दिल्ली में स्थापित नये उद्योग**

*707. **श्री कंवर लाल गुप्त:** क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में गत दो वर्षों में कितने नये उद्योग स्थापित किये गये हैं तथा सरकार ने उन्हें किस प्रकार की सहायता दी है;

(ख) क्या यह सच है कि अनेक उद्योग दिल्ली से बाहर जा रहे हैं क्योंकि यहां पर सरकार की ओर से उद्योगों को कोई सुविधायें उपलब्ध नहीं है;

(ग) क्या इस सम्बन्ध में सरकार को दिल्ली उद्योगपतियों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं और उस पर क्या कार्यवाही की गई है?

**औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद):** (क) गत दो वर्षों में दिल्ली में 3 बड़े और 182 छोटे कारखाने स्थापित किए गये हैं। सरकार आयातित कच्चे माल, पुर्जा, फालतू पुर्जा व दुर्लभ माल प्राप्त करने में सहायता देती है। छोटे कारखानों को दी जाने वाली सहायता के अधीन किराया-खरीद योजना के अन्तर्गत मशीनों की खरीद दिल्ली वित्त निगम से ऋण, कुटीर एवं लघु उद्योगों निगम से राज्य सहायता अधिनियम के अन्तर्गत ऋण तथा उद्योगों को दूसरे स्थानों पर लेके जाने के कार्यक्रम के अन्तर्गत जमीन खरीदने। कारखाने बनाने के लिए ऋण की सुविधाएं भी सम्मिलित हैं।

(ख) 1966 से पूर्व स्थापित बड़े क्षेत्र के केवल तीन कारखानों ने अपना स्थान दिल्ली से फरीदाबाद बदलने के लिए सरकार से अनुमति मांगी क्योंकि उन्हें और बड़े स्थान की आवश्यकता थी। अपना स्थान बदलने के लिए उन सबको अनुमति दे दी गयी है। किसी छोटे कारखाने द्वारा स्थान बदलेजाने के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) और (घ). जमीन प्राप्त करने में कठिनाइयों तथा जमीन व कच्चे माल की ऊंची कीमतों के बारे में दिल्ली

राज्य के अधिकारियों को उद्योगपतियों से समय-समय पर अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। जहां भी संभव हुआ है, दिल्ली राज्य अधिकारियों द्वारा सहायता दी गई है।

MANUFACTURE OF TENNIS BALLS

*708. SHRI S. S. KOTHARI: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the existing installed capacity for the manufacture of tennis balls is sufficient to meet the demand for such balls in the country and that the existing producers have represented to Government that the total installed capacity could not be used owing to the shortfall in the imports of felt required for such manufacture; and

(b) what arrangements Government are making to ensure that adequate supply of imported felt is made available to the existing manufacturers of tennis balls to enable them to achieve full production?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) Existing installed capacity for the manufacture of tennis balls is not considered adequate to meet the envisaged demand. M/s. Indian Rubber Manufacturers Ltd. have represented regarding shortage of imported melton cloth (felt) for the manufacture of tennis balls.

(b) Import of raw materials, including felt, is being permitted keeping in view the availability of foreign exchange.

HOURS OF EMPLOYMENT REGULATIONS FOR RUNNING STAFF

709. SHRI BRIJ RAJ SINGH KOTAH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state whether it is a fact that the present Hours of Employment Regulations for the Railway Running staff are not conducive to efficient running of trains?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): The provisions of the Hours of Employment Regulations are based on a detailed consideration of all aspects like proper operation of train services, requirements of staff etc. and it would not be correct to say that the present rules are not conducive to efficient running of trains.

TRADE AGREEMENT WITH AUSTRALIA

*710. SHRI S. K. TAPURIAH: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether any trade agreement has been reached or is under negotiation with Australia following the Prime Minister's visit to that country; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI DINESH SINGH): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

MEDICAL FACILITIES TO RAILWAY EMPLOYEES

*711. SHRI MANIBHAI J. PATEL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there are no arrangements for medical treatment of those Railway employees and their families who reside far away from the Railway Hospitals and Health Units;

(b) whether any other assistance is given to such employees who cannot avail of the medical facilities from the Railway hospitals and medical units; and

(c) whether the Railway employees who are residing 1½ miles away from the Hospitals and Health Units in Delhi have opted for the CGHS dispensaries located near their residences and, if so, the number thereof and the reasons for not accepting their requests?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) Railway employees residing in a place

remote from a Railway hospital/ Health Unit or a Railway Doctor may make their own arrangements for any medical attendance they may require.

(b) Such employees are entitled to reimbursement of expenditure for medical attention at non-Railway medical institutions, to the extent permissible under rules.

(c) Railway employees numbering 1731 desired to avail of the CGHS Scheme facilities at Delhi/New Delhi. The possibility of coming to an arrangement with CGHS authorities for this purpose was explored, but they did not agree to accommodate the Railway staff under their scheme, on a contributory basis.

EXPORT PROMOTION SCHEMES

*712. DR. RANEN SEN: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government have reviewed the working of the various Export Promotion Incentive Schemes and their effect on India's export performance;

(b) whether Government intend to continue these Schemes; and

(c) the annual expenditure incurred by Government on these Schemes?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI DINESH SINGH): (a) and (b): Yes, Sir.

(c) The expenditure incurred by Government on cash assistance schemes during the year 1967-68 is Rs. 16.47 crores.

SUPPLY OF RAILS AND RAIL WAGONS TO U.S.S.R.

*713. SHRI BABURAO PATEL: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Soviet Prime Minister, when he visited India, merely gave promise to buy "any number of rails and railway wagons" from us, but did not place any definite order either for rails or for wagons;

(b) the precise steps taken by Government after the Soviet Premier Kosygin's promise to get the Soviet Government's actual order and with what result and for what value; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI DINESH SINGH): (a) to (c). When the Soviet Prime Minister visited India in January, 1968, he expressed interest in buying railway wagons from India on a long-term basis. In pursuance of this, M/s. Machinoimport, Moscow have signed a Protocol with the State Trading Corporation of India Ltd., for supply of 54,000 Railway Wagons upto 1975.

The Soviet Union is also interested in buying steel rails and other steel products and it has signed an agreement with Hindustan Steel Ltd., for supply of 600,000 tonnes steel sections during 1968-70.

**रुपये में भुगतान वाले देशों से टायरों का आयात**

*714 **श्री राम चरण**: क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि टायरों का आयात करते समय, "रुपये में भुगतान" क्षेत्र से भारी तादाद में टायरों का आयात करने के प्रश्न पर पूरी तरह विचार नहीं किया गया था; और

(ख) क्या यह भी सच है कि ये आयातित टायर भारत में बने टायर की अपेक्षा बहुत घटिया थे, और क्या इन टायरों का मूल्य भी भारत में टायरों से अधिक था?

**वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी)**: (क) जी, नहीं। रुपया-भुगतान क्षेत्रों से टायर आयात करने से पूर्व सरकार ने मांग तथा पूर्ति की स्थिति का ध्यान-पूर्वक मूल्यांकन कर लिया था। उस समय देश में विद्यमान कमियों को पूरा करने के लिये आयात करना आवश्यक समझा गया था।

(ख) आयातित टायरों की विशिष्टियां देश में बने टायरों की अपेक्षा मामूली घटिया थीं। आयातित टायरों के भारत में पहुंचते समय के मूल्य भारतीय टायरों के सूची-दर्ज मूल्यों से कम थे। परन्तु स्वदेशी उद्योग के हितों को सुरक्षित करने तथा वास्तविक प्रयोक्ताओं द्वारा आयातित टायरों का पुनः विक्रय रोकने के उद्देश्य से आयातित टायरों के बिक्री मूल्य देश में बने टायरों के मूल्यों के स्तर पर निर्धारित कर दिये गये थे।

MESSRS. BHARAT BARREL AND DRUM MANUFACTURING CO. (P) LTD., BOMBAY

*715. SHRI S. M. BANERJEE: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1652 on the 30th July, 1968 and state:

(a) the reasons for not accepting the findings of the technical officers in respect of the assessed capacity of the bitumen drum plant of M/s. Bharat Barrel and Drum Manufacturing Co. (P) Ltd., Bombay;

(b) the date on which the said company was informed that assessed capacity of its bitumen drum plant has not been considered for acceptance;

(c) the reasons for not distributing bitumen drum sheets also *pro rata* to licensed capacities of bitumen drum fabricators in the interest of industry; and

(d) whether Government propose to inform the Joint Plant Committee to take into consideration the licensed capacity of bitumen drum plant of the said firm?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) As already explained in reply to parts (c) and (d) of the Lok Sabha Unstarred Question No. 1652 on the 30th July, 1968, the findings of the technical officers in respect of the capacities of the bitumen drum plant of the firm were not considered for acceptance as certain matters needed further examination, arising out of the report of the technical officers on the assessment of oil barrel capacity undertaken during 1965. This examination has not been completed yet.

(b) The firm was informed in letter dated 26-5-66 that no revision of capacity was possible for bitumen drums.

(c) Bitumen drum sheets are issued to Oil Refineries/Oil Companies, as the demand of these sheets starts with the envisaged production of bitumen by the Refineries. Sheets are made available according to requirements for packing bitumen produced by the Refineries.

(d) The Joint Plant Committee have been informed of the licensed capacity of M/s. Bharat Barrel & Drum Manufacturing Co. (P) Ltd., for bitumen drums and also the production of bitumen drums reported by the firm during 1966.

FOREIGN INVESTMENT

*716. SHRI JYOTIRMOY BASU: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state what adjustments were made immediately after devaluation in the book value of assets and corresponding entries relating to loans and other outstanding debts in the books of Companies in which there were foreign investments?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): The Government of India has, *vide* its Notification No. GSR 129 dated the 3rd January 1968, a copy of which was laid on the Table of the House on 27-2-1968, amended the provisions of Schedule VI of the Companies Act, 1956 with a view to enabling the companies to make adjustment in the value of the fixed assets purchased by them from a country outside India consequent to a

change in the rate of exchange at any time after the acquisition of the assets if any liability in respect of the acquisition of such assets remained unpaid on the date of the devaluation and in respect of which increased payment had to be made. It is not possible to state what adjustments have already been made or may be made since the issue of the Notification by thousands of companies which may be concerned as there is no requirement that they should specifically mention in their balance-sheets the additions made to the original cost as a result of devaluation.

**ट्रैक्टरों और शक्ति-चालित हलों का निर्माण**

*717. **श्री महाराज सिंह भारती** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1967-68 में वास्तव में केवल 11,400 ट्रैक्टर ही बने थे जबकि उनकी उत्पादन क्षमता 30,000 ट्रैक्टर है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) इस वर्ष स्थिति कैसी है और इस वर्ष कितने ट्रैक्टर बनाये जाने की सम्भावना हैं ;

(घ) क्या यह भी सच है कि 1967-68 में 26,000 शक्ति चालित हल प्रति वर्ष बनाने के लिए लाइसेंस दिये गयें थे जबकि केवल 585 ऐसे हल वास्तव में बने थे ; और

(ङ.) यदि हां, तो कृषकों को शक्ति चालित हल उपलब्ध कराने के लिए क्या योजना बनाई गई है ?

**औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद)** : (क) इस समय देश में पांच एकक ट्रैक्टरों का निर्माण कर रहे हैं जिनकी कुल लाइसेंस प्राप्त/ स्वीकृत क्षमता 30,000 ट्रैक्टर प्रति वर्ष है। फिर भी उनकी वर्तमान स्थापित क्षमता लगभग 16,000 प्रति वर्ष तक सीमित है। इसमें से इन कारखानों ने 1967-68 में 11,394 ट्रैक्टर तैयार किए।

(ख) अपनी पूरी स्थापित क्षमता तक पहुंचने के लिये ट्रैक्टर बनाने के विद्यमान कारखानों को अभी और मशीनें लगानी हैं। अपेक्षित मशीनों का आयात करने के लिये उन्हें आवश्यक विदेशी मुद्रा संबंधी सहायता दे दी गई हैं और अब वे अपनी निर्माण क्षमता बढ़ाने में लगे हुए हैं। अतिरिक्त मशीनें लग जाने से उनसे आशा की जाती है कि वे आगामी दो या तीन वर्षों के अन्दर अपनी सम्पूर्ण लाइसेंस प्राप्त क्षमता तक उत्पादन करने लगेंगे।

(ग) देश में 1968-69 के दौरान लगभग 19,000 से लेकर 20,000 ट्रैक्टरों तक उत्पादन होने लगने की आशा है।

(घ) मार्च, 1968 के अंत तक शक्ति चालित हलों का निर्माण करने के लिए तीन फर्मों को लाइसेंस दिए गए थे जिनकी कुल लाइसेंस क्षमता 14,000 प्रति वर्ष है। लाइसेंस प्राप्त इन तीन एककों में से अभी तक केवल एक में उत्पादन शुरू हुआ है। 1967-68 में इस एकक की उत्पादन संख्या 479 थी।

(ङ.) शक्ति चालित हल उद्योग के शीघ्र विकास को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से इस उद्योग को उद्योग (विकास तथा नियमन) अधिनियम, 1951 के लाइसेंस देने वाले उपबन्धों से 7 फरवरी, 1968 से मुक्त कर दिया गया है। लाइसेंस हटा दिए जाने के बाद कुछ योजनाएं मिली हैं जो विचाराधीन हैं। पहले लाइसेंस प्राप्त स्वीकृत एककों से यह कहा जा रहा है कि वे जितनी जल्दी से जल्दि हो सके अपनी अपनी योजनाओं को कार्यान्वित करें।

SUPPLY OF NATURAL RUBBER

*718. SHRI CHANDRA SHEKHAR SINGH: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether the manufacturers of rubber goods have complained about the difficulty in securing supplies of natural rubber at controlled price;

(b) whether natural rubber is in short supply;

(c) if so, the reasons therefor; and

(d) the steps taken to ensure adequate supply of natural rubber to the manufacturers?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) Yes, Sir.

(b) to (d). Owing to unusually heavy and continuous rains in Kerala during the current monsoon Season and consequent interruption in tapping operations, there has recently been some set-back in the indigenous production of natural rubber, which, even under normal conditions, is not adequate to cover the full requirements of the rubber goods manufacturing industry. The matter is receiving attention.

IMPACT OF CLOSURE OF SUEZ CANAL ON INDIA'S TRADE

*719. SHRI BAL RAJ MADHOK: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) the value of India's exports to and imports from the U.S.A., U.S.S.R., U.K., Japan, U.A.R. and Israel during the first half of the year 1968, country-wise;

(b) the proportion of this trade handled by the State Trading Corporation;

(c) the additional cost on imports during the same period because of closure of Suez Canal;

(d) the steps taken to diversify India's foreign trade and to cut down imports from the countries situated on the West of the Suez Canal; and

(e) whether any steps have been taken to utilise the port of Eilat for transhipment of goods through Israel as an alternative to the Suez Canal?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI DINESH SINGH): (a) to (e). A Statement is laid on the Table of the House.

(b) if so, the names of the industrial firms in our country who have been given the responsibility to manufacture these wagons; and

(c) the value of orders placed with each of these firms?

**THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI):** (a) Yes, Sir.

(b) and (c). Details are given below:—

| Name of the Firm | No. of Wagons | Value | Order placed by |
|---|---|---|---|
| M/s. Braithwaite & Co. (India) Ltd., Calcutta; and M/s. K. T. Steel Industries (P) Ltd., Bombay | 1050 | Rs. 7·67 crores | South Korea and Hungary |
| M/s. Textile Machinery Corporation Ltd., Calcutta | 500 | Rs. 2·55 crores | Hungary |
| M/s. Jessep & Co., Ltd., Calcutta | 247 | Rs. 1·65 crores | Kenya |

**हनुमानगढ़ जंक्शन और हनुमानगढ़ नगर के बीच रेलवे पुल**

6077. **श्री प० ल० बारूपाल** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) घग्गर नदी की बाढ़ से रेलवे लाइन को बचाने के लिये हनुमानगढ़ जंक्शन तथा हनुमानगढ़ नगर के बीच नीचे का पुल बनाने पर कितनी राशि व्यय की गयी थी ;

(ख) घग्गर नदी में बाढ़ के कारण हनुमान गढ़ और सूरतगढ़ के बीच लाइन टूटनें से और पिछले वर्ष बाढ़ के परिणामस्वरूप रेलवे यातायात के अस्त-व्यस्त हो जाने से रेलवे को कितनी हानि हुई थी ; और

(ग) सूरतगढ़ और अनूपगढ़ के बीच रेलवे लाइनों पर मिट्टी के कार्य पर तथा अतिरिक्त मजदूरों पर कुल कितना खर्च किया गया था जिनको बाढ़ के कारण क्षति हुई थी और जिसके फलस्वरूप रेलवे यातायत अस्त-व्यस्त हो गया था।

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)**:

(क) 11.77 लाख रुपये।

(ख) लाइन टूट जाने से 58.4 हजार रुपये की क्षति हुई। रेल यातायात अस्त-व्यस्त होने से कितनी हानि हुई, इसका अनुमान नहीं लगाया गया है।

(ग) लगभग 19 हजार रुपये।

**बीकानेर डिवीजन में स्टेशनों पर बिजली लगाना**

6078. **श्री प० ला० बारूपाल** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि बीकानेर डिवीजन के कितने स्टेशनों पर बिजली नहीं लगाई गई है तथा किन किन स्टेशनों पर 31 दिसम्बर, 1968 से पहले बिजली मुहैया किये जाने की संभावना है ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)**:
116। पाटली और सलेमगढ़ मसानी।

**उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के डिप्टी फोरमेन**

6079. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के एक डिप्टी फोरमैन के कदाचार के बारे में रेलवे मंत्रालय में उप मंत्री को कोई पत्र प्राप्त हुआ है ;

(ख) क्या उन्हें पता है कि अवैध परितुष्टि के रूप में एक बड़ी रकम ले लेने के पश्चात् उत्तर रेलवे के मैकेनिकल विभाग के अधिकारियों ने उसे आश्वासन दिया है कि उनके विरुद्ध कोई जांच नहीं की जायेगी ;

(ग) क्या यह सच है कि उक्त डिप्टी फोरमैन का अनियमिततायें करने के लिये तबादला कर दिया गया था ; और

(घ) उक्त तबादले को स्थगित करने के क्या कारण हैं ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)**:
(क) रेल उप मंत्री को दो पत्र मिले थे, एक 8–6–68 का और दूसरा 2–8–68 का, लेकिन इन दोनों पत्रों में भ्रष्टाचार सम्बन्धी कोई विशिष्ट आरोप नहीं लगाये गये थे।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रारम्भ में 3–8–68 को उक्त डिप्टी फोरमैन का स्थानान्तरण लखनऊ से किया गया था जहां वह जूनियर लोको निरीक्षक के पद पर काम कर रहा था। स्थानान्तरण प्रशासनिक कारणों से और इसलिए किया गया था क्योंकि उसके कर्मचारियों ने उसके विरुद्ध कुछ शिकायतें की थी जिनमें रूखे और अशिष्ट व्यवहार के आरोप लगाये गये थे और साथ ही उसके द्वारा कुछ अनियमित काम किये जाने की भी शिकायत थी। काम की आवश्यकताओं को देखते हुए

21-9-67 को उसे स्थानीय व्यवस्था के रूप में डिप्टी फोरमैन के पद पर लखनऊ वापस स्थानान्तरित कर दिया गया।

चूंकि उसकी जगह पर नियमित रूप से काम करने के लिए एक उपयुक्त वरिष्ठ व्यक्ति चुना जा चुका है, इसलिए 12-7-68 को उसकी जगह चुने हुए व्यक्ति को रखने का आदेश जारी कर दिया गया है।

(घ) सम्भवत: माननीय सदस्य का आशय हाल के उस आदेश से है जिसके अनुसार 12-7-68 से लखनऊ के डिप्टी फोरमैन की जगह एक उपयुक्त वरिष्ठ व्यक्ति को रखा गया है। चूंकी वह व्यक्ति, जो डिप्टी फोरमैन की जगह काम करने के लिए चुना गया है, छुट्टी पर चला गया है, इसलिए उसके छुट्टी से लौटते ही उक्त आदेश पर अमल किया जायेगा।

TELEPHONE OPERATORS IN D.S'S. OFFICE, NORTHERN RAILWAY

6080. SHRI YASHPAL SINGH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether some Telephone Operators are engaged against TLAs in the D.S. Office, N. R. Exchange and if so, what is the strength and the date of their posting;

(b) whether it falls within the power of the executive officer to appoint the daily rated ministerial staff;

(c) whether it is also a fact that in spite of economy these appointments were not made with the approval of the Audit and Account authorities; and

(d) whether such appointments in excess of the sanctioned strength have not adversely affected the economy?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) to (d). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

FIRE IN TELEPHONE EXCHANGE OF D.S'S OFFICE, NEW DELHI

6081. SHRI YASHPAL SINGH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether in his reply to Unstarred Question No. 9988 given on the 7th May, 1968 regarding the fire in Telephone Exchange of the Divisional Superintendent's Office, New Delhi he stated that the Railway suffered no loss because it was the concern of the P & T Department;

(b) whether in the reply to Unstarred Question No. 841 given by the Minister of Communications on the 25th July, 1968, he had held the Railway Operator responsible for the loss;

(c) if so, which Ministry has suffered the loss; and

(d) what action has been taken against the Operator who caused the breaking out of fire by placing an electric heater on the PABX Board?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) Yes.

(b) No, the responsibility was not fixed squarely.

(c) Ministry of Communications.

(d) According to the investigation made by a Senior Scale Railway Officer, it was found that the fire was caused by the over-heating of the Board due to short-circuiting of worn-out wires as the Board was very old. Accordingly, no action has been taken against the operator.

**जमशेदपुर में छोटे तथा बड़े पैमाने के उद्योग**

6082. **श्री लखन लाल कपूर**: क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बिहार में जमशेदपुर तथा आदित्यपुर में लघु तथा बड़े उद्योगों के लिए दिये गये ऋण अब तक इन उद्योगों में नहीं लगाये गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकारी धन का दुरुपयोग करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही करने का सरकार का विचार है ?

**औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद)**: (क) और (ख) : जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

**वस्तुओं के आयात के लिए लाइसेंस**

6083. **श्री एस० एम० जोशी** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ऐसी वस्तुओं के आयात के लिये भी जिन का देश में उत्पादन होता है परन्तु जिन्हें सरकार विदेशों में उत्पादित वस्तुओं की तुलना में घटिया समझती है, लाइसेंस देती है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में ऐसी किन किन वस्तुओं के आयात के लिये सरकार द्वारा लाइसेंस जारी किये गये हैं ;

(ग) गत तीन वर्षों में कुल कितनी मात्रा में उक्त वस्तुओं का आयात किया गया है तथा उनका वस्तुवार मूल्य क्या है ;

(घ) क्या सरकार का विचार यह नहीं है कि इस के परिणामस्वरूप भारत के निर्यात पर कुप्रभाव पड़ता है ; और

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस नीति को बदलने का है ?

**वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मोहम्मद शाफ़ी कुरेशी)** : (क) से (ग): सरकार की सामान्य नीति यह है कि उन मदों के आयात की अनुमति नहीं दी जाती, जिनका देश में उत्पादन होता है अथवा जिनके लिये उत्पादन क्षमता बेकार पड़ी हुई है। परन्तु विशेष प्रयोजनीय मशीनें तथा अत्यन्त विशिष्ट मदें इसके अपवाद हैं, जहां मांगकर्त्ता की विशिष्ट आवश्यकताएं वैकाल्पिक विशिष्टयों द्वारा भी पूरी नहीं हो सकतीं तथा उन मदों के विषय में भी अपवाद है। जहां भारतीय पूर्तिकर्त्ता निहित आर्थिक प्रयोजन को पूरा करने के लिये समय पर वस्तुओं की पूर्ति नहीं कर सकता। ऐसी मदों को विशिष्टतया बताना सम्भव नहीं है।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) फिर भी, आयात नीति की सतत समीक्षा की जाती रहती है तथा स्वदेशी उत्पादन को ध्यान में रखते हुए यथावश्यक उचित परिवर्तन किये जाते हैं।

DAILY WORKING HOURS AT BANDA LOCO SHED (C. RLY.)

6084. SHRI SURAJ BHAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the daily working hours of Banda Loco Shed, Central Railway are 12 hours without any break ;

(b) whether it is also a fact that the daily working hours in all other sheds/ shops all over the country are 8 hours :

(c) if so, the reason for this discrimination against the staff of Banda Loco Shed : and

(d) whether Government propose to consider the desirability of paying overtime allowance to the staff of Banda for the extra hours of work performed by them ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : (a) Under the Hours of Employment Regulations the staff of the loco shed at Banda on the Central Railway have, on the basis of the workload on them, been classified as 'Essentially Intermittent' and they have been rostered to perform duty for 12 hours a day which include certain periods of inaction, as prescribed in the Rules.

(b) No.

(c) Does not arise.

(d) They are entitled to overtime payment at 1½ times the ordinary rate of pay when they work beyond 75 hours a week, as "Essentially Intermittent" staff.

ENGINEERING EXPORT PROMOTION COUNCIL

6085. SHRI G. S. REDDI : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the representation made by the Chairman, Engineering Export Promotion Council of Calcutta about the lack of facilities for the increased export of their heavy engineering goods ;

(b) if so, the types of goods that are exportable and the quantity thereof ;

(c) the amount of foreign exchange likely to be earned by their exports ;

(d) whether Government propose to provide the facilities as early as possible ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI) : (a) Problems faced by the exporters of engineering goods have been brought to the notice of Government by the Engineering Export Promotion Council from time to time.

(b) and (c). Heavy engineering is not a well defined classification. The exportable items in this category may include transmission line towers, cranes & hoists, structural fabrication, industrial plants & machinery, machine tools railway wagons & coaches, etc. The expected export earnings from these items during 1968-69 are estimated at Rs. 13 crores. Quantitywise forecast is not possible.

(d) and (e). The facilities requested for by the exporters from time to time are constantly under review and such assistance as is considered reasonable and adequate is given.

RAILWAY DEVELOPMENT IN N.E.F.A.

6086. SHRI ABDUL GHANI DAR : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether any detailed survey has been undertaken in the NEFA area for the purpose of Development of railways in that area ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) if no survey has been undertaken, the reasons therefor and by what time it would be done ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : (a) No.

(b) Does not arise.

(c) Due to the present difficult financial position no new line is likely to be taken up for construction in the NEFA area for development purposes in the 4th Plan. Any survey carried out now for a new line in this area would become out of date if at all its construction is to be considered only at a distant future date. Hence no survey is proposed to be undertaken at present.

**जमालपुर रेलवे वर्कशाप**

6087. **श्री लखन लाल कपूर :**
**श्री क० लकप्पा :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नियमों के उपबन्धों के विरुद्ध जमालपुर रेलवे वर्कशाप ऊष्मा-उपचार (हीट ट्रीटमेंट) वर्कशाप में अधिकारी अकुशल कर्मचारियों से कुशल कर्मचारियों का काम ले रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है।

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा):**

(क) जी नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

**रेलवे वर्कशाप, जमालपुर**

6088. **श्री क० लकप्पा :**
**श्री लखन लाल कपूर :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे वर्कशाप जमालपुर (बिहार) के ढलाई विभाग में श्रमिकों के लिये कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है और वहां काम के स्थान के चारों ओर कपड़ों के ढेर पड़े हैं, और वहां से संकट के समय अपनी जान बचाने के लिये भागना कठिन है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त वर्कशाप के श्रमिकों को इस समय चप्पल, दस्ताने, धूप के चश्मे नहीं दिये जाते हैं, जिस कारण उनकी जाने हमेशा खतरे में रहती हैं और कुछ श्रमिकों को गंभीर चोटें भी लगी हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि निर्मित वस्तुओं को ऊपर से ले जाने के लिये लगी हुई क्रेन पिछले सोलह महीने से बेकार पड़ी हैं और श्रमिकों को माल अपने सिर पर उठाकर ले जाना पड़ता है ; और

(घ) क्या है भी सच है कि उन श्रमिकों के लिये बनाये गये स्नान गृह और सौचालय गंदे और अस्वच्छ हैं ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा):** (क) सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था है। प्रशन के अंतिम भाग का उत्तर नकारात्मक है।

(ख) उन्हें चप्पल, दस्ताने और रंगीन धूप-चश्मे दिये जाते हैं। इस सम्बन्ध में कमी को पूरा करने के लिए अभी हाल में कारंवाई की गयी है।

(ग) और (घ): जी नहीं।

**उत्तर-पूर्व रेलवे के ए० पी० ओ० की पदोन्नति**

6089. **श्री चंद्रिका प्रसाद** : क्या **रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तालिका में एक अवर ए० पी० ओ० को० उसका रिकार्ड खराब होने के बावजूद उत्तर पूर्व रेलवे के एक प्रथम श्रेणी के पद पर पदोन्नत कर दिया गया था ; और

(ख) यदि हां, तो प्रथम श्रेणी के पद पर पदोन्नत करने के लिये वरिष्ठ ए० पी ०ओ० के सम्बन्ध में जिनका रिकार्ड भी अच्छा था विचार न करने के क्या कारण हैं ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा):** (क) जी नहीं, जिनकी सेवा के रिकार्ड अच्छे होते हैं वे ही प्रथम श्रेणी के लिए चुने जाते हैं।

(ख) द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों की प्रथम श्रेणी में पदोन्नति संघ लोक सेवा आयोग की विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा ठोस चुनाव के फलस्वरूप की जाती है। द्वितीय श्रेणी के सभी पात्र अधिकारियों पर उनकी वरिष्ठता के क्रम में विचार किया जाता है और उनमें से सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्तियों को चुनाव जाता है।

**जमालपुर रेलवे वर्कशाप**

6090. **श्री रामचरण :**
**श्री लखन लाल कपूर :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जमालपुर (बिहार) रेलवे वर्कशाप में कर्मचारियों की संख्या 22,000 से घटाकर 12,000 कर दी गई है और उनकी भर्ती और पदोन्नति बिल्कुल बन्द कर दी गई है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि ऐसा स्टीम-इंजनों की मरम्मत के कारण हुआ है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि 50 और 70 टन की क्रेनों के निर्माण का

कार्य जमालपुर रेलवे वर्कशाप से वापिस लेकर एक गैर-सरकारी कम्पनी को सौंप दिया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या डीज़ल इंजनों और अन्य आधुनिक उपकरणों के निर्माण का कार्य आरम्भ करने के उद्देश्य से सरकार का विचार जमालपुर वर्कशाप में आधुनिकतम मशीनें लगाने का है ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा):** (क) और (ख) : मुख्य रूप से कार्य-भार कम हो जाने के कारण कर्मचारियों की संख्या 1952 में 10,009 से थोड़ी घटकर 1967 में 9,240 रही।

(ग) जी नहीं।

(घ) सवाल नहीं उठता।

USE OF DIESEL LOCOMOTIVE FOR HAULING BOMBAY-DELHI AIR CONDITIONED EXPRESS

6091. SHRI NARENDRA SINGH MAHIDA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the date from which diesel locomotive will begin hauling the Bombay Delhi Air-conditioned Express of the Western Railway; and

(b) the reasons for the delay?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) and (b). Due to an overall shortage of diesel locomotives, which are urgently required for movement of essential goods traffic, there is no proposal to place these trains under diesel traction at present.

BRIDGES OVER RAILWAYS LINES PASSING THROUGH GUJARAT

6092. SHRI NARENDRA SINGH MAHIDA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the total number of bridges over the railway lines passing through Gujarat ;

(b) the number of bridges which were constructed during the last two years ; and

(c) the number of bridges which were more than 20 years old and the steps taken to carry out the periodical repairs thereto ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : (a) Seven thousand two hundred.

(b) Fifteen.

(c) Six thousand four hundred and seventy four. Periodical repairs are carried out every year according to schedule.

FINANCIAL ASSISTANCE FOR CLOSED TEXTILE MILLS SOUGHT FOR BY GUJARAT GOVERNMENT

6093. SHRI NARENDRA SINGH MAHIDA : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Government of Gujarat have sought financial assistance from Government to take over the closed textile mills.

(b) if so, decision taken in the matter ;

(c) the total amount of financial assistance sanctioned ; and

(d) if not, when a decision is likely to be taken ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) No, Sir.

(b) to (d). Do not arise.

STEAM LOCO SHED AT DONGARGARH, S. E. RAILWAY

6094. SHRI INDRAJIT GUPTA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it has been decided to abolish the steam loco shed at Dongargarh, South Eastern Railway ;

(b) if so, the reasons therefor ;

(c) the number of loco shed staff who would be declared surplus as a result thereof and forced to accept transfer involving great hardships ;

(d) whether the Railwaymen have represented that goods and coaching trains between Bhilai and Nagpur be continued on steam traction pending electrification of the Nagpur Division and

(e) if so, Government's reaction thereto ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : (a) No.

(b) and (c). Do not arise.

(d) No.

(e) Does not arise.

**सरगूजा जिले में चिलमिरी कालेज तथा स्कूल तथा कुरमासिया के बीच उपरि-पुल**

6095. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के सरगूजा जिले में चिरमिरी कालेज तथा स्कूल तथा कुरमासिया के बीच कोई उपरि पुल नहीं है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उपरि-पुल न होने के कारण वहां पहले बहुत सी दुर्घटनायें हुई हैं ;

(ग) क्या ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सरकार का विचार एक उपरि-पुल बनाने का है ; और

(घ) यदि हां, तो निर्माण कार्य कब आरम्भ किया जायेगा तथा उसके कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

**रेलवे मंत्री (श्री० चे०मु० पुनाचा)** : (क) से (घ) . सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

**रेलवे बोर्ड और कोयला खानों के मालिकों के बीच समझौता**

6096. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे बोर्ड और कोयला खानों के मालिकों के बीच हुए समझौते के अनुसार कोयले की कीमतों के बढ़ जाने के परिणामस्वरूप रेलवे को 1968–69 में कितना अधिक व्यय करना पड़ेगा ; और

(ख) किस प्रकार के कोयले की कीमत में वृद्धि की गई है और कितनी वृद्धि की गई है ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)** (क) सिंगरेनी कोयले के मूल्य के सम्बन्ध में अभी बातचीत हो रही है । इस कोयले के मूल्य में यदि कोई वृद्धि हुई हो उसे छोड़कर लगभग एक करोड़ रुपये ।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है । (**पुस्तकालय में रखा गया । संख्या देखिये** LT–1923/68)

**मध्य प्रदेश में सहकारी कपड़ा मिलें**

6097. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कितनी कपड़ा मिलें सहकारिता के आधार पर चलाई जा रही हैं ;

(ख) कितनी कपड़ा मिलों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हुआ है और इस समय कितनी कपड़ा मिलों का निर्माण कार्य चल रहा है और ये मिलें किन-किन जिलों में हैं ; और

(ग) पिछले पांच वर्षों में केन्द्रीय सरकार ने उन कपड़ा मिलों को, जिनका निर्माण अब भी चालू है, कितनी वित्तीय सहायता दी है ?

**वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह)**:

(क) तथा (ख) . बुरहानपुर (मध्य प्रदेश) में स्थापित किये जाने के लिये 12,000 तकुओं वाली केवल एक सूती कताई मिल को सहकारी क्षेत्र में लाइसेंस दिया गया है । इस मिल का निर्माण कार्य अब भी चल रहा है ।

(ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा अभी तक कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई है।

**सिलिगुड़ी में रेल की पटरियों का पकड़ा जाना**

6098. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री टी० पी० शाह :**
**श्री जि० ब० सिंह :**
**श्री श्रद्धानन्द :**
**श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अगस्त, 1968 के पहले पखवाड़े में सिलिगुड़ी के एक इस्पात कारखाने से पुलिस ने एक लाख रुपये की कीमत की रेल की पटरियां पकड़ी थीं; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बध में कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और सरकार ने उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :** (क) सही स्थिति यह है कि 26-7-68 को सिलीगुड़ी की जिला पुलिस ने वहां के रेलवे सुरक्षा दल के सहयोग से सिलीगुड़ी के मेसर्स मूलजी लोहा और इस्पात मिल की प्रसीमा से रेल के 313 टुकड़े बरामद करके अपने कब्जे में ले लिये। बाद में, 28-7-68 को सिलीगुड़ी के रेलवे सुरक्षा दल ने एक प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त मिल के परिसर पर छापा मारा और रेल के 478 टुकड़ों को अपने कब्जे में ले लिया।

(ख) अब तक 3 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये है। सिलीगुड़ी की स्थानीय पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 379 के अन्तर्गत अपराध सं० 36(7)68 और भारतीय दंड संहिता की धारा 379 के अन्तर्गत अपराध संख्या 37(7) 68 के रूप में दो मामले दर्ज किये हैं।

**रेलवे की आय**

6099. **श्री बृज भूषण लाल :**
**श्री टी० पी० शाह :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अप्रैल, मई तथा जून, 1968 के महीनों में रेलवे की आमदनी में कितनी वृद्धि हुई है ; और

(ख) गत वर्ष के अप्रैल, मई तथा जून के महीनों की तुलना में यह कितनी अधिक अथवा कम है ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :** (क) और (ख). सम्बन्धित महीनों में रेलवे की आमदनी नीचे करोड़ रुपयों में दी गयी है :—

| नीचे लिखे महीनों में यातायात से आमदनी | 1966 | 1967 | 1968 |
|---|---|---|---|
| अप्रैल | 64.29 | 69.19 | 77.40 |
| मई | 71.79 | 69.42 | 78.87 |
| जून | 57.08 | 67.38 | 71.16 |

RAILWAY LINES IN YEOTMAL DISTRICT IN MAHARASHTRA

6100. SHRI DEORAO PATIL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether any survey has since been conducted in the District of Yeotmal in the State of Maharashtra for the opening of railway lines ;

(b) if so, the details of the survey which has been undertaken ; and

(c) if no such survey has been undertaken, the reasons therefor and by what time it is proposed to be done ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : (a) No.

(b) Does not arise.

(c) Due to the present difficult ways and means position no new line in the Yeotmal district is likely to be taken up for construction in the 4th Plan. Any survey carried out now will become out of date if at all the construction of the new line is to be considered at a distant future date only. Hence it is not proposed to undertake any survey for a new line in this area, at present.

NEW RAILWAY LINES IN MAHARASHTRA

6101. SHRI DEORAO PATIL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the number and names of new Railway lines which the Maharashtra Government have proposed for inclusion in the Fourth Five Year Plan;

(b) whether the Maharashtra Government propose to start the narrow gauge railway line from Darwha-Motibagh to Pusad which was closed during the Second World War:

(c) whether Government propose to lay new railway lines in Yeotmal District keeping in view the necessity of developing cement and other industry; and

(d) if so. the details thereof?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) The following new lines/conversion schemes, according to the order of priority have been proposed by the Maharashtra Government for inclusion in the Railways Fourth Plan:

1. Conversion of Manmad—Aurangabad—Nanded section from Metre Gauge to Broad Gauge.

2. Apte — Kharpada — Dasgaon —Goa.

3. Sholapur — Osmanabad — Bhir —Paithan — Aurangabad — Chalisgaon and Dhulia to Nardhana.

4. Ballarshah — Ashti — Allapalli Gurpalli — Surajgarh Bhamragarh to join Gidam Jagadalpur B.G. line.

5. Kalamb—Khaparkheda (Railway Siding).

6. Kurla—Panvel Section of Kurla Karjat.

7. Conversion of Miraj—Pandharpur Kurduwadi—Barsi—Latur from Narrow Gauge to Broad Gauge.

8. Latur—Purli Vaijnath *via* Mominabad.

9. Adilabad Chanda *via* Ghugus.

10. Kolhapur—Ratnagiri.

11. Karad—Chiplun.

12. Restoration of Darwha Pusad.

13. Badnera—Amravati—Narkhed.

14. Khamgaon—Jalna *via* Chikhli.

15. Chimur—Umrer.

16. Gangakhed to Bodhan and Nanded to Latur Railway line.

17. Manmad-Malegaon-Dhulia Nardhana.

18. Kurduwadi—Karmala Nagar, Karamala—Aurangabad and Kurduwadi—Shingnapur Railway line.

19. Ghugus to Sindola Railway Line, and

20. Construction of Kolhapur—Nagpur Railway line.

(b) and (c). No.

(d) Does not arise.

**वायदे के सौदो**

6102. **श्री देवराव पाटिल**: क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार वायदे के सौदों को समाप्त करने का है;

(ख) क्या बम्बई के वायदा सौदा आयोग ने वायदे सौदों को समाप्त न करने का सुझाव दिया है;

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(घ) वायदे सौदों से सरकार को क्या लाभ होता है?

**वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मोहम्मद शफ़ी कुरेशी)**: (क) जी, नहीं।

(ख) तथा (ग). प्रश्न नहीं उठते।

(घ) वायदा व्यापार से व्यापार तथा उद्योग में लगे हुए व्यक्ति को लाभ होता है। यह वस्तुओं के मूल्यों में उतार-चढ़ाव में न्यूनता लाता है और उत्पादकों, विक्रेताओं, परिष्कर्त्ताओं एवं उपभोक्ताओं के लिए मूल्य के प्रतिकूल परिवर्तन के विरुद्ध सुरक्षा का एक साधन उपलब्ध करता है। सम्पूर्ण समाज इन लाभों से लाभान्वित होता है।

NEH DELHI-FARIDABAD SUBURBAN SECTION

6103. SHRI YASHPAL SINGH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the New Delhi-Faridabad line on the Northern Railway is the most neglected suburban section;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) what action is contemplated to improve it?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) No.

(b) and (c). Do not arise.

**पूर्वोत्तर रेलवे का भोजन व्यवस्था-विभाग में गबन**

6104. **श्री राम सेवक यादव**: क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अप्रैल, 1965 से मार्च, 1968 तक की अवधि में पूर्वोत्तर रेलवे भोजन व्यवस्था विभाग में कितनी राशि का गबन पाया गया था और वह रकम किस तरीके से वसूल की जा रही है; और

(ख) क्या इतनी बड़ी रकम के गबन के लिये वाणिज्य विभाग के उन उच्च अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई है, जिनका इन अनियमितताओं में प्रत्यक्ष रूप से हाथ था?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)**: (क) अप्रैल, 1965 से मार्च, 1968 के बीच 660 रुपये का गबन हुआ जिसमें से 560 रुपये की रकम सम्बन्धित कर्मचारियों द्वारा भर दी गयी है। बाकी रकम के बारे में कार्रवाई की जा रही है।

(ख) इसमें किसी राजपत्रित अधिकारी का हाथ नहीं है।

**राजस्थान में रेलवे लाइनों का निर्माण**

6105. **श्री ओंकार लाल बोहरा**: क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नई रेलवे लाइनों के निर्माण के बारे में भारत सरकार की नीति क्या है और क्या नई रेलवे लाइनें लोगों को सुविधायें तथा परिवहन के साधन उपलब्ध कराने के लिये बनाई गई हैं अथवा रेलवे मंत्रालय उनका निर्माण केवल लाभ की दृष्टि से ही करता है;

(ख) राजस्थान जैसे पिछड़े क्षेत्रों में नई रेलवे लाइनों के निर्माण के प्रस्ताव को उन्हें अलाभप्रद बताकर सरकार द्वारा रद्द करने के उचित कारण क्या हैं; और

(ग) क्या सरकार का विचार चित्तौड़-कोटा लाइन तथा प्रतापगढ़-बांसवाड़ा-डूंगरपुर लाइन के बारे में नया सर्वेक्षण करने का है?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)**: (क) और (ख)। देश के विभिन्न भागों में रेलों का विस्तार राज्य या क्षेत्रवार नहीं किया जाता। विशिष्ट औद्योगिक परियोजनाओं, पत्तन सुविधाओं के विस्तार, खनिज और वन्य साधनों के उपयोग, बड़े पैमाने पर कृषि सम्बंधी विकास, सामरिक महत्व और रेलवे की परिचालन सम्बन्धी अपनी आवश्यकताओं के कारण रेल परिवहन की जिन मांगों की सम्भावना होती है, उन्हें पूरा करने के लिए रेलवे का विकास कार्यक्रम तैयार किया जाता है और ऐसा करते समय योजना आयोग द्वारा रेलवे के इस तरह के निर्माण-

कार्यों के लिए निश्चित आर्थिक सीमा का ध्यान रखा जाता है। देश के पिछड़े क्षेत्रों में नयी रेलवे लाइनें बनाने की आवश्यकता के प्रति भी सरकार जागरूक है लेकिन देश में रेल के विकास का कार्यक्रम बनाने में धन और सामान दोनों रूपों में साधनों की उपलब्धता का महत्वपूर्ण योग होता है। रेलों को अपने उद्यमों की वित्तीय दृढ़ता सुनिश्चित रखनी होती है नहीं तो उनका अनुरक्षण राष्ट्रीय कोष पर भार बन जायेगा। यही कारण है कि नयी लाइनों से संबंधित परियोजना की अर्थ-क्षमता को ध्यानपूर्वक आंका जाता है। रेलों को परियोजना की पूंजी लागत पर सामान्य राजस्व को 6% लाभांश देना होता है। इसलिए जिन नयी परियोजनाओं से उनके चालू होने के बाद छठे वर्ष में भी पर्याप्त गुंजाइश के साथ इतना प्रतिफल नहीं मिल सकता उन्हें अलाभप्रद समझा जाता है। किसी नयी लाइन को लाभप्रद अथवा अलाभप्रद वर्ग में रखने से पहले उसका विस्तृत यातायात सर्वेक्षण किया जाता है।

(ग) जी नहीं।

### चाय तथा पटसन का निर्यात

6106. **श्री ओंकार लाल बोहरा** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चाय तथा पटसन जैसी वस्तुओं को जिस कठिन प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है उसे दृष्टि में रखते हुए इन वस्तुओं के निर्यात के विषय में भारत के हितों की रक्षा करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है;

(ख) पिछले तीन वर्षों में अपनाई गई निर्यात संवर्धन नीति के परिणामस्वरूप चाय, पटसन तथा कपड़े के निर्यात में कितनी वृद्धि हुई है; और उससे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित हुई है; और

(ग) चाय की उपज तथा बिक्री बढ़ाने के लिये चाय बोर्ड क्या नये प्रयत्न कर रहा है और चाय बागानों के क्षेत्र को बढ़ाने के लिये क्या कार्यवाही की गई है?

**वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्रीमोहम्मद शफी कुरैशी)** : (क) भारतीय चाय को विदेशी बाजारों में प्रतियोगिता करने योग्य बनाने केलिये किये गये उपायों में ये शामिल हैं : निर्यात शुल्क में कमी, निर्यातक फर्मों द्वारा वैदेशिक बाजारों में संवर्द्धनात्मक उपायों पर किये गये खर्च पर कर सम्बन्धी रियायतें और उत्पादित चाय की किस्म को सुधारने के लिये चाय बागानों की सहायतार्थ चाय बोर्ड द्वारा योजनाओं का चलाया जाना।

पटसन के मामले में, इसके निर्यात संवर्द्धन के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं क्योंकि गत कुछ वर्षों से हम स्वयं भी कच्चे पटसन की कमी अनुभव कर रहे हैं। सोवियत रूस के साथ द्विपक्षीय व्यापार करार के अन्तर्गत उस देश को किये गये सीमित निर्यातों को छोड़कर इस समय पटसन के निर्यात की कोई अनुमति नहीं है :

(ख) गत तीन वर्षों में चाय, कच्चे पटसन और सूती कपड़ें के हमारे निर्यातों के मूल्य निम्नलिखित थे :—

| | मूल्य करोड़ रू. में | | |
|---|---|---|---|
| | 1965–66 | 1966–67 | 1967–68 |
| चाय | 114.84 | 156.22 †(102.26) | 180.20 †(113.92) |
| कपड़े (सूती) | 64.87 | 75.75 | 81.27 |
| कच्चा पटसन | 2.88 | 8.41 | 2.62 |

(†अवमूल्यन से पूर्व के रुपयों के हिसाब से)

(ग) बागान वित्त योजना के अन्तर्गत अब तक चाय बोर्ड ने 624.43 लाख रु० के ऋण दिये हैं । इससे लगभग 1713.41 हेक्टार में विस्तार तथा पुनर्रोपण हो सकेगा । बोर्ड द्वारा किराया खरीद योजना के अन्तर्गत आज तक 586,79 लाख रु० के उपकरण तथा मशीनें भी दी गयी हैं ।

विदेशों में भारतीय चाय की बिक्री को बढ़ाने के लिये स०रा० अमरीका, कनाडा, ब्रिटेन, आयरलैंड, प० यूरोप, संयुक्त अरब गणराज्य, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में संवर्द्धनात्मक उपाय किये गये हैं, जिनमें खुदरा बिक्री के लिये पैकटों में शुद्ध भारतीय चाय को प्रस्तुत करने पर विशेष बल दिया गया है । अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों तथा प्रदर्शनियों और प्रमुख होटलों तथा रेस्तराओं, स्टोर-प्रदर्शनों, विपणन, जनसम्पर्क और विज्ञापनों के माध्यम से भारतीय चाय का प्रचार भी किया जाता है ।

### भारत के व्यापार करार

6107. **श्री ओंकार लाल बोहरा :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967 और 1968 में भारत ने किन देशों के साथ व्यापार करारों पर हस्ताक्षर किये हैं और उनका ब्यौरा क्या है ;

(ख) इन करारों के परिणामस्वरूप इस अवधि में हमारे निर्यात में कितनी वृद्धि हुई है ; और

(ग) गत वर्ष में प्रत्येक देश को निर्यात किये जाने वाले माल का ब्यौरा क्या है ?

**वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरैशी) :** (क) वर्ष 1967–68 में भारत ने जिन देशों के साथ व्यापार करार किये, उनके नामों को दर्शाने वाला एक विवरण (अंग्रेजी में) सभा पटल पर रखा गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या LT–1924/68] (विवरण-1) । ब्यौरे करारों में दिये गये हैं, जिनकी प्रतियां संसद् पुस्तकालय में उपलब्ध हैं ।

(ख) निर्यातों में वृद्धि अथवा कमी केवल व्यापार करारों से सम्बद्ध नहीं होती । यह बहुत सी अन्य बातों पर भी निर्भर करती है । 1966–67 तथा 1967–68 के निर्यातों के तुलनात्मक आंकड़े प्रश्न के भाग (क) के साथ संलग्न विवरण में दिये गये हैं ।

(ग) एक विवरण (अंग्रेजी में) (विवरण–2) सभा पटल पर रखा गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या LT– 1924/68].

### हिन्दुस्तान जिंक स्मैल्टर

6108. **श्री ओंकार लाल बोहरा :** क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मैटल कारपोरेशन आफ इंडिया कलकत्ता को सरकार ने उनकी उदयपुर (राजस्थान) के समीप स्थित जिंक स्मैल्टर और जावर खानों के लिये, जो सरकार ने अपने हाथ में ले ली है और जिनका नाम अब हिन्दुस्तान जिंक स्मैल्टर रख दिया गया है, क्या मुआवजा दिया है ;

(ख) यदि अभी तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) सरकार द्वारा अपने हाथ में लिये जाने के बाद मैटल कारपोरेशन आफ इंडिया के मुआवजे, ऋण और दायित्वाओं का निर्धारण करने के लिये अब तक क्या कार्यवाही की गई है और इस सम्बन्ध में विलम्ब होने के क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या यह सच है कि इस कारपोरेशन ने 32 करोड़ रुपये का मुआवजा मांगा है जबकि उन्हें 2 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव है ; यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री राम सेवक): (क) से (घ). सरकार ने मैटल कारपोरेशन आफ इंडिया (उपक्रम का अभिग्रहण) अधिनियम, 1966 (1966 का 36 वां) की अनुसूची में निर्दिष्ट सिद्धान्तों के अनुसार मैटल कारपोरेशन आफ इंडिया को उसके उपक्रम के अभिग्रहण किये जाने के कारण दिये जाने वाले मुआवजे की राशि का निर्धारण कर लिया है। मुआवजे की राशि का हिसाब लगाने के लिये मैटल कारपोरेशन आफ इंडिया द्वारा, अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत अपनी सभी सम्पत्तियों तथा परिसम्पत्तियों और कम्पनी की सभी देयताओं तथा आभारों की पूरी सूची सरकार को दिये जाने का पर्याप्त समय तक इन्तजार कर लेने के पश्चात् तथा कम्पनी के उसके देने में असफल रहने के कारण से, निर्धारण का कार्य, उपलब्ध किताबों, दस्तावेजों तथा अन्य सम्बद्ध सामग्री के आधार पर, जितनी जल्दी संभव हो सकता था उतनी जल्दी पूरा किया गया। निर्धारण में पर्याप्त जटिलताएं तथा कार्य की अधिकता अन्तर्ग्रस्त थी। मुआवजे के रूप में कम्पनी को 28 जून, 1968 को 211,69 लाख रुपये की राशि की आफर दी गयी थी और उन की स्वीकृति की प्रतीक्षा है। निर्देशित 32 करोड़ रुपये के दावे के सम्बन्ध में तथ्य यह है कि सरकार को कम्पनी से इस प्रकार का कोई दावा प्राप्त नहीं हुआ है।

EXTENSION OF BROAD GAUGE LINE FROM KALKA TO PARMANU AND ENLARGEMENT OF KANDRORI RLY. STATION (N. RLY.)

6109. SHRI HEM RAJ: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have received any representation from the Himachal Pradesh Government to extend the Broad Gauge line from Kalka to Parmanu on the Kalka—Simla Section;

(b) whether Government have also received any proposal from the Himachal Pradesh Government that the Kandrori Railway Station on the Jullundur—Pathankot section be enlarged for goods and passenger traffic; and

(c) if so, whether Government propose to survey them and, if so, when?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) and (b). Yes.

(c) There is no justification at present for the extension of Broad Gauge line from Kalka to Parmanu and hence no survey is proposed to be undertaken. As regards the enlargement of Kandrori Railway Station, an assessment of the additional facilities that may be needed, at this station in the event of its full development by Himachal Pradesh Government has already been made.

DONATIONS TO POLITICAL PARTIES

6110. SHRI NITIRAJ SINGH CHAUDHURY: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) the total amount donated by the companies to political parties during the last three years, party-wise and year-wise; and

(b) how much of the above was donated by companies in which the Life Insurance Corporation of India, Industrial Finance Corporation of India, Unit Trust and similar public sector organisations have shares?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) The financial years of all companies do not cover the same period. It is, therefore, not possible to indicate the amount of contributions made during any specified period. However, a statement indicating contributions disclosed in

the profit and loss accounts filed by companies with the Registrars of Companies during the period from the 1st March, 1965 to the 29th February, 1968 is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT.—1925/68].

(b) Information is being collected and it will be laid on the Table of the House.

ISSUE OF INDUSTRIAL LICENCES

6111. SHRI JUGAL MONDAL: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) how many industrial licences have been issued during the last three years to the following:

(1) Mafatlal Group of Industries;

(2) Lal Bhai Sara Bhai Group;

(3) Larsen and Toubro Group; and

(4) Tata Group of Industries;

(b) the value of those licences;

(c) the number of licences used and those remaining unused out of the aforesaid licences;

(d) whether any complaints have been received against the said commercial establishments during the last three years; and

(e) if so, the nature thereof and whether any action has been taken thereon?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) to (e). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

PRODUCTION OF LIGHT COMMERCIAL VEHICLES

6112. SHRI JUGAL MONDAL: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether some more firms are being licensed for producing light commercial vehicles of which there is a great shortage in the country; and

(b) if so, the number thereof?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) No.

(b) Does not arise.

ISSUE OF INDUSTRIAL LICENCES

6113. SHRI KASHI NATH PANDEY: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) how many industrial licences have been issued to the following commercial establishments during the last four years;

(1) Birla Group of Industries;

(2) Sahu Jain Group;

(3) Simpson Group of Industries;

(4) Walchand Group of Industries; and

(5) Kamani's Group of Industries;

(b) the value of those licences;

(c) the number of licences used and those remaining unused out of the aforesaid licences;

(d) whether any complaints have been received against the said commercial establishments during the last four years; and

(e) if so, the nature thereof and whether any action has been taken thereon?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENTS AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) to (e). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

FOREIGN CONTROLLED COMPANIES IN INDIA

6114. SHRI D. N. PATODIA: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the foreign controlled Companies in India were not so adversely affected by the recession than the Indian controlled companies; and

(b) whether it is also a fact that earnings of the foreign controlled firms, both before and after recession, were more than the Indian controlled firms ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED) : (a) Recession has mainly affected the engineering industries especially the heavy engineering industries producing items like machine tools, structurals, steel castings, railway wagons etc. Foreign controlled companies among these industries constitute only a very small percentage. Recession was mainly caused by lack of orders, which should have affected both foreign controlled and Indian companies equally.

(b) The information that is being collected from firms is not adequate to permit of such a detailed comparative study.

CONSULTATIVE GROUPS OF INDUSTRIALISTS

6115. SHRI D. N. PATODIA : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Deputy Chairman of the Planning Commission is reported to have suggested that small groups consisting of industrialists be constituted for frequent consultations in formulation of the programmes for the development of the industry ;

(b) whether such groups have been formed ; and

(c) the different industries that have been represented in the group ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED) : (a) Yes, Sir.

(b) Not yet.

(c) Does not arise.

FAST TRAIN FROM NEW DELHI TO AMRITSAR

6116. SHRI SURAJ BHAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether there is any proposal to introduce a new fast train named 'Golden Temple' between New Delhi and Amritsar ;

(b) whether there is also any proposal to run the De-luxe train to and from Amritsar on all week days ; and

(c) if so, whether the Railway authorities propose to change the route of the Flying Mail from the present *via* Karnal to *via* Saharanpur ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : (a) No.

(b) No.

(c) There is at present no proposal to change the existing route of 27/28 Flying Mails.

IMPORTS FROM RUPEE-PAYMENT COUNTRIES

6117. SHRI LOBO PRABHU : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) the break-up of the items of imports from the rupee payment countries during the last year ;

(b) the excess payment made last year on account of their prices being above the world level ;

(c) the items in short supply in India which were exported ; and

(d) how is the adverse balance of trade going to be met by the Communist countries ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) A break up of major items of imports from rupee payment countries during 1967-68 is given in the statement laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT—1926/68.]

(b) Comparison of prices is only possible when purchases are made through a centralised agency as in the case of Government departments. As there is large number of private import licences, the information asked for is not available. It may, however,

be stated that so far as Government purchases are concerned prices are scrutinised by Price Negotiating Committees.

(c) The quantum of exports of various commodities is determined taking into account, among other things, domestic requirements and supply position in the internal market.

(d) Under bilateral trade arrangements exports and imports have to match each other over a period of time. The actual figures of trade at a given point of time may indicate an adverse balance, but this is no more than an apparent imbalance. Credit repayments for the various projects and instalments for large quantities of machinery supplied on deferred payment system by some of these countries also earn substantial funds for them and to that extent cover the gap between imports and exports.

IDLE CAPACITIES IN THE PUBLIC AND PRIVATE SECTORS

6118. SHRI LOBO PRABHU: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) the current percentage of idle capacities in the public and private sectors respectively;

(b) the current percentage of surplus labour in the public and private sectors;

(c) whether Government have made any examination of extending the market by reducing prices through exemption of taxes on production above the average; and

(d) alternatively whether Government are considering working off the surplus labour by increasing the number of shifts?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) It is not feasible to give a percentage which would apply uniformly for all units of the several industries in the Public Sector or in the private sector. Information regarding the installed capacity and production is being published regularly in the "Monthly Statistics of the Production of Selected Industries in India".

(b) No information is available on this point.

(c) One of the principal objectives of the tax policy is to encourage industrial production and towards that end Government has adopted various measures. These include tax credit certificates in the form of grant of tax credits for increased production in selected industries at a rate not exceeding 25% of the Central Excise duty on the excess production and tax credit in relation to increase in tax liability of companies calculated at 20% of the additional income tax liability over that in the base year.

(d) no such proposal is under Government's consideration.

RAILWAY BOARD

6119. SHRI LOBO PRABHU: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether he recently mooted a proposal for interposing a Secretariat between himself and the technical heads in the Railway Board; and

(b) since other Ministries doing technical and commercial work have such Secretariats, what are the objections to such a Secretariat in the Railway Ministry?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) No.

(b) The existing management-*cum*-technical set-up of the Railway Board is considered well suited to run a concern like the Railways. However, a Study Team appointed by the Administrative Reforms Commission is currently examining the administrative and financial arrangements for the working of the Indian Railways.

REMOVAL OF CONTROL ON CLOTH

6120. SHRI MANIBHAI J. PATEL: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether the Textile Reorganisation Committee has recommended the

scrapping of the present partial control on the production and prices of cloth; and

(b) if so, Government's reaction thereto?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) Yes, Sir.

(b) The Government have not yet examined the recommendations of the Textile Reorganisation Committee.

PUBLIC SECTOR INDUSTRIES IN MYSORE

6121. SHRI S. A. AGADI: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) the State-wise investment made in the public sector industries in the country till 1967-68;

(b) whether it is a fact that the Government of Mysore are repeatedly approaching for the establishment of public sector industries in the State; and

(c) if so, what industries are being started or proposed to be started in the Mysore State and at what stage the matters are pending?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) statement showing Statewise investment made on the central industrial projects during the period 1951-1968 is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-1927/68]

(b) Yes, Sir. The Government of Mysore has been requesting the Government of India from time to time to set up more central industrial projects in the State.

(c) A decision on the location of new central industrial projects in the Mysore State will be taken at the time of finalisation of the Fourth Five Year Plan.

VEGETARIAN REFRESHMENT ROOM AT MIRAJ RAILWAY STATION

6122. SHRI S. A. AGADI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the departmentally-run Vegetarian Refreshment Room at Miraj Railway station on the South Central Railway is earning a profit;

(b) if so, the net profit earned during the years 1966-67 and 1967-68; and

(c) whether it is a fact that the Railway Board has decided to close down this departmentally-run Refreshment Room and to hand over the same to a private contractor without calling for applications and/or tenders from the public?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) Yes.

(b) The net profit earned in 1966-67 was Rs. 12,002. Audited accounts for 1967-68 are not yet available.

(c) A proposal to hand over the Vegetarian Refreshment Room to a contractor has been considered but it has been decided to maintain the *status quo*.

EXPORT OF JUTE GOODS TO CUBA

6123. SHRI K. M. KOUSHIK: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is no export of Indian made jute and hesian bags to Cuba from our country;

(b) if so, since how many years; and

(c) whether India stopped exporting these commodities to Cuba or that country stopped importing from us?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) to (c). Cuba is not importing jute goods from India since 1966-67.

EXPORT OF KYANITE

6124. SHRI INDER J. MALHOTRA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) the number of units engaged in the processing of raw kyanite for export;

(b) the amount of foreign exchange earned from the export of processed kyanite during the last three years;

(c) the amount of foreign exchange earned by exporting raw kyanite during this period with the quantity exported;

(d) whether it is a fact that several processing units are not receiving supplies of raw kyanite; and

(e) if so, the action taken by Government to ensure regular supplies of raw material for better export earnings?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) There are no units in the organised sector for processing of raw kyanite for export. Information on the number of small units is not available.

Some of the refractory manufacturers have installed calcining facilities. Calcined Kyanite produced by them is mostly used by them. Export of processed Kyanite is negligible.

(b) and (c). Figures of exports of kyanite for the last 3 years are given below:—

| Year | Quantity (Lakh tonnes) | Value lakhs (in Rs.) |
|---|---|---|
| 1965 | 0·31 | 74·9 |
| 1966 | 0·36 | 110·9 |
| 1967 | 0·41 | 158 |

Export figures separately for raw and processed kyanite are not indicated in the Export Trade Accounts.

(d) and (e). The refractory producers have represented that they are experiencing difficulties in obtaining raw or calcined kyanite for utilising their production capacity to the full. This representation is at present under consideration of Government.

16—5LSD/68

IMPORT OF EQUIPMENT FOR CHEMICAL PROCESS

6125. SHRI INDER J. MALHOTRA: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) the value of equipment imported for chemical processes during the last five years;

(b) the capacity installed in India for manufacturing equipment for chemical processes and its utilisation;

(c) whether it is a fact that in the face of idle capacity in India, equipments have been allowed to be imported causing further imbalance; and

(d) if so, the steps being taken to substitute imports by indigenous products?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) As the equipment for chemical processes is not separately classified in the Indian Trade Classification, import figures are not available.

(b) At present 43 units are in production having a total annual installed capacity of approximately Rs. 1,180 lakhs.

(c) Normally such of the items required for various types of chemical plants and are manufactured in the country are not cleared for import from the indigenous angle. However, their import is considered on merits by the DGTD or other Sponsoring Authority, on account of any one of the following reasons:—

6170-D. SHRI JUGAL MONDAL : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the films like Mere Mehboob, Aarti, Taqdeer, Arzoo, Jewel Thief, Ram Aur Shyam, Phool Aur Pathar, Dosti, Aaye Din Bahar Ke, Upkar, Gumrah, Naya Daur, Sadhana, Ganga Jamuna, and Barsat have been exported to foreign countries during the years from 1960 to 1967 ;

(b) if so, the names and addresses of the Producers of the said films ; and

(c) the amount of foreign exchange earned by these films during the above period from abroad and the names of such countries where these have been exhibited ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI) : (a) to (c). Information is being collected which will be laid on the Table of the House.

BARIUM CHEMICALS LTD., ANDHRA PRADESH

6170-C. SHRI R. K. SINHA :
SHRI K. RAMANI :
SHRI K. M. ABRAHAM :
SHRI P. RAMAMURTI :

Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Chilean nitrate quota is given to the Barium Chemicals Ltd., Ramavaram, Khammam District, Andhra Pradesh ;

(b) whether the factory management has carried on production with the Chilien nitrate;

(c) if so, the products manufactured so far and the quantity of production ever since the said quota was given to the factory ;

(d) the amount of foreign exchange so far allotted for this purpose;

(e) whether Government are aware of the misuse of this Chilien nitrate by the factory management ; and

(f) if so, the measures taken to prevent such misuse of Chilien nitrate ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) to (f). Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

PRODUCTION CAPACITY OF BARIUM CHEMICALS LTD., ANDHRA PRADESH

6170-F. SHRI P. P. ESTHOSE :
SHRI K. ANIRUDHAN :
SHRI VISHWANATHA MENON :
SHRI NAMBIAR :

Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) the production capacity of the nitric acid plant in the Barium Chemicals Ltd., Ramavaram, Khammam District, Andhra Pradesh and whether it is used to its full capacity for producing nitric acid ;

(b) if not, the reasons for keeping the plant idle ;

(c) whether it is a fact that the factory management is purchasing nitric acid from one Bombay Company ;

(d) if so, the reasons for this purchase when the factory has a plant to produce nitric acid ;

(e) whether it is also a fact that sulphur plant in the same factory has been kept idle for one year ; and

(f) if so, the reasons for stoppage of production in the plant ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) and (b). M/s. Barium Chemicals Ltd., Ramavaram (A.P.) is reported to have set up a 330 tonnes per year Nitric Acid plant. The actual production during 1967 has been reported to be 69 tonnes.

(c) Government have no information in the matter.

(d) Does not arise.

(e) The firm has produced only 5 tonnes of Sulphur as bye-product during the year 1967.

(f) Does not arise.

EXHIBITION OF INDIAN FILMS IN U.S.S.R. AND ARAB COUNTRIES

6170-G. SHRI KASHI NATH PANDEY : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) the number of films produced in India which have been exhibited in the U.S.S.R. and Arab countries during the period from 1962 to 1967 and first six months of 1968 ;

(b) the names and addresses of the producers which have sent the films to the above countries during the above period ; and

(c) the names of these films which earned the highest foreign exchange in the above countries during the same period ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI) : (a) to (c). Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

12.20 HRS.

## RE. SITUATION IN CZECHOSLOVAKIA

MR. SPEAKER : Yesterday also some friends raised it though, of course, I did not accept it and today also some friends want to raise the question about Czechoslovakia. But from the papers we see that the Security Council also has postponed its sitting and immediately there is nothing that we could possibly expect. Therefore I am not allowing it.

SHRI P. K. DEO (Kalahandi): Government should come with a statement *suo motu*.

MR. SPEAKER : If there was anything sensational or useful, I would have requested them to do so; but there is nothing. I do not want them to go on making a statement every day. If there is something serious, I would want them to make it. You may consider it serious but I do not.

12.21 HRS.

## PAPERS LAID ON THE TABLE

NOTIFICATION UNDER COMPANIES ACT AND PAPERS UNDER COMPANIES ACT

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI BHANU PRAKASH SINGH): Sir, on behalf of Shri F. A. Ahmed, I beg to lay on the Table :—

(1) A copy of the Companies (Fees on Applications) Rules, 1968, published in Notification No. G.S.R. 1485 in Gazette of India dated the 17th August, 1968, under sub-section (3) of section 642 of the Companies Act, 1956.

(2) A copy each of the following papers under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956 :—

(i) Review by the Government on the working of the Mining and Allied Machinery Corporation Limited, Durgapur for the year 1966-67.

(ii) Annual Report of the Mining and Allied Machinery Corporation Limited, Durgapur for the year 1966-67 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

(3) A copy of the Annual Report of the National Productivity Council, New Delhi for the year 1966-67.

[*Placed in Library. See* No. LT—1910/68.]

TRIENNIAL REVIEW OF THE ACTIVITIES OF RESEARCH DESIGNS AND STANDARDS ORGANISATION

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI PARIMAL GHOSH): Sir, on behalf of Shri C. M. Poonacha,

I beg to lay on the Table a copy of the Triennial Review of the activities of Research Designs and Standards Organisation in respect of important Railway problems connected with the Track, Rolling Stock, Signalling etc. from April, 1965 to March, 1968. [*Placed in Library. See* No. LT—1911/68.]

NOTIFICATION UNDER COTTON TEXTILE COMPANIES (MANAGEMENT OF UNDERTAKINGS AND LIQUIDATION OR RECONSTRUCTION), ACT, ETC.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): Sir, on behalf of Shri Dinesh Singh, I beg to lay on the Table:—

(1) A copy of the Cotton Textile Companies (Management of Undertakings and Liquidation or Reconstruction) Rules, 1968, published in Notification No. G.S.R. 619 in Gazette of India dated the 30th March, 1968, under sub-section (2) of section 10 of the Cotton Textile Companies (Management of Undertakings and Liquidation or Reconstruction) Act, 1967 (Hindi and English versions).

(2) A statement showing reasons for delay in laying the above Notification.

[*Placed in Library. See* No. LT—1912/68.]

SUPPLEMENTARY STATEMENT ON THE FLOOD SITUATION IN THE COUNTRY

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL, MINES AND METALS (SHRI P. C. SETHI): Sir, on behalf of Dr. K. L. Rao, I beg to lay on the Table a second Supplementary statement on the Flood Situation in the country. [*Placed in Library. See* No. LT-1913/68.]

AUDIT REPORT ON THE ACCOUNTS OF THE COAL BOARD FOR THE YEAR 1966-67

SHRI P. C. SETHI: Sir, I beg to lay on the Table a copy of the Audit Report on the accounts of the Coal Board for the year 1966-67, under sub-section (2) of section 12 of the Coal Mines (Conservation and Safety) Act, 1952. [*Placed in Library. See* No. LT-1914/68.]

REPORT OF THE STUDY TEAM ON TEXTILE COMMISSIONER'S ORGANISATION —WOOL, ART SILK, ORGANISATION AND PERSONNEL AND NOTIFICATIONS UNDER FORWARD CONTRACTS (REGULATION) ACT.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI: Sir, I beg to lay on the Table:—

(1) A copy of the Report (Part II) of the Study Team on the Textile Commissioner's Organisation—Wool, Art Silk, Organisation and Personnel. [*Placed in Library. See* No. LT-1911/68.]

(2) A copy each of the following Notifications issued under section 6 of the Forward Contracts (Regulation) Act, 1952:—

(i) S.O. 2776 published in Gazette of India dated the 9th August, 1968.

(ii) S.O. 2777 published in Gazette of India dated the 9th August, 1968.

[*Placed in Library. See* No. LT-1915/68.]

---

## MESSAGE FROM RAJYA SABHA

SECRETARY: Sir, I have to report the following message received from the Secretary of Rajya Sabha:—

'I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha, at its sitting held on Monday, the 26th August 1968, adopted the following motion in regard to the presentation of the Report of the Joint Committee of the

[Secretary]

Houses on the Motor Vehicles (Amendment) Bill, 1965:—

"That the time appointed for the presentation of the Report of the Joint Committee of the Houses on the Bill further to amend the Motor Vehicles Act, 1939, be extended up to the 30th November, 1968".

## COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM SITTINGS OF THE HOUSE

### SEVENTH REPORT

SHRI THIRUMALA RAO (Kakinada): Sir, I beg to present the Seventh Report of the Committee on Absence of Members from the Sittings of the House.

12.23 HRS.

## CRIMINAL AND ELECTION LAWS AMENDMENT BILL*

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN): Sir I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Indian Penal Code, the Code of Criminal Procedure 1898 and the Representation of the People Act, 1951 and to provide against printing and publication of certain objectionable matters.

MR. SPEAKER: Motion moved:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Indian Penal Code, the Code of Criminal Procedure, 1898 and the Representation of the People Act, 1951 and to provide against printing and publication of certain objectionable matters."

Shri George Fernandes wants to oppose it. Normally at the introduction stage it is not opposed.

**श्री जार्ज फरनेंडीज** (बम्बई दक्षिण): मैं नियमों के अनुसार ही इसका विरोध कर रहा हूं। ऐसा करने के खास कारण भी हैं। उन से विवश हो कर ही मुझे इसका इस स्टेज पर विरोध करना पड़ रहा है।

दो बातें इस बिल के द्वारा हमारे गृह मंत्री महोदय करना चाहते हैं। पहली बात तो यह है कि क्लाज 2 के तहत वह इंडियन पीनल कोड के सैक्शन 153 (ए) को एमेंड करना चाहते हैं और क्लाज 3 के द्वारा इंडियन पीनल कोड के सैक्शन 505 को एमेंड करना चाहते हैं। आगे आप सैक्शन 6 को देखें। इस में माननीय मंत्री जी का जो सुझाव है वह बहुत ही खतरनाक है और इसी को ले कर मैं इस बिल का बुनियादी तौर पर विरोध करता हूं और मैं चाहता हूं कि इस को सदन में पेश करने की अनुमति न दी जाए।

गृह मंत्री महोदय ने इस बिल के स्टेटमेंट आफ आबजैक्ट्स एंड रीजंज में कहा है अभी हाल ही में नैशनल इंटेग्रेशन काउंसिल की बैठक श्रीनगर में हुई थी वहां पंजाब स्पेशल पावर्ज प्रेस एक्ट 1956 से सम्बन्धित जो भी कानून है उसको पूरे देश पर लागू करने के बारे में विचार हुआ था और उस विचार को कार्यान्वित करने के लिए ही वह इस सदन के सामने आ रहे हैं।

**अध्यक्ष महोदय**, आप जानते ही हैं कि कुछ दिन पहले आंध्र में इसी किस्म का एक विधेयक आंध्र सरकार ने वहां की विधान सभा में पेश किया था जिस में अखबारों के ऊपर कई किस्म के निर्बन्ध लाने का प्रयास किया गया था। उस विधेयक को ले कर आंध्र की विधान सभा में सख्त विरोध प्रकट किया गया था। उस विधेयक पर इस सदन में भी काफी चर्चा हुई थी। उस चर्चा के दौरान इनफर्मेशन मिनिस्टर ने यह बताया था कि आंध्र सरकार के साथ केन्द्रीय सरकार की बातचीत चल रही है, उस विधेयक का क्या किया जाए, इसके बारे में उसके साथ बातचीत चल रही है। जब केन्द्रीय सरकार उस विधेयक के

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2, dated 27-8-68.

सम्बन्ध में आंध्र सरकार से बातचीत चला रही है और उस बिल का अंतिम स्वरूप क्या हो, इस पर विचार विमर्श चल रहा है तो मैं यह नहीं समझ सका हूं कि सदन में क्रिमिनल एंड इलैक्शन लाज एमेंडमेंट बिल के माध्यम से अखबारों के ऊपर बंधन लगाने वाले इस विधेयक को सरकार क्यों पेश करने जा रही है। इस में बहुत खतरनाक चीज़ है। क्लाज 6 को आप देखें। क्या कह रहे हैं इस में मंत्री महोदय :

"The Central Government or a State Government or any authority so authorised by the Central Government in this behalf, if satisfied that such action is necessary for the purpose of preventing or combating any activity prejudicial to the maintenance of communal harmony and affecting or likely to affect public order, may, by order in writing addressed to the printer, publisher or editor, prohibit the printing or publication of any document or any class of documents of any matter relating to a particular subject or class of subjects for a specified period or in a particular issue or issues of a a newspaper or periodical;"

MR. SPEAKER: You need not go into the merits now. You will have another occasion to go into the merits of the Bill.

**श्री जार्ज फरनेंडीज** : सिर्फ एक जो खतरा है उसको मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं। मंत्री महोदय इसके द्वारा यह करना चाहते हैं कि अगर किसी खबर के छपने से पब्लिक आर्डर पर कुछ गलत असर पड़ने की आशंका हो या गलत असर पड़ रहा हो तो उस खबर को छपने से वह रोक सकेंगे और महीने तक उस खबर को छपने से रोके रखा जा सकेगा। यह अधिकार सरकार इस विधेयक द्वारा प्राप्त करना चाहती है। खुले तौर पर सैंसरशिप वाली बात आज हम लोगों के सामने आ रही है।

मैं आपके सामने एक उदाहरण रखना चाहता हूं। 19 तारिख को सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल होने जा रही है। हो सकता है कि गृह-मंत्री महोदय का खयाल हो कि इस हड़ताल से पब्लिक आर्डर पर कुछ गलत असर पैदा होगा। इस वास्ते गृह मंत्री का यह विचार हो सकता है कि यह कानून पास हो जाए तो इसके अन्तर्गत वह इस अधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। चूंकि पब्लिक आर्डर पर हड़ताल होने से और उसकी खबरें छपने से गलत असर पड़ने का डर है, इसलिए हड़ताल के सम्बन्ध में कोई भी खबर को छपने से वह रोकने का प्रयास कर सकते हैं और इस कानून का ऐसा करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं...

**अध्यक्ष महोदय** : मैरिट्स में आप न जाएं...

**श्री जार्ज फरनेंडीज** : मैं आखिरी जुमला कह कर समाप्त करता हूं। सैंसर करके खबरों को मंत्री महोदय इस कानून के माध्यम से देना चाहते हैं। इसका हम सख्त विरोध करना चाहते हैं और हम चाहते हैं कि मंत्री महोदय इस विधेयक के बारे में आल इंडिया न्यूज-पेपर्ज एडीटर्ज कान्फ्रेंस के लोगों से, इंडियन फैड्रेशन आफ वर्किंग जरनलिस्ट्स के लोगों से और इस सदन के उन सदस्यों से जिन को सैंसरशिप के बारे में कुछ तजुर्बा हो, जिन की वाक-स्वतंत्रय में और अखबारों की स्वतंत्रता में कुछ आस्था हो, सलाह मश्विरा करने के बाद ही इस विधेयक को यहां पेश करें। इसलिए मैं इसका सख्त विरोध अभी से करना चाहता हूं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (बलरामपुर) : मैं इस पर आपत्ति करना नहीं चाहता हूं। लेकिन मैं समझता हूं कि गृह मंत्री महोदय स्वीकार करेंगे कि यह विधेयक विवाद-ग्रस्त है और इस पर

[श्री जार्ज फरनेंडीज:]

बारीकी से चर्चा होनी चाहिये। मैं जानना चाहता हूं कि क्या वह इसे समिति में भेजने का सुझाव ला रहे हैं?

SHRI Y. B. CHAVAN: I am in the hands of the House in this matter. I am not taking any particular line. But I thought that this Bill should be moved because, when it was discussed in the National Integration Council, the intention was to expedite this process. I did not want anyone to say that the Government was tardy in this matter. I want to see that the Bill becomes Act as soon as possible. If the House wants to take it to the Select Committee, I do not want to come in the way. I leave it to the judgement of the House. I think, the powers are urgently necessary.

SHRI RANGA (Srikakulam): I only want to ask him one question. When he tries to give an answer to the speech made by my hon. friend, Shri Fernandes, I would like him to tell us what he proposes to do in regard to the Andhra Bill. I know that in the other House he has admitted that, so far as he could see, it had gone far beyond the scope of the Resolution or the objective that they have stated in their Srinagar Conference. In view of the fact that this Bill seeks to make an all-India law giving permission or option to the State Governments to adopt it with or without modifications, would the hon. Minister tell us whether he is already in contact with the Andhra Government in order to see that they do not proceed with that Bill until this Bill becomes an Act and then they examine their Bill in the light of whatever Act we would be passing in this House.

**श्री मधु लिमये** (मुंगेर): अध्यक्ष महोदय, मेरा पायंट आफ़ आर्डर है। नियम 65 में कहा गया है:

> "The period of notice of a motion for leave to introduce a Bill under this rule shall be one month unless the Speaker allows the motion to be made at shorter notice."

इस के साथ ही आप नियम 69 और 70 को भी देख लीजिए। किसी भी विधेयक को तभी पूरा माना जायेगा, जब उस को पेश करने के लिए एक महीने का नोटिस दिया गया हो...

MR. SPEAKER: You are talking about Private Members. The Home Minister is not a Private Member.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: He is a Public Member.

**श्री मधु लिमये**: लेकिन फ़िनांशल मेमोरेंडम और डेलीगेटिव लेजिसलेशन का मेमोरेंडम तो सभी बिलों के लिए ज़रूरी हैं। डेलीगेटिड लेजिसलेशन का मेमोरेंडम तो इस बिल के साथ दिया गया है।

MR. SPEAKER: A point was raised about referring it to the Select Committee. That was an important one. We could understand that...

**श्री मधु लिमये**: लेकिन जब यह बिल आ ही नहीं सकता है, तो उस के सिलेक्ट कमेटी में जाने का सवाल कहां है।

इस बिल के साथ जो फ़िनांशल मेमोरेंडम दिया गया है, वह अधूरा है। आज के बुलिटन नम्बर 2 में इस बारे में कुछ तब्दीली करने की कोशिश की गई है। इस लिए जो बिल हमारे सामने आया है, वह अधूरा है। मंत्री महोदय उस को पूर्ण बना कर कल इस सदन के सामने पेश करें।

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT (Kozhikode): I know, at this stage, when the Bill is being introduced, as a convention...

MR. SPEAKER: Not only convention; even if it is opposed, only one member can oppose. Rules are very strict and are very clear.

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: But, Sir from a different point of view I want to say one thing. This Bill has been brought as a result of the discussions at the National Integration Conference held in Srinagar.

As you are probably aware, not even a single leader of the minority community was present there. Moreover, what will be done hereby the bill? There will be a serious interference in religious matters. It is said in Clause 2 sub-clause (2):

> "Whoever commits an offence specified in sub-section (1) in any place of worship or in any assembly engaged in the performance of religious worship or religious ceremonies, shall be punished with imprisonment which shall not be less than two years but which may extend to five years and shall also be liable to fine."

It is a very serious and dangerous provision which has to be considered seriously. Therefore, I support my hon. friend, Mr. Fernandes that the Bill should go to a Select Committee.

SHRI SRINIBAS MISRA (Cuttack): I would like to know whether this is a matter relating to List II or not, because it relates to law and order. Therefore, I believe Article 249 of the Constitution is attracted. I would request the Hon. Minister to examine whether it would attract Article 249 or not requiring resolution by the Council of States enabling Parliament to legislate regarding List II matters. It is a serious matter because the very devil of communalism is being sought to be attacked and put an end to.

SHRI Y. B. CHAVAN: As far as the legal aspects are concerned, I have also consulted the legal advisers, and I am proceeding on the basis of the advice that I have received and the advice is that this Bill does not conflict with that Article.

Shri George Fernandes has raised the point whether though we are introducing this Bill, here, we have at the same time advised the State Government to deal with the same Act in some different ways. I would like to make the facts and the record clear in this matter.

The first thing is that the Andhra Bill, we are advised, is before the Select Committee there. I do not know whether I could advise the Chief Minister or the Chief Minister can act on it, because the Bill is in the hands of the State Legislature, and the State Legislature has its own powers, functions and sovereignty. I do not want to interfere with that.

But, certainly, I have said one thing in the other House that as far as the content of the Bill is concerned, the Bill goes beyond the recommendations of the National Integration Council. It is a fact, I do not think that even the Chief Minister of Andhra Pradesh would dispute this one particular fact. This Bill and the Andhra Bill are quite different Bills in their content as such.

This Bill takes only clause 2 of the Punjab Security Bill; it does not go beyond that. The Andhra Bill goes even beyond the Punjab Security Bill. It is quite a comprehensive Bill.

Therefore, I had only said that I would be willing to discuss this matter with the Chief Ministers. Beyond that I cannot give any assurance to this House.

As regards the point raised about 'public order', I would submit that it is not likely to be used for any public order purposes as such unconnected with communal hatred etc. The wording of the Bill is like that. I would read out the same thing which he had read earlier, and possibly my reading itself will make the position very clear. The wording is as follows:—

> "The Central Government or a State or any authority so authorised by the Central Government in this behalf, if satisfied that such action is necessary for the purpose of preventing or combating any activity prejudicial to the maintenance of communal harmony and affecting or likely to affect public order...."

The wording is not 'or' but 'and'. It is 'and', and that makes all the difference. Anything that will lead to a public order matter as such is not likely to be

[Shri Y. B. Chavan]

covered by this; anything that is likely to affect communal harmony which will lead to a public order matter is likely to be covered.

No further explanations are necessary.

MR. SPEAKER: The question is: "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Indian Penal Code, the Code of Criminal Procedure, 1898 and the Representation of the People Act, 1951 and to provide against printing and publication of certain objectionable matters."

*The motion was adopted.*

SHRI Y. B. CHAVAN: I introduce the Bill.

12.39 HRS.

## DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (UTTAR PRADESH) 1968-69—*Contd.*

MR. SPEAKER: The House will now take up further discussion and voting on the Supplementary Demands for Grants in respect of the Uttar Pradesh Budget for the year 1968-69 as also the cut motions moved on the 26th August, 1968 in respect of those Demands.

As regards the discussion on U.P. Demands, I would like to say something. I know that a large number of Members would like to participate. But the time is very short. But immediately after this, we are having another discussion for about three hours regarding the extension of President's rule in U.P. I hope that the parties will see that those who have not participated on the Demands may be enabled to participate on that.

There is also one other suggestion namely that the Appropriation Bill may be passed and 4 hours may be taken in all on the resolution regarding the Proclamation in relation to U.P., so that everybody can speak in general on the problems of U.P., law and order etc., etc.

**श्री मधु लिमये** (मुंगेर): दो चर्चाओं को मिलाया न जाय। अलग अलग लिया जाय।

MR. SPEAKER: The Bill may be passed, and I was suggesting that 4 hours may be taken on the resolution. I thought that we could have one more hour on the discussion relating to U.P. Those who want to speak on this may speak on this. But I would appeal to those who have spoken already not to get up again.

SHRI RANGA (Srikakulam): What about the time for our party?

MR. SPEAKER: He will get twenty minutes, whether it be on this or the other one.

But we must finish these Supplementary Demands in one hour.

**श्री विश्वनाथ पांडेय** (सलेमपुर): श्रीमन्, कल मैं कह रहा था कि राष्ट्रपति शासन कितना ही सुन्दर और अच्छा हो लेकिन जन-प्रतिनिधि शासन के मुकाबिले लोग उस को पसंद नहीं करेंगे और यह दुर्भाग्य है उत्तर प्रदेश का कि उत्तर प्रदेश में जन-प्रतिनिधि शासन नहीं है और जन-प्रतिनिधि शासन न होने की वजह से कोई दूसरा विकल्प नहीं है सिवाय राष्ट्रपति शासन के। इस सदन में काफी चर्चा किया गया है कि उत्तर प्रदेश सब से पिछड़ा हुआ प्रदेश है। यह सही है। उस की जनसंख्या आज भारतवर्ष की जनसंख्या की 1/6 है। यह बात तो नहीं है कि उत्तर प्रदेश में इन 20 वर्षों के अन्तर्गत कोई विकास नहीं हुआ है, विकास हुआ है, लेकिन वह विकास नगण्य है। जिस तरीके से विकास होना चाहिए वह नहीं हो सका है। उस का कारण यह है कि केन्द्रीय सरकार की सहायता जो उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुई है वह जनसंख्या के आधार पर नहीं हुई है और न उस के पिछड़ेपन के आधार पर हुई है। दो पंच वर्षीय योजनाएं जो व्यतीत हुई उस में कोई भी केन्द्रीय उपक्रम

राज्य में स्थापित नहीं किया गया। यह खास वजह है जिस से उत्तर प्रदेश इतना पिछड़ा हुआ है। इस के पिछड़ेपन के कुछ आकड़े मैं प्रस्तुत करना चाहता हूं। 1950–51 में इस प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 252.62 रुपये थी लेकिन वही इस समय 227.60 प्रति व्यक्ति रह गई है जब कि भारतवर्ष की राष्ट्रीय आय 313.10 के करीब है। तो हर प्रान्त तो राष्ट्रीय आय में आगे बढ़ा लेकिन उत्तर प्रदेश और पीछे चला गया। इसी सन्दर्भ में मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के अन्दर 289 जिले हैं जिनमें 58 जिले बिलकुल निर्धन, बिलकुल पिछड़े हैं। उस में दो श्रेणियाँ हैं। 29 जिले ऐसे हैं जिन की प्रति व्यक्ति आय 146 रुपये है और दूसरी श्रेणी में 29 जिले ऐसे हैं जिन की प्रति व्यक्ति आय 147 रुपये है। इन दोनों ही श्रेणियों में 22 ऐसे जिले उत्तर प्रदेश के हैं कि जो पिछड़े हुए जिले हैं। उत्तर प्रदेश की 35 प्रतिशत जनता इन पिछड़े हुए जिलों में रहती है जिस में अधिकतर पूर्वांचल के, उत्तराखंड के और बुन्देलखंड के जिले हैं। इसी से आप समझ सकते हैं कि उत्तर प्रदेश कितना पिछड़ा हुआ है।

12.43 HRS.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair.*]

उत्तर प्रदेश की इस हालत में सुधार तभी हो सकता है जब कि केन्द्र उस को जनसंख्या के अनुपात में वित्तीय सहायता प्रदान करे।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश की जो अर्थ-व्यवस्था है वह कृषिप्रधान है। कृषि से 60 प्रतिशत आय होती है। 80 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर होते हैं। लेकिन कृषि की तरफ उत्तर प्रदेश की सरकार ने विशेष ध्यान नहीं दिया है। उत्तर प्रदेश में जो कृषि योग्य भूमि है वह करीब 4 करोड़ एकड़ है। इस वक्त करीब 3 करोड़ एकड़ भूमि पर खेती होती है। जनसंख्या 10 करोड़ है। अगर उस अनुपात से देखा एकड़ जाय तो लगभग आधा एकड़ प्रति व्यक्ति हिसाब पड़ता है। इस तरह से सर्वदा उत्तर प्रदेश अभावग्रस्त क्षेत्र रहेगा जहां तक कि खाद्यान्न का सवाल है। इस सम्बन्ध में हमें करना क्या चाहिए? करना यह चाहिए कि जो ग्रामीण अंचल है उस के अन्दर औद्योगीकरण करें और सिंचाई का समुचित साधन दें। मैं आप के माध्यम से यह आग्रह इस वक्त नहीं करना चाहता कि आप बीज अच्छा दें या फर्टिलाइजर दें। केवल सिंचाई का प्रबन्ध आप कर दें। लेकिन एक तरफ तो आप कहते हैं कि कृषक अन्न उपजावें और दूसरी तरफ जो प्रतिबन्ध आप सिंचाई के साधनों पर लगा रहे हैं वह असहय है। अभी आप ने सिंचाई शुल्क दुगुना कर दिया है। अब तक स्थिति इस प्रकार थी कि ग्रामीण अंचल में प्रति अश्व शक्ति प्रति वर्ष 90 रुपया गारन्टी ली जाती थी। किन्तु अब नई व्यवस्था इस प्रकार की गई है कि किसान को प्रति वर्ष लगभग दुगुना पैसा देना होगा। आप ने गारन्टी के तरीके में जो परिवर्तन किया है उस के फलस्वरूप अब उसे 10 अश्वशक्ति पर प्रति वर्ष 960 रुपया देना होगा। और इस के अलावा जो कृषि के काम के लिए बिजली लेगा, एक नलकूप 10 अश्वशक्ति का जो होगा उस में उस को 12 सौ रुपया बिजली का देना पडेगा यानी 2160 रुपये कुल उसे देने पड़ेंगे। आप सरकारी ट्यूबवेल लगाने नही जा रहे हैं। वह तब लगाएंगे जब 300 एकड़ के किसान एक साथ उस के लिए तैयार होंगे कि हम अपना खेत इस से भरेंगे और 20 प्रति एकड़ सिंचाई शुल्क देंगे। यह भी

[श्री विश्वनाथ पांडे]

अनुचित बात है। पहले तो सरकारी ट्यूबवेल जहां जरूरत थी वहां सरकार ने लगाए। तो मैं वित्त मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि इस वर्ष चौथी पंच-वर्षीय योजना के अन्दर आप सरकारी ट्यूबवेल कितना लगाएंगे और किस तरीके से सिंचाई के साधनों की जो कमी है उस को दूर करेंगे?

उत्तर प्रदेश में बाढ़ सर्वदा आती रहती है। इस वर्ष जो आंकड़े उस के हमारे सामने प्रस्तुत हैं वह बलिया और देवरिया के लिए प्रस्तुत हैं। वहां पर अत्यन्त गरीब लोग हैं जो कि बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। लेकिन वहां की सरकार उन को क्या दे रही है? नमक, दियासलाई और चने। जिन के घर गिर गए हैं, फसलें नष्ट हो गई हैं, जिन का सारा सामान नष्ट हो गया है, उन को दियासलाई, नमक और चने दिए जायं, यह एक हास्यास्पद चीज है। मैं अनुरोध करना चाहता हूं, और सौभाग्य से प्रधान मंत्री भी इस समय उपस्थित हैं, जिस प्रकार आप ने अन्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों को प्रधान मंत्री कोष से सहायता दी है उसी प्रकार प्रधान मंत्री कोष से देवरिया और बलिया के इन बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों को भी सहायता प्रदान करें।

हमारे गृह मंत्री भी इस समय मौजूद हैं। उन्होंने शांति और व्यवस्था के सम्बन्ध में कुछ आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की शांति और व्यवस्था में सुधार लाने के लिए डी० आई० जी०, आई० जी० और इंसपेक्टर्स बढ़ा दिए हैं और कोशिश कर रहे हैं कि क्राइम्स कम हों। लेकिन मैं कहना चाहता हूं, गृह मंत्री भी बैठे हैं और प्रधान मंत्री भी बैठी हैं, डी० आई० जी०, आई० जी० के बढ़ानें से जुर्म नहीं घट सकतें हैं उस के लिए आप को उस की बुनियाद में जा कर कारण ढूंढना पड़ेगा और उस के निवारण के लिए और तरह से काम करना पड़ेगा। इन्होंने खुद जो आंकड़े पेश किए हैं वह आप देखें। 1967 में हत्याएं 1234 हुई और दंगे 2845। 1968 में हत्याएं बढ़ कर 1323 हो गईं और दंगे 3044। इतने डी० आई० जी० और आई० जी० के होने पर भी हत्याएं और दंगे बढ़ते ही जा रहे हैं। यह तो ऐसे ही हुआ जितनें ही ज्यादा इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, डी० आई० जी०, आई० जी० आप ने बढ़ाए उतने ही यह हत्याएं और दंगे बढ़ते गए और जितना ही और बढ़ाएंगे उतने ही यह और बढ़ेंगे। बलिया का एक किस्सा मैं आप के सामनें रखना चाहता हूं। वहां पर महावीर जत्था निकला। प्रतिवर्ष रक्षा बन्धन के दिन वह निकलता है। वहां पर गोली चलाई गई और कई आदमी उस में हताहत हुए। अगर अधिकारी-वर्ग ठीक तरह से काम करते तो गोली चलाने का यह कोई वक्त नहीं था क्योंकि वह जुलूस वहां प्रति वर्ष निकलता है और वह सुनियोजित था, सुन्दर ढंग से जा रहा था। वहां के लोगों की एक मांग है कि उस की न्यायिक जांच करायी जाय। अगर उस में वहां के लोगों का कोई दोष नहीं है और सरकारी अधिकारीयों का दोष है तो अवश्य इस की न्यायिक जांच करायी जाय। इस में सरकार को एतराज नहीं होना चाहिए। मैं आप के माध्यम से मांग करता हूं कि बलिया में जो यह गोलीकांड हुआ है रक्षा बंधन के दिन उस की न्यायिक जांच करायी जाय।

इस के सम्बन्ध में मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश और बिहार में गन्ने के किसान हैं। जगजीवन बाबू ने ऐसी नीति अपनायी जिस नीति के द्वारा लोगों को काफी पैसा मिला गन्नें की कीमत के रूप में। मैं चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की सरकार केन्द्रीय सरकार

से प्रार्थना करे कि गन्ने की कीमत कम से कम 6 रुपये मन रखी जाय क्योंकि लकड़ी की कीमत आज 6 रुपये, सात रुपये मन है तो गन्ने की कीमत इस से कम न रखी जाय और जगजीवन बाबू ऐसी नीति अपनाएं जिस से किसानों को समुचित लाभ हो।

उत्तर प्रदेश में कोई बड़ा उद्योग स्थापित होने वाला है। मेरी प्रार्थना है कि आण्विक शक्ति का प्लान्ट किसी भी स्थान पर उत्तर प्रदेश में हो जिस से कि प्रदेश की हालत में सुधार हो। इस के अलावा पटेल आयोग ने जो संस्तुति की है, उस में बहुत से पुल भागलपुर में, भटनी में और नदावर घाट में बनाने की बात है, इन पुलों को पूरा किया जाय। इन शब्दों के साथ मैं डिमांड का समर्थन करता हूं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (बलरामपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में इस समय राष्ट्रपति का शासन है और प्रदेश में मध्यावधि चुनाव होनेवाला है। यह आशा की जाती है कि अब से लेकर मध्यावधि चुनाव होने तक शासनतन्त्र का दलगत लाभ के लिये उपयोग नहीं किया जायगा। मुझे यह कहते हुए खेद है कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति के शासन का उपयोग कर के कांग्रेस पार्टी चुनाव की दृष्टि से अपनी पैंतरेबाजी चला रही है। अधिकारियों की नियुक्ति में, यहां तक कि उन के तबादले में भी राजनीतिक प्रभाव काम कर रहा है। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महोदय प्रधान मंत्री से प्रेरणा लेते हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव गृह मंत्री के साथ जुड़े हुए हैं.....(**व्यवधान**).....जो राज्य के पुराने दो मुख्य मंत्री हैं उन के संघर्ष की पृष्ठभूमि में काम कर रहे हैं।

अभी राज्यपाल महोदय ने एक कमेटी बनाई है जो किसानों से सम्बन्धित कानूनों की देखभाल करेंगी तथा उन्होंने चौधरी चरण सिंह जी को उस कमेटी का प्रधान बनाया है। चौधरी साहब इस काम के लिये सर्वथा उपयुक्त हैं, मगर कांग्रेस के नेताओं को इस पर भी आपत्ति है और इस के लिये वह राज्यपाल की आलोचना कर रहे हैं कि राज्यपाल महोदय ने यह काम प्रधान मंत्री के इशारे पर किया है क्योंकि प्रधान मंत्री चाहती हैं कि चौधरी चरण सिंह भविष्य में आगे आयें। मैं नहीं जानता कि इस आरोप में कहां तक सच्चाई है...

**श्री चन्द्रजीत यादव** (आजमगढ़) : ऐसी बात मत कहो, वह तो आपके नेता हैं।

**प्रधान मंत्री, अणुशक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक कार्य-मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : कोई भी विषय हो माननीय सदस्य की कोशिश यही होती है कि उस को राजनीतिक रंग दिया जाय, कांग्रेस क्या कर रही है या कौन क्या कर रहा है.....

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : हम भूल जाते हैं कि बजट के अन्तरगत सब विषय आ सकते हैं, अब कठिनाई यह है कि उत्तर प्रदेश में क्या हो रहा है, इस की जानकारी आपको नहीं है।

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री कृष्ण चन्द्र पंत** : यह बजट की बहस नहीं चल रही है, सप्लीमेन्ट्री डिमाण्डस् हैं। दोनों के अलग अलग नियम हैं, बजट में सब के लिये कहा जा सकता है, सप्लीमेन्ट्री डिमाण्डस् में सब कुछ नहीं कहा जा सकता।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (बलरामपुर) पंत जी, अब याद आई है। जब तक पाण्डेय जी सब कुछ कहते रहे तब तक नहीं बोले।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The supplementary demands are a miniature budget. You must consider that.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : मेरा कहना यह है कि उत्तर प्रदेश के सरकारी अधिकारी दलगत राजनीति में भाग न लें—इस का प्रबन्ध करना बहुत आवश्यक है। अधिकारी अगर राजनीति में हिस्सा लेगें तो शासन बिगड़ जायगा, अधिकारी अगर गुटबन्दी में फंसेंगे तो जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर सकेंगे। मैं चाहता हूं कि इस आरोप की जंच की जाय—उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव फाइलें लेकर भूतपूर्व मुख्य मंत्री श्री चन्द्रभानु गुप्त के यहां जाते हैं....

**श्री शिव नारायण** : यह गलत है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : आपके कहने मात्र से गलत सिद्ध नहीं होगा।

**श्री शिव नारायण** : चरण सिंह को प्रेसिडेंट बनाया है—यह आपने खुद ही कहा है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : उपाध्यक्ष महोदय, आप स्वीकार करेंगे .....

**श्री महाराज सिंह भारती** (मेरठ) : दोनों के यहां जाते हैं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : दोनों के यहां जाते हैं—वह और भी गलत है। अगर उत्तर प्रदेश के अधिकारी इस तरह से राजनीति में दखल देगें तो यह शासनतन्त्र के लिये बहुत बुरा होगा। मैं एक और उदाहरण आपको दूं—जब चौधरी चरण सिंह विधान सभा में कांग्रेस दल छोड़ कर विरोधी दल में आ कर बैठे, उस समय तक वे मुख्य मंत्री नहीं बने थे—उन को बधाई देने के लिये अनेक अफसर गये—यह उत्तर प्रदेश के अफसरों की स्थिति है —चाहे यह कांग्रेस के लिये हो या विरोधी दल के लिये हो—स्वस्थ नहीं कहा जा सकता। मैं चाहूंगा कि प्रधान मंत्री महोदय, इस बात पर ध्यान दें। हम जानते हैं कि मध्यावधि चुनाव होने में कांग्रेस का स्वार्थ है, लेकिन...

**श्री शिव नारायण** : सब का स्वार्थ है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : हमारा भी स्वार्थ है, मगर हम शासन तन्त्र का दुरुपयोग करने की स्थिति में नहीं हैं, क्योंकि वहां पर राष्ट्रपति शासन है तथा केन्द्र सरकार उत्तर प्रदेश में शासन के लिये उत्तरदायी है। मैं चाहूंगा कि शासनतन्त्र का दुरुपयोग किसी भी दल के लिये नहीं होना चाहिये, न दल के किसी गुट के लिये होना चाहिए और जब तक मध्यावधि चुनाव नहीं होते आप अफसरों के तबादले बन्द कर दीजिये। अफसरों के तबादले चुनाव को ध्यान में रख कर कराये जा रहे हैं। मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं लेकिन मैं जगह बतला सकता हूं कि किस उम्मीदवार को हराने के लिये किस अफसर को भेजा जाय, इस का मोहरा बैठाया जा रहा है। कम से कम मध्यावधि चुनाव तक अफसरों के तबादले रोके जा सकते हैं– इस पर गम्भीरता से विचार होना चाहिये।

**श्री शिव नारायण** (बस्ती) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं उत्तर प्रदेश का हूं और वहां की जनता द्वारा इलैक्टेड मेम्बर हूं। मैं वाजपेयी जी से निवेदन करना चाहता हूं—प्रधान मंत्री जी भी यहां मौजूद हैं—हम दलगत बात नहीं करना चाहते हैं—आज वहां पर प्रेसिडेन्ट रुल है, डिक्टेटरशिप की सरकार है, जिसकी आप मांग करते थे, जिसका आप ख्वाब देखा करते थे, कांग्रेस गवर्नमेन्ट को गालियां देते थे, कहते थे निकम्मी सरकार है, इस को बदलो, डिक्टेटरशिप लाओ—वह नमूना आज उत्तर प्रदेश में मौजूद है। वहां के गवर्नर महोदय ने आठ रुपया फ़ी हार्स पावर रेट बढ़ा दिया है, इस से किसानों को बहुत बड़ा धक्का पहुंचा है। हम अमरीका से भीख मांगते हैं–

लेकिन जब किसान काम करना चाहता है तो पहले उस को साढ़े सात हार्स पावर के लिये 675 रु० सालाना देना पड़ता था, चाहे खर्च करे या न करे, आज उस को डबल कर दिया गया है। मैं किसानों की वोट से चुन कर आया हूं, इस लिये किसानों की वकालत करने यहां पर आया हूं। मैं प्रधान मंत्रीजी की नौलिज में भी इस बात को लाया हूं और वहां के चीफ़ सैक्रेटरी से भी कहना चाहता हूं कि वह गवर्नर साहब के पास हमारा यह मैसेज कन्वे कर दें—यह उचित नहीं है, अनुचित है, हमारी मांग है कि इस को एबोलिश किया जाय।

जैसा पांण्डेय जी ने कहा, मैं उस जिले से आता हूं जहां राप्ती नदी और उस की सात नदियां हैं। जब बरासात पड़ती है तो मालूम पड़ता है कि समुद्र आ गया है। बस्ती, गोरखपुर और देवरिया जिलों में घाघरा बढ़ती है तो पानी ही पानी दिखाई देता है, उस का कोई कन्ट्रोल नहीं है। मैंने उस समय यू० पी० गवर्नमेन्ट को एक सजेश्चन दी थी और उसे यहां पर भी रखा था कि 16 करोड़ रुपया खर्च करने से हम उस को कन्ट्रोल कर सकतें हैं। मैं चाहता हूं कि इस घाघरा नदी का कन्ट्रोल किया जाय। मैं यहां पर पोलिटिक्स डिस्कस करने नहीं आया हूं—मैं सरकार से मांग करता हूं—

गरीबों को मिले रोटी तो मेरी जान सस्ती है। मैं किसानों की मांग यहां पर पेश करनें आया हूं, इस मुल्क की मुसीबतों को हल करनें के लिये यहां पर आया हूं। फूड मिनिस्टर भी यहां पर बैठे हैं—मैं उन के बाजुओं को मजबूत करना चाहता हूं। उनको खेती कर के अन्न देना चाहता हूं, बजाय बिदेशों से और दूसरे राज्यों से भीख मांगने के हम अपने बाजुओं से काम कर के सरकार को अन्न देना चाहते हैं।

चुनाव की जो बात वाजपेयी जी ने उठाई—मैं कहता हूं कि किसी अफसर का ट्रांसफर न करें—हमारे अफसर बहुत ईमान्दार हैं। मैं जैनरल इलैक्शन में लड़ कर आया हूं, हमारे यहां दो अफसर थे—मैं दोनों की सराहना करना चाहता हूं। मैं ईमान्दारी से कहना चाहता हूं कि जब मैंने कलैक्टर से कहा कि बड़ी गुण्डागर्दी हो रही है, मगर उन्होंने कहा कि बरदाश्त करो। हमारे यहां मशहूर था, जनसंघ पर चार्ज लगाते थे, लेकिन हम ने बरदाश्त किया। मेरे यहां बहुत से अफसर आते हैं, चले जाते हैं, मैं पहचानता तक नहीं, क्योंकि मैं उन के एडमिनिस्ट्रेशन में दखल नहीं देना चाहता हूं। लेकिन आपके शिक्षा विभाग से एक किताब निकली है—पन्त जी, यहां पर मौजूद हैं—मेहरबानी करके ज़रा उस किताब का ज़िक्र कर देंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: He may resume his speech after lunch.

13.00 HRS.

*The Lok Sabha adjourned for lunch till Fourteen of the Clock.*

*The Lok Sabha reassembled after Lunch at five minutes past Fourteen of the Clock.*

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair.*]

## DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (UTTAR PRADESH) 1968-69—*Contd.*

**श्री शिव नारायण**: माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मुझे खुशी है कि हमारे स्टेट फाइनेन्स मिनिस्टर साहब यहां बैठे हुए हैं, मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि नैनीताल के इलाके में और अलमोड़ा के इलाके में मैं दौरा करके आया हूं, वहां पर जितनी गरीबी है वह अन्यत्र देखने को नहीं मिलती है। मुझे देखकर

[श्री शिव नारायण]

तरस आया। मैं तमाम जगहों पर घूमा हूं। बुन्देलखंड के इलाके में लोग गढ़े का पानी पीते हैं, उनको पीने का पानी तक एवेलेबिल नहीं है।

"रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून
पानी गये न ऊबरै मोती, मानुष, चून।"

यह बहुत गम्भीर बात है। आज उत्तर प्रदेश में प्रेसीडेन्ट रूल है। मैंने पहले भी कहा था और आज फिर कहता हूं कि बुन्देलखंड के इलाके को इग्नोर न किया जाए बल्कि गम्भीरतापूर्वक उसपर ध्यान दिया जाए। वह बड़ा अच्छा इलाका है। बड़ी मात्रा में वह गेहूं पैदा करके दे सकता है बशर्ते कि आप वहां पर पानी का इन्तजाम कर दें, खाद की कोई आवश्यकता नहीं है।

अब मैं ला ऐन्ड आर्डर पर आता हूं। मुझे अफसोस है कि यहां पर होम मिनिस्टर साहब मौजूद नहीं हैं। मैं यहां पर कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में आजला ऐन्ड आर्डर नहीं है। हरिजनों के साथ जुल्म हो रहा है, उनके सर पर नंगी तलवार नाच रही है। आंध्र से जरा सी आवाज हुई तो आप एलर्ट हो गए लेकिन उत्तर प्रदेश के लिए आपके कान पर जूं तक नहीं रेंगती है। आज पूर्वी उत्तर प्रदेश टोटली नेग्लेक्टेड है। जिस इलाके को हम बिलांग करते हैं वह वहां पर भी टोटली नेग्लेक्टेड है और इस सरकार में भी टोटली नेग्लेक्टेड है। सरकार में भी उस इलाके का कोई रिप्रेजेन्टेटिव नहीं है। उत्तर प्रदेश का वह पूर्वी इलाका आज जर्जरित हो रहा है। जब श्री टी० टी० कृष्णमाचारी यहां पर फाइनेन्स मिनिस्टर थे तो उनसे हमने एप्रोच की थी और उन्होंने बस्ती, बलिया को पटेल कमीशन के अन्तर्गत शामिल कर लिया था लेकिन बीच में गोरखपुर को छोड़ दिया गया। गोरखपुर उस इलाके का सबसे बड़ा जिला है, वहां पर यूनिवर्सिटी है, शिक्षा का केन्द्र है, रेलवे का जंक्शन है। उस जिले को इग्नोर नहीं किया जाना चाहिए।

जैसा कि मैं पहले कह रहा था, ला ऐन्ड आर्डर की सिचुएशन यह है कि थाने में जो भी रिपोर्ट लिखाने के लिए जाता है, वही पीटा जाता है और थानेदार साहब उसी से पैसा वसूल करते हैं। यह आलम है वहां पर एडमिनिस्ट्रेशन का। उत्तर प्रदेश के अफसरान नोट करें, हम कोई कच्चे खिलाड़ी नहीं हैं बल्कि पक्के हैं, जिस अफसर के खिलाफ भी करप्शन के चार्जेज हों उसकी पूरी जांच होनी चाहिए। इस मामले में मैं वाजपेयी जी से एग्रीड हूं कि अफसरान के खिलाफ कोई चार्जेज हों तो उसकी पूरी जांच होनी चाहिए।... (व्यवधान) .....मैं वही कह रहा हूं कि हत्यायें हो रही हैं, जुल्म हो रहे हैं, लोग मारे पीटे जा रहे हैं। यह बात एक कांग्रेस वाला कह रहा है, कोई अपोजीशन वाला नहीं कह रहा है। कांग्रेस का ही यह दम है कि हम जो भी चाहें कह सकते हैं। यह चेकोस्लोवाकिया नहीं है और न यहां पर हम आप की तरह रूस के ही नमूने हैं। हमको हर बात कहने की फ्रीडम है। इसलिए मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि जो हम बताते हैं उसपर अमल करो। आज हमारे हरिजनों के लड़के एम. ए. पास हैं लेकिन उनको नौकरी नहीं मिलती है। इस बात के लिए मैं ने पन्त जी का अटेन्शन दा किया है। जनसंघ के नेताजी यहां से चले गए हैं, एक आफिसर से किताब लिखवाई गई है, मैं कहता हूं कि गवर्नर साहब उसकी जांच क्यों नहीं करते हैं? मैं चीफ सेक्रेटरी साहब से और गवर्नर साहब से मांग करता हूं कि वे इस बात की

जांच करायें कि ऐसी गन्दी किताब किसने लिखी है। डिमोक्रैसी का हनन करने के लिए वह किताब लिखवाई गई है, उसको तो चौराहे पर फुंकवा देना चाहिए और उस आदमी के खिलाफ ऐक्शन लेना चाहिए।

**श्री रणधीर सिंह** (रोहतक) : किताब का नाम क्या है ?

**श्री शिव नारायण** : सभी जानते हैं।

**एक माननीय सदस्य** : वह किताब किस ने लिखी है ?

**श्री शिव नारायण** : पंत जी जानते हैं। मेरा अनुरोध है कि करप्शन जोकि उत्तर प्रदेश के प्रशासन में व्याप्त है उस को मिटाने के लिए मंत्री महोदय गम्भीरतापूर्वक विचार करें।

ट्यूबवैल्स के बारे में बहुत अंधेरगर्दी है। उदाहरणस्वरूप मैं बतलाना चाहता हूं कि पिपरा गौतम भेलवाल में एक लक्ष्मीसिंह ठाकुर किसान हैं। उन्होंने भारत की आजादी के लिए बहुत त्याग व तपस्या की है और जबकि उस गांव के उन ठाकुरों ने हलदी की एक नाव को लूट लिया था तो अंग्रेजों ने उस इलाके को तबाह कर दिया था, उन्होंने ट्यूबवैल के लिए जमाना हो गया दरख्वास्त दी थी लेकिन अभी तक उन को वह ट्यूबवैल नहीं दिया गया। मैं चाहूंगा कि इस बारे में जांच की जाय।

मेरे मित्र श्री के० के० नायर सदन में बैठे हुए हैं वह आप को उस प्रदेश के प्रशासन के बारे में बतलायेंगे कि वहां कैसा अंधेर मचा हुआ है। मैं अन्त में और अधिक न कहते हुए उत्तरप्रदेश की बजट ग्रांट्स का समर्थन करता हूं और मांग करता हूं कि पिछली संविद सरकार ने हमारे गरीब हरिजन बच्चों के लिए शिक्षा सम्बंधी ग्रांट जोकि उन्हें मिला करती थी उसे उसने बंद कर दिया था वह फिर से चालू कर देने की कृपा करें। इन शब्दों के साथ मैं उत्तर प्रदेश की बजट डिमांड्स का समर्थन करता हूं।

**श्री महन्त दिग्विजय नाथ** (गोरखपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश की सप्लीमैंटरी डिमांड्स फौर ग्रांट्स पर अपने विचार प्रकट करने का जो आपने मुझे अवसर प्रदान किया है उस के लिए मैं आप का बड़ा अनुगृहीत हूं।

मैं उस जगह से आ रहा हूं जोकि भारतीय स्वातंत्र्य संग्राम का स्थल रहा है चाहे वह सन् 1857 का स्वातंत्र्य समर हो या वह सन् 1921 की भारतीय स्वतंत्रता प्राप्ति का आंदोलन हो। भारतीय राजनीति में सदा उस का एक बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। देश की खातिर वहां के लोगों ने जितना त्याग व बलिदान किया है उतना देश के अन्य किसी हिस्से में नहीं हुआ है। लेकिन मैं आप को उसी के साथ यह भी बतलाना चाहता हूं कि वहां के लोग इतने गरीब हैं कि एक वक्त भी उन को भरपेट भोजन नहीं मिलता है। और सूबों के मुकाबले वहां पर इतनी अधिक आबादी है, और भूमि भी उस के अनुसार कम है इसलिए वहां आवश्यक खाद्यान्न का उत्पादन नहीं कर सकते हैं और वह इस स्थिति में नहीं हैं कि वह अपने बच्चों को दोनों वक्त भरपेट खाना खिला सकें। वहां पर काफ़ी गरीबी फैली हुई है। वहां के लोग कोयला खानों में मजदूरी करने के लिए बाहर जाते हैं यानी झरिया, धनबाद और रानीगंज कोल माइंस में आप को यहां के लोग मजदूरी करते बहुत अधिक मिलेंगे। इतना ही नहीं, यहां के लोग देश से बाहर भी मजदूरी करने जाते हैं और बैंगकाक और अन्य देशों में मजदूरी आदि करके अपना जीवनयापन करते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि गोरखपुर पूर्वी अंचल की

[श्री महन्त दिग्विजय नाथ]

एक ऐसी जगह है और जिसमें देवरिया, बस्ती और बिहार का भी कुछ हिस्सा आता है जहां पर कि आप को पूरा पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

वह कृषि प्रधान क्षेत्र है और उस की उन्नति की ओर विशेष रूप से सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। आप उधर नैपाल की तराई के किनारे पर चले जाइये। वहां पर केवल एक फसल होती है जिसको कि लेट पैडी यानी अगहनी कहते हैं। सिंचाई का कोई साधन नहीं है वर्षा पर्याप्त नहीं होती है और परिणामतः पांच साल में केवल दो साल की ही फसलें होती हैं और पानी के अभाव में तीन वर्ष सूखा रहता है। न तो वहां पर बिजली के कुएं हैं और न ही लिफ्ट इरीगेशन की व्यवस्था है। न वहां पर नहरें हैं न कुएं, तालाब आदि हैं और सिंचाई के लिए किसी प्रकार का साधन वहां पर न होने के कारण जो ऐरिया धान के लिए सरप्लस ऐरिया है और दूसरे जिलों को धान दे सकता था वह स्वयं अपने खाने भर भी अनाज पैदा नहीं कर सकता है। मेरा सुझाव है कि गवर्नमैंट वहां पर अपनी ओर से अधिक से अधिक ट्यूबवैल्स लगाये और साथ ही यह भी बहुत आवश्यक है कि उन्हें बिजली सस्ती दर पर उस के लिए मुहैय्या की जाय। आज राष्ट्रपति शासन के दौरान किसानों को बिजली महंगी दर पर दी जा रही है अर्थात् 8 रुपया फ़ी हौर्स-पावर प्रति मास के हिसाब से दी जा रही है। एक साल में 96 रुपया हम को अधिक देना पड़ रहा है। अगर दस हौर्स पावर पर हिसाब फैलाया जाय तो 960 रुपया आता है। इसके अतिरिक्त जो बिजली खर्च होती है उसका अलग से शुल्क लिया जाता है। नतीजा यह हो रहा है कि बहुत से ट्यूबवैल्स जोकि प्राइवैट्ली लोगों ने लगाये भी हैं वह भी उन्हें डिस्कनैक्ट करने जा रहे हैं। बजाय इस के किसान लोग उन ट्यूबवैल्स को बिजली से चलायें उन्हें उन ट्यूबवैल्स को डीज़ल आयल से चलाना सस्ता पड़ेगा। चार महीने बरसात में बिजली इस्तेमाल नहीं होती है लेकिन बिजली का उस चार महीने के लिए उन से सरचार्ज वसूल होगा। मैं चाहता हूं कि सरकार इस बिजली की दर को सस्ती करने के बारे में ध्यान दे। अगर उन को बिजली सस्ती दर पर नहीं दी गयी तो कृषि उत्पादन में कमी हो जायगी और लोग भूखों मरेंगे। मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि वहां पर कुंओं में रहट लगाये जा सकते हैं और वहां पर ट्यूबवैल्स की जगह पर लिफ्ट इरीगेशन की व्यवस्था करें, बड़े बड़े तालाबों से लिफ्ट इरीगेशन से आप पानी दे सकते हैं।

रुपये के अभाव में वहां गंडक की योजना अभी तक तैयार नहीं हुई है लेकिन जब भी वह 2, 3 या 4 वर्ष के बाद तैयार हो जायगी तो उस से बिहार के भी बहुत से हिस्से को पानी मिल सकेगा। साथ ही पूर्वी हिस्सा जो आप का गोरखपुर या देवरिया का है उस को भी पानी मिल सकेगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि फ़ाइनैंस मिनिस्टर साहब इस पर अधिक से अधिक ध्यान देकर इस गंडक योजना को पूरा कर दें और ऐसा करके वह एक बहुत बड़ा उपकार इस अंचल का कर सकेंगे।

मैं एक बात की तरफ़ और हाउस का ध्यान दिलाना चाहता हूं और वह यह है कि उद्योगपतियों को विशेषकर अल्युमीनियम के कारखाने के लिए जो रिहैन्द डैम से बिजली दी जाती है उस की दर खेती वालों को दी जाने वाली बिजली की दर से बहुत कम है। मज़े की बात यह है कि उद्योगपतियों के लिए तो कारखाने के लिए बिजली की दर

में रिआयत दी गई है लेकिन खेती वालों के लिए उस में बिलकुल रिआयत नहीं है। मेरा निवेदन है कि इस चीज़ पर ध्यान दिया जाय और यह बिजली के रेट किसानों के लिए कम करने और पानी के साधन उन्हें मुहैय्या करने के बारे में गम्भीरतापूर्वक विचार करें।

किसानों को उचित कीमत पर खाद और उन्नत बीज मुहैय्या करने चाहिए। जो एन ई एस ब्लाक्स है इन को बिलकुल खत्म कर देना चाहिए और जो पैसा इस तरह से बचे वह बिजली, खाद और अच्छे बीज किसानों को देने पर खर्च किया जाय और अगर ऐसा किया गया तो खाद्यान्न का उत्पादन काफ़ी बढ़ सकेगा।

इस के बाद मैं कुछ शब्द इन सांप्रदायिक दंगों के बारे में आप से कहना चाहता हूं। आखिर क्या आप ने कभी सोचा है कि यह साम्प्रदायिकता या यह राष्ट्रीयता है क्या? इस देश का विभाजन साम्प्रदायिक आधार पर हुआ था। जो यहां पर बहुमत में हैं वह हिन्दुस्तान के नेशनल्स है इसलिए साम्प्रदायिक दंगों के नाम पर इस तरह हिन्दु बहुसंख्यक को बदनाम करना हमारे ख़याल से उचित बात नहीं है।

अब इस का थोड़ा सा इतिहास मैं बतला देना चाहता हूं कि साम्प्रदायिक दंगों के पीछे किस का हाथ है? अगर यह थोड़ा सा आप की समझ में आ जाय तो आप इस समस्या को सही रूप में समझ सकेंगे। हकीकत यह है कि सन् 1947 के बाद से सन् 1960 तक कोई साम्प्रदायिक दंगे इस देश में नहीं हुए। सन् 1961–62–63 और 64 इन चार सालों में ज्यादा दंगे हुए। सन् 1965 में कुछ कम हुए और वह इसलिए कि पाकिस्तान का हमला हुआ लेकिन 66–67 और 68 में फिर अधिक दंगे शुरु हो गये? आखिर इस का क्या कारण है? दरअसल यह एक बहुत बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय षड़यंत्र हमारे देश के खिलाफ़ चल रहा है कि अंदरूनी तरीक़े से हम लोगों को कमजोर कर दिया जाय और फिर बाहरी आक्रमण करके इस देश को गुलाम बना दें। यह बहुत बडा षड़यन्त्र है जिसके लिए सरकार को सतर्क होना चाहिए। अगर उस पर आप ने ध्यान नहीं दिया और सावधानी व सतर्कता नहीं बर्त्ती तो देश का बड़ा अहित हो सकता है। आप समझ लीजिये कि दूसरे देशों में भी अल्पसंख्यक लोग हैं लेकिन यह साम्प्रदायिक दंगे के नाम पर कहीं भी किसी भी देश में यह नहीं हुआ चाहे वह पाकिस्तान हो, चीन हो, अरब हो, टर्की हो या ईरान हो। कहीं भी आप चले जाइये आप को यह साम्प्रदायिक दंगे होने की बात नहीं सुनने को मिलेगी। इसलिए सब से आवश्यक बात यह है कि आप इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार करें कि आख़िर इन साम्प्रदायिक दंगों की जड़ में किन का हाथ है और वह कहां से शुरू होते हैं। अगर अल्प-मत वाले शुरु करते हैं तो उस का जवाब आप दे देते हैं कि उन के साथ बहुमत वालों ने बहुत बड़ी ज्यादती की है। और उस का परिणाम किस को भुगतना पड़ता है? उन अफसरों को जो शांति स्थापना करना चाहते हैं।

अभी थोड़े दिन हुए हैं इलाहाबाद में साम्प्रदायिक दंगा किस कारण से हुआ? रंग खेलनें के कारण। पहले हिन्दू और मुसलमान रंग में सम्मिलित होते थे। फिर अगर तुम को रंग से परहेज है तो तुम वहां क्यों जाते हो? अब अगर रंग पड़ ही गया तो तुम्हें क्षमा करना चाहिये था। लेकिन एक घंटे बाद झगड़ा शुरू हो जाता है और एक बहुसंख्यक आदमी मारा जाता है। इस का मतलब यह नहीं है कि बहुमत ने कोई ज्यादती की या जिन लोगों ने शांति स्थापना

[श्री महन्त दिग्विजय नाथ]

करना चाहा उन को वहां से ट्रांस्फर कर दिया जाये। मैं नहीं कहता कि उन को वहां से ट्रांस्फर न किया जाये, मैं नहीं कहता कि उन को सजा न दी जाये, लेकिन इस के माने यह भी नहीं हैं कि बगैर किसी जांच पड़ताल के अफसरों को वहां से हटा दिया जाये। अगर इस तरह से किया गया तो उन का मोराल गिर जायेगा। वह अपने मन में सोचनें लगेंगे कि उन्हें क्या जरूरत है कि वे शांति स्थापना करें? इस लिये गवर्नमेंट को इन मामलों में विशेष रूप से जांच करनी चाहिये।

अभी रक्षा बन्धन के रोज बलिया में एक काण्ड हुआ। क्या हिन्दू लोग अपने त्योहार न मनायें? क्या बात थी कि गोली चलाई गई? जब कभी अंग्रेजों के वक्त में गोली चलती थी तब हम लोग उस की निन्दा करते थे, लेकिन आज आये दिन पुलिस गोली चला रही है। क्या आज कोई और जरिया नहीं है जिस से पुलिस शांति स्थापना कर सके? इस लिये आवश्यक है कि हम पुलिस की इन कार्रवाइयों की भर्त्सना करें। राष्ट्रपति शासन में अक्सर गोली चल रही हैं। सरकारी रिपोर्ट में दिखाया गया है कि दो तीन महीनों से कहीं गोली नहीं चली और बड़ी शांति रही। लेकिन बलिया में क्या हुआ? वहां महावीर जी का जलूस निकल रहा था। वहां पर गोली चलाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। इसी तरह से मैं गोरखपुर की एक बात बतला दूं। वहां पर एक डाकू है जिस का नाम राम किशन है। पुलिस अफसरों को वह पकड़ ले गया। जब पुलिस वाले अपनी रक्षा नहीं कर सकते तब देश की रक्षा वह कैसे करेंगे? आप जा कर देखिये। वहां पुलिस पड़ी हुई है, पुलिस का डी एस पी बाहर से आया हुआ पड़ा है। डाकू वहां घूमता रहता है लेकिन आज तक उस को पकड़ा नहीं जा सका है। आप वहां जा कर पता कर सकते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आज निरीह जनता पर गोली चलाने के लिये यह तैयार हैं लेकिन जो डाकू और बदमाश हैं उन को पकड़ने में असमर्थ हैं। आज वहां की मौजूदा पुलिस के लिये जो हमारे खर्च और पैसे से पल रही है हम से अनुदान मांगा जाय यह बेकार की चीजहै।

आज शांति स्थापना करने के लिये सब से बड़ी आवश्यकता यह है कि वहां के लोगों का सहयोग प्राप्त किया जाये और उन लोगों के साथ प्रेम के साथ बात की जाये। अंग्रेज बेवकूफ नहीं थे। वह चले गये यह अच्छा हुआ, लेकिन उन के गुणों को हमें लेने की जरूरत है वह लोग गांव के पटवारी को, चौकीदार को, जमीदार को, सरपंच को सब को मिला कर शांति स्थापना करते थे। उस समय इतनी पुलिस भी नहीं थीं। लेकिन आज आप पुलिस बढ़ाते चले जा रहे हैं और हमारे ऊपर आक्रमण होते चले जा रहे हैं।

इस समय सुरक्षा की स्थिति बड़ी भयंकर हो रही है। इस के सम्बन्ध में मैं एक बात कह देना चाहता हूं कि हमारे प्रदेश का जो बार्डर है वह नेपाल से मिला हुआ है। अगर कोई चीन से गोरखपुर आना चाहे तो गोरखपुर सीधा कनेक्ट हो गया है पोखर से। पोखर हो गया कनेक्ट काठमांडू से और काठमांडू नेपाल से। एक सीधा मार्ग बन गया है। इस लिये सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही चौकसी वहां करने की जरूरत है। कोई भी आदमी चाहे वह पाकिस्तान का हो या कहीं का हो एम्बैसी में आ सकता है। बार्डर सील नहीं हुआ है। गोरखपुर बस्ती जहां चाहे वह जा सकते हैं और वहां के लोगों को उठा ले जा

सकते हैं। इस लिये मेरा नम्र निवेदन है कि वहां के लिये सरकार को सतर्क होना चाहिये। अगर उस ने वहां पर ठीक से सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की तो देश फिर गुलामी की जंजीर में फंस जायेगा।

एक चीज मैं आप के सामने शिक्षा के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। आज तक इस देश का शिक्षा का सिस्टम नहीं बदला है। मेकाले के सिस्टम से ही आज देश की शिक्षा चल रही है जिस के कारण बेकारी बढ़ती चली जा रही है। जब तक यह सिस्टम चलता रहेगा बेकारी बढ़ती चली जायेगी और हम गुलामी की जंजीर में फंसते चले जायेंगे। जब तक अपनी आवश्यकता के अनुसार, राष्ट्र की आवश्यकता क्या है, उस के अनुसार, देश में चेतना आये, देश में राष्ट्रयीता आये जिस से देश का मोराल बढ़ सके, ऐसी शिक्षा का निर्माण आप नहीं करेंगे और मेकाले का सिस्टम चलायेंगे तो होगा क्या कि हमारे यहां शिक्षा का स्तर गिरता चला जायेगा। आज तो आप ने शिक्षा के स्थानों में भी ट्रेड यूनियननिज्म घुसेड़ दिया है। जब विद्यार्थी ट्रेड यूनियन वहां नहीं थी तब शिष्य और गुरु में अपना एक सम्बन्ध होता था क्योंकि उन लोगों में भावना थी साथ यह भी कारण था कि रिलिजस ट्रेनिंग हुआ करती थी। शिष्य में एक आध्यात्मिक भावना आती थी कि गुरू पिता के तुल्य है इस लिये शिष्य के दिल में कभी यह भावना नहीं आती थी कि वह पिता के तुल्य गुरु के खिलाफ कोई आवाज उठाये। लेकिन आज तो आये दिन टीचर मारे जाते हैं। अगर कोई नकल करता हुआ पकड़ लिया गया तो टीचर के छुरा भौंक दिया जाता है। यह इस कारण है कि वहां पर यूनियन हैं और यूनियन को पोलिटिकल पार्टीज अपने हितों के लिये प्रयोग करती हैं। जो विद्या का मंदिर, देवी का मंदिर माना जाता था वह नष्ट हो रहा है। इस लिये शिक्षा मंत्री जी से मेरी विनंती है कि हिन्दुस्तान की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षा के रूप में आमूल परिवर्तन होना चाहिये। इसी तरह से आप देश को बचा सकेंगे अन्यथा नहीं।

दूसरी सब से बड़ी चीज जो मुझ को कहनी है वह यह कि सड़कों का निर्माण जल्दी से जल्दी होना चाहिये। आप देहातों में चले जाइये। वहां पर देश की रक्षा के लिये किस चीज की आवश्यकता है इस को बेचारा किसान नहीं समझता। इस लिये सुरक्षा की दृष्टि से बार्डर की तरफ जो सड़के हैं उन का सरकार को जल्दी से जल्दी निर्माण कराना चाहिये। वहां के याता यात के लिये और अगर हम को बार्डर एरियाज में फौज जल्दी जल्दी भेजनी पड़े तो उस को जल्दी भेजने के लिये, बार्डर की सुरक्षा के लिये इस की व्यवस्था की जानी आवश्यक है।

**श्री महाराज सिंह भारती** (मेरठ): उपाध्यक्ष महोदय, क्या हम को मौका नहीं मिलेगा। हम लोग यहां कल से बैठे हुए हैं। लेकिन हमारी पार्टी के किसी आदमी को मौका नहीं मिला।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You will get your time.

**श्री महराज सिंह भारती**: क्या मंत्री महोदय के बोलने के बाद मौका मिलेगा?

MR. DEPUTY-SPEAKER: When we started further discussion of the Supplementary Demands it was announced that because immediately after the continuation of the Proclamation was also coming up, either they should be taken together or time should be provided. We will finish this in one hour and again three hours will be left.

SHRI S. KANDAPPAN (Mettur): Can we talk about the Budget there?

**श्री महाराज सिंह भारती** : आप को पहले से सोचना चाहिये था। पहले तो आप सदस्यों को पन्द्रह पन्द्रह मिनट देते चले गये। क्या आप हम को पांच मिनट भी नहीं देंगे ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: He will get his time. I have not called anyone from this side also.

**श्री मौलहू प्रसाद** (बांसगांव) : हमारी पार्टी को आप को टाइम देना ही पड़ेगा। (**व्यवधान**)

**श्री महाराज सिंह भारती** : इस तरह से तो काम नहीं चलेगा। क्या आप हम को पांच मिनट भी नहीं देंगे ? या तो आप हम से शुरू ही में कह देते कि हमारे दल से किसी को समय नहीं देंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You were not here, perhaps; I do not know.

**श्री महाराज सिंह भारती** : मैं कल से लगातार यहां बैठा रहा हूं, आज भी लगातार बैठा रहा हूं। चिट्ठी भी आप के पास भेजी है। इस का क्या मतलब है कि हम को टाइम नहीं दिया जायेगा ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Professor Ranga raised this issue.

**श्री महाराज सिंह भारती** : आप चाहे जिस जिस से सलाह लीजिये। भले ही आप एक एक दो दो मिनट बुलवाइये, लेकिन सब को समय मिलना चाहिये। यह गलत बात है उत्तर प्रदेश आठ करोड़ की आबादी का प्रदेश है.... (**व्यवधान**)।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You will resume your seat.

**श्री मौलहू प्रसाद** : अगर हमें समय नहीं मिलेगा तो यह सभा नहीं चलेगी।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have not called anyone from this side also. Shri Bharati will get his time. I am not curtailing the time. Shri Bharati's name is there.

**श्री महाराज सिंह भारती** : इस के बाद मैं नहीं बोलूंगा। आप टाइम देंगे तब भी नहीं बोलूंगा। आप मुझे अभी बोलने दीजिये। मैं इस तरह से बोलने वाला नहीं हूं कि किसी भी विषय पर बोल लूं। जिस पर मैं तैयारी करता हूं उसी पर बोलता हूं। मैं इर्रेलेवेंट नहीं बोलता हूं।

SHRI RANDHIR SINGH: Let Shri Maharaj Singh Bharati speak.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): You remember, Sir, the time for these Supplementary Demands was only one hour. In that case all parties will not get even 10 minutes or 5 minutes each. The Speaker in his wisdom, therefore, decided about 2 hours for this..... (*Interruption*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Banerjee, you are making a mistake. We have increased it to 2 hours and 2 hours are over now—just 10 minutes remain. (*Interruptions*).

SHRI S. KANDAPPAN: Sir, I was here yesterday and I know what was happening yesterday. Mr. Maharaj Singh Bharati belongs to the S.S.P. group and he is very keen to speak on the Supplementary Demands of U.P. He was waiting here till 7 O'Clock yesterday, till the House adjourned. Today, I find—I do not mean to cast any reflection on anybody—from the proceedings that two spokesmen from the Jan Sangh Party have spoken on the Supplementary Demands of U.P. alone. Now, here is a group which has got a stake in U.P. They are interested in the mid-term U.P. elections. My Party did not claim any time and I do not want to speak at all. I do not know anything about U.P. affairs. As far as we are concerned, we do not want to take any time and we do need

it. But here is a group which is going to face the elections in U.P. They have got a stake in the U.P. elections. They have to make some points. It is their genuine demand. At least those groups who have separate identities and who are interested in U.P. should be given a little time. There is, for example, the motion for the continuation of the Proclamation in U.P. On that, he cannot speak about the budget and he cannot demand a reply from the Finance Minister. It is only fair that you extend the time a little for the S.S.P. and other separate groups who are interested in U.P. affairs.

MR. DEPUTY-SPEAKER: We had increased the time to 2 hours for Supplementary Demands and 2 hours are almost over. We have 3 hours for the continuation of the U.P. Proclamation. What I would suggest is that if some Members would like to participate on the Supplementary Demands only just now, I will make an adjustment of half an hour. This morning, when the issue was raised by Prof. Ranga, it was ruled that we may combine both the things and the reply can come later on. But that was not accepted by the House. I will call Mr. Maharaj Singh Bharati. If everybody insists on speaking on the budget, it will not be possible. I am only making an adjustment and I will curtail the time on the other thing. I wanted to adjust it with the concurrence of the House.

**श्री महाराज सिंह भारती** (मेरठ) : जनतंत्र में नीति निर्धारित करने का काम राजनीतिज्ञों का होता है और उस नीति को व्यावहारिक रूप देने का काम जो है वह कार्यपालिका का होता है। जिस जनतंत्र में नीति निर्धारित करते हैं अफसर और उस पर अमल करने का काम अपने ऊपर ले लेते हैं। राजनीतिक और वे हर छोटे बड़े काम में अपनी टांग अड़ाया करते हैं वह जनतंत्र सड़ जाता है। जिस देश में बड़े बड़े अफसर ही नहीं छोटे अफसर भी अपनी मर्जी से नीति निर्धारित करने लग जाते हैं वहां तो जनतंत्र बहुत ही बुरी तरह से सड़ जाता है। यही हालत आज उत्तर प्रदेश की हो रही है। संविधान में आपने जो कुछ भी व्यवस्था कर रखी है, उसका हनन करके और उसकी आत्मा का हनन करके कई पुलिस के अधिकारी अपनी मर्जी से अपने इलाकों में खुद अपनी नीति निर्धारित करते फिरते हैं। इसके मातहत वे आगरे में लूट मचाते हैं और मथुरा के अन्दर जब लोग आते हैं कहने के लिए कि हमारे गांव डूब गए हैं, उन में से पानी निकालो तो उन पर लाठी प्रहार करके उनको जेलों में बन्द कर दिया जाता है। कहीं पर तो महिलाओं को नंगा करके उनका जलूस निकाला जाता है। यह सवाल उनके अन्याय का नहीं है बल्कि सवाल यह है कि उनकी मनोवृत्ति किस प्रकार की बना दी गई है। वे जैसे चाहें, जिस तरह से चाहें नीति बना सकते हैं और अपना काम चला सकते हैं। अगर इसको बदला नहीं जाएगा तो जनतंत्र सड़ जाएगा, कांग्रेस के लिए ही नहीं बल्कि सब के लिए सड़ जाएगा।

बिजली के सम्बन्ध में हमने अखिल भारतीय स्तर पर तय किया था कि बारह नए पैसे फी यूनिट से ज्यादा किसी भी किसान को हिन्दुस्तान के किसी भी हिस्से में बिजली नहीं दी जाएगी और बिजली की अगर लागत ज्यादा आएगी तो उसको सूबे की तरफ से और केन्द्र की तरफ से सबसिडाइज किया जाएगा। लेकिन आप देखें कि 1-7-68 से राष्ट्रपति शासन काल में उत्तर प्रदेश में क्या कानून बनाया गया है? इस में 96 रुपये प्रति हार्स पावर के हिसाब से टैक्स लगाया गया है और आठ नए पैसे प्रति यूनिट बिजली का मूल्य निश्चित किया गया है। इतनी महंगी बिजली पूर्वी उत्तर प्रदेश का किसान तो कभी लेने की

[श्री महाराज सिंह भारती ]

सोच ही नहीं सकता है। उत्तर प्रदेश का जो पश्चिमी भाग है और जिस में सर्वोत्तम जिला मेरठ का है वह भी यह हिम्मत नहीं कर सकेगा, वहां का किसान भी यह हिम्मत नहीं कर सकेगा कि इतनी महंगी बिजली वह ले सके। उसको फी हार्स पावर के लिए 620 यूनिट के लिए 96 रुपये टैक्स के देने पड़ेंगे और आठ नए पैसे दाम होंगे बिजली के और इस तरह से कास्टप्राइस आ कर बैठेगी 23 नए पैसे। इसके विपरीत अखिल भारतीय नीति जो हमने तय की थी वह बारह नए पैसे की थी। उत्तर प्रदेश में इस नीति को तोड़ देने का हक किसी को नहीं है। मैं चैलेंज करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में जो आपके सरकारी ट्यूबवैल चल रहे हैं उनको जिस आधार पर आप बिजली दे रहे हैं, जिस मूल्य पर सरकार उनको बिजली दे रही है क्या उसी आधार पर वह किसानों को भी देने के लिए तैयार है जिन्होंने प्राइवेट ट्यूब वैल लगा रखे हैं? सरकारी ट्यूबवैल्ज़ का जो मिनिमम कमांड होता है वह तीन सौ एकड़ होता है और पांच सौ और एक हजार तक वह कमांड जाता है जबकि प्राइवेट किसानों के ट्यूबवैल्ज़ का कमांड पांच दस या पंद्रह बीस एकड़ का होता है। इस वास्ते मैं जानना चाहता हूं कि जिस आधार पर और जिस कीमत पर सरकार सरकारी ट्यूबवैल्ज़ के लिए बिजली देती है क्या उसी आधार पर वह प्राइवेट ट्यूबवैल्ज़ को बिजली देने के लिए तैयार हैं हालांकि वे छोटे हैं बेचारे?

उत्तर प्रदेश का राज भाषा अधिनियम 26-1-68 को लागू हो गया था और राष्ट्रपति ने इसको 6-4-68 को अपनी स्वीकृति दी थी। तीन हजार वहां पर हिन्दी के टाइपराइटर भी खरीद लिये गये। लेकिन वहां के मुख्य सचिव ने इन सारे कानूनों और नीति को तोड़ कर अपनी मर्जी से काम अंग्रेज़ी में चालू कर दिया है। अगर वह किसी बड़े अफसर से अंग्रेजी में बात करते होते तो मुझे दुख नहीं था। लेकिन जानबूझ कर इस अधिनियम की हत्या करने के लिए और प्रदेश के लोगों को चिढ़ाने के लिए साइकलों के लाइसेंस रिन्यू करने वाला जो चपड़ासियों का सर्क्युलर था उसको उन्होंने अंग्रेजी में भेजा जानबूझ कर यह बताने के लिए कि तुम्हारी छाती पर हम अंग्रेजी लाद कर रहेंगे और हिन्दी को नहीं चलने देंगे।

असल में यह जो मुख्य सचिव हैं यह उत्तर प्रदेश के लिए नए नहीं है। वहां यह पहले भी इरिगेशन और सिंचाई के सचिव रह चुके हैं। मैं उन दिनों 1958 से 1964 तक वहां एम० एल० सी० था। मैंने इनके सारे कारनामों को देखा है। जब रिहांड डैम बन रहा था तब इन्होंने कैलकुलेट किया था कि डेढ़ नए पैसे फी यूनिट के हिसाब से बिजली तैयार होगी, कोई 1.97 नए पैसे फी यूनिट के हिसाब से तैयार होगी यानी दो पैसे भी। यह हिसाब लगा कर इन्होंने बिड़ला से पैक्ट किया और पच्चीस साल की एक लम्बी अवधि के लिए किया और केन्द्रीय मंत्री से जब इसके बारे में जानकारी ली गई तो पता चला कि 45 लाख रुपया सालाना इस कम दर पर बिजली देने की वजह से उत्तर प्रदेश को घाटा उठाना पड़ेगा और आज वह घाटा कम से कम साठ सत्तर लाख रुपये सालाना का हो गया है। यही सैक्रेटरी उस वक्त वहां बने हुए थे जिन्होंने बिड़ला की गोद में बैठ कर यह सब काम किया था। कोई मामूली काम नहीं किया इन लोगों ने।

माताटीला के उन दिनों यही सैक्रेटरी थे जब बांध बनाया गया। पहले उसका जो बजट बना वह सवा दो करोड़ का

बना। जब उसका ब्लयू प्रिंट बना तो वह बना चार करोड़ का और माताटीला बना ग्यारह करोड़ का। इन से कहा गया कि जांच करो, इस में कहीं न कहीं कोई गड़बड़ी हैं। जांच करके इन्होंनें कहा "आल क्लीयर"। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। उसके बाद एक विजिलेंस कमेटी बनाई गई श्री प्रयाग नारायण के नेतृत्व में। उस कमेटी ने रिपोर्ट दी कि लाखों का गबन हुआ है। वह क्लीयर रिफलैक्शन था इनके ऊपर। ये नाराज हुए। प्रयाग नारायण जी तो चले गए। लेकिन दूसरे एग्जेक्टिव इंजीनियर जो उस कमेटी के अन्दर नत्थी थे उनको जब इन्होंने सुपरिटैंडिंग इंजीनियर नहीं बनाया तो वहां मंत्री को हस्तेक्षप करना पड़ा। जब उनके हस्तक्षेप से उनको सुपरिटैंडिंग इंजीनियर बनाया गया तो इन्होंने उनको चार्ज नहीं लेनें दिया। मंत्री के हस्तक्षेप से उन्होंनें चार्ज लिया। आज वही सुपरिटैंडिंग इंजीनियर इसलिए निलम्बित हैं क्योंकि सिंचाई विभाग तो कहता है कि उनके खिलाफ कोई चार्ज नहीं है पर मुख्य सचिव कहते हैं कि पुरानी रंजिश है इस आदमी के खिलाफ, इसलिए मैं इसको निरंतर निलम्बित रखूंगा। यह बेचारा पिछड़ी जाति का एक ईमानदार इंजीनियर है। मुख्य सचिव कहता है कि इसको मैं जिन्दा नहीं रहने दूंगा। हालांकि सिंचाई विभाग कहता है कि कोई चार्ज नहीं बनता है लेकिन उसको मुख्य सचिव जबर्दस्ती निलम्बित किए हुए हैं, उसको रगड़ते चले जा रहे हैं। यह है मनोवृत्ति जो वहां काम कर रही है।

अधिकतम जोत की सीमा के द्वारा जितनी जमीन आज तक मिली थी, मुश्किल से उसकी आधी ही आज तक हरिजनों में बंट पाई है, इसको भी आप देखें।

संविद की सरकार के न रहने पर वहां के मुख्य सचिव ने क्या बयान निकाला है, इसको आप देखें। मैं चाहता हूं कि हर राजनीतिज्ञ इसको खान खोल कर सुन ले। इस में सवाल कांग्रेस का या किसी और राजनीतिक दल का नहीं है। सवाल यह है कि क्या आप जनतंत्र को रखना चाहते हैं या नहीं रखना चाहते हैं? क्या आप अफसरशाही कायम करना चाहते हैं? आप क्यों इस बात को नहीं मानते हैं कि नीति निर्धारित करनें का काम राजनीतिज्ञों का है और उस पर अमल करने का काम अफसरों का है। मेरठ के अन्दर इन्होंने एक नोटिस लगा दिया कि कोई भी किसान जो पूरा रुपया दे कर बिजली लेना भी चाहेगा उसको बिजली नहीं दी जाएगी। कौन होते थे ये अफसर इस तरह का नोटिस लगानें वाले। जब राजनीतिज्ञों ने कहा कि पूरा पैसा देने पर बिजली दी जाएगी तो अफसर लोग कौन होते हैं उस में संशोधन करने वाले और जब इसके बारे में बहस की गई तो जवाब दिया गया कि हम दे नहीं सकते थे, इसलिए यह नोटिस लगा दिया। मालूम ऐसा पड़ता है कि पूरे उत्तर प्रदेश में न तो कोई सरकार है, न कानून बनते हैं और न ही कोई नीति निर्धारित होती है और अफसर लोग अपनें दिमाग के हिसाब से पालिसी बनो सकते हैं, नीति बना सकते हैं और अपने हिसाब से सरकार को चला सकते हैं। ऐसी हौच पौच सरकार सड़ जाएगी तो कांग्रेस ही मरेगी ऐसी बात नहीं है, देश मरेगा तो हम भी मरेंगे। इस वास्ते सब का भला इस में है कि अफसरों को बताया जाए कि तुम्हारा काम सिर्फ नीति पर अमल करना है, नीति निर्धारित करने का काम तुम्हारा नहीं है, वह हमारा है।

[श्री महाराज सिंह भारती]

मुख्य सचिव की हिम्मत यहां तक हुई कि उन्होंने बयान दे दिया और कह दिया कि संविद की सरकार टूट जाने के बाद आज उत्तर प्रदेश के लोग ज्यादा सुखी हैं और आज के तंत्र को वे ज्यादा पसन्द करते हैं। इसका मतलब क्या है? इससे राजी मत हो जाना कांग्रेस वालो। इसका मतलब यह नहीं है कि संविद की सरकार गलत थी। अफ़सर लोग आपस में बैठ कर कहा करते हैं कि इस का मतलब एक ही है कि ये राजनीतिज्ञ कुछ नहीं जानते हैं, इन की खोपड़ी में अक्ल नहीं है, हम लोग यहां पर राज करेंगे—इन से अच्छा राज करेंगे। यह मनोवृत्ति आज अफ़सरों के दिमाग़ में काम कर रही है। अगर यह मनोवृत्ति बनी रही, तो इस देश में जनतंत्र कभी नहीं चल सकेगा।

उत्तर प्रदेश ने नरोरा, जिला अलीगढ़, में आणविक बिजलीघर बनाने के लिए एक बहुत अच्छा केस बना कर भेजा था। लेकिन क्या यह सरकार आणविक बिजलीघर बना सकेगी? उस का कहना है कि उस के पास स्वदेशी मुद्रा नहीं है। पहले विदेशी मुद्रा की कमी का बहाना कर के बात को टाला जाता था और अब स्वदेशी मुद्रा के कमी का बहाना पेश किया जाता है।

सरकार की ओर से कहा जाता है कि चूंकि सूबों में आपस में झगड़े होते हैं, इस लिए हम बड़े बांध नहीं बना पा रहे हैं। पांच सूबों का मिला-जुला एक कुशाऊ बांध है। हिमाचल प्रदेश का पानी आयेगा। उत्तर प्रदेश में टौस नदी पर बांध बनेगा। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा को पानी मिलेगा। बिजली हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश को दी जायेगी। ये सब बातें मुद्दत पहले तय हो गई थीं और बांध बनना शुरु हो गया था। लेकिन अब तय किया गया है कि धेला भी नहीं देंगे, इस बांध को पूरा नहीं करेंगे, आज तो इस बांध को बनायेंगे नहीं, इस बजट में भी इस के लिए कोड़ी नहीं देंगे और चौथी पंच-वर्षीय योजना में भी नहीं बनने देंगे। इस स्थिति में हम इस सरकार को क्यों 32 करोड़ रुपये ख़र्च करने के लिए दें?

गंगा घाटी में इतनी नदियां पहाड़ में मिलती हैं। यहां से ले कर बंगाल तक करोड़ों लोग बाढ़ के शिकार होते हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश बाढ़ से मर जाते हैं। इस पानी को बांधने के लिए अब तक क्या किया गया है? लेकिन यह सरकार बांध क्या बनवा सकती है, आज तक सर्वेक्षण भी नहीं कराया गया है। अगर मंत्री महोदय से यह पूछा जाये कि कौन कौन से बांध बनाए जा सकते हैं, सिंचाई के लिए कितना पानी मिलेगा, जो हम राजस्थान को भेज सकते हैं और कितनी बिजली मिलेगी, आदि, तो जवाब मिलेगा कि अभी हम ने सर्वेक्षण नहीं कराया है, उत्तर प्रदेश सरकार शायद इस बारे में कुछ कर रही है।

फ़ासफ़ेट मैन्युर हम लगातार विदेशों से मंगा रहे हैं, उस में फ़ारेन एक्सचेंज खो रहे हैं, परेशान हो रहे हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश में देहरादून से लेकर हिमाचल प्रदेश तक सैकड़ों किलोमीटर लम्बा राक फ़ासफ़ेट का पहाड़ खड़ा हुआ है। लेकिन उस पहाड़ को एक्सप्लायट करने वाला कोई नहीं है। शुरू में अफ़सरों ने कह दिया कि इस में फ़ासफ़ोरस का कानटेन्ट बहुत कम है, इस लिए वह कानसेन्ट्रेटिड नहीं हो पायेगा। बाद में पता चला कि टेकना-लोजिकल एडवांसमेंट इतना हो चुका है कि कानसेन्ट्रेशन हो सकता है। लेकिन फ़र्टलाइजर कार्पोरेशन ने कहा कि हम इस को एकसप्लायट नहीं करना चाहते हैं। इस का नतीजा यह है कि आज तक उस पहाड़ को पता नहीं चल रहा है कि मेरा मालिक कौन है, कौन मुझे एक्सप्लायट

कर रहा है। वहां पर उर्वरक के कितने ही कारख़ाने खड़े हो सकते हैं और विदेशों से राक फ़ासफ़ेट मंगाना बन्द किया जा सकता है।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार किसी भी दल की रहे, वह जनता की सरकार होगी, जनता द्वारा चुनी हुई सरकार होगी। हम आप को पसन्द करें या नहीं, यह दूसरी बात है, लेकिन, जनता यदि आप को पसन्द करती है, तो हम आप की सरकार को उतनी ही मान्यता देंगे, जितनी जनतंत्र में देनी चाहिए। लेकिन मैं एक बात को साफ़ कर देना चाहता हूं कि अगर आज आप खुश होंगे कि अमुक कलेक्टर हम को चुनाव जितवा देगा, वह हमारी जान-पहचान का आदमी है, वह कल हमारे काम आने वाला अफ़सर है और इस प्रकार यदि आप उत्तर प्रदेश की अफ़सर-शाही की मौजूदा मनोवृत्ति को प्रोत्साहन देंगे, उस के द्वारा नीति-निर्धारण करने की यदि आप हौसला-अफ़जाई करेंगे, तो इस का नतीजा यह होगा कि वह अफ़सर तो मरेगा नहीं, उस के तन्ख्वाह और भत्ते में कोई कमी नहीं आयेगी, वह बदस्तूर बना रहेगा, लेकिन आख़िरी ख़मियाज़ा उस सूबे के साथ आप को ही भुगतना पड़ेगा।

इस लिए मैं मांग करता हूं कि इस मुख्य सचिव को तुरन्त वापिस बुला लिया जाये। यह बीमारी उत्तर प्रदेश से दिल्ली में आ गई थी और आप उस को रख रहे थे। जब आठ दिन के लिए कांग्रेस सरकार बनी, तो गुप्ता जी इस बीमारी को दिल्ली से उठा कर लखनऊ ले गये। जब मुख्य सचिव को पता चला कि चरण सिंह आने वाले हैं, तो उस ने चरण सिंह को सलामी दी और उन्होंने उस को बर्दाश्त किया। उस बीमारी को उत्तर प्रदेश से हटा कर दिल्ली में ले आइये। आप उस को सम्भाल सकते हैं। उत्तर प्रदेश का सत्यानाश न कीजिए।

MR. DEPUTY SPEAKER: The Hon. Minister.

SHRI SRINIBAS MISRA (Cuttack): What about our Party?

MR. DEPUTY SPEAKER: He will get time on the next item of discussion.

SHRI SRINIBAS MISRA: Why not now on the budget of U.P.?

MR. DEPUTY SPEAKER: I have adjusted it. Whatever he wants to say can be said when the next item is before the House.

SHRI SRINIBAS MISRA: Why not on the Budget when the scope of the discussion is specific?

MR. DEPUTY SPEAKER: Then on the next item, he will not get time.

SHRI SRINIBAS MISRA: May not.

MR. DEPUTY SPEAKER: I can give only 5 minutes now. I am not calling any member from the Congress Benches, so as to save time on this.

SHRI SRINIBAS MISRA: If we shall not get time afterwards, then why five minutes only now?

MR. DEPUTY SPEAKER: Now you want to speak on the budget. Only two hours were allotted. Actually you get only 4 minutes. It was decided this morning also.

**श्री मोहन स्वरुप** (पीलीभीत): उपाध्यक्ष महोदय, कल से इस सदन में उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन का जिक्र किया जा रहा है। लेकिन सवाल यह है कि उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन का कारण क्या है। उसका सब से पहला कारण यह है कि जिन लोगों के हाथ में पिछले बीस वर्षों से शासन रहा, उन को अपने झगड़ों से ही फुरसत नहीं मिली कि वे उत्तर प्रदेश

[श्री मोहन स्वरूप]

की उन्नति की तरफ़ ध्यान दे सकें। दूसरा कारण यह है कि उत्तर प्रदेश को भारत सरकार की तरफ़ से जो सहायता मिलनी चाहिए थी, वह कभी भी नहीं मिली। पिछली तीन पंच-वर्षीय योजनाओं और तीन वार्षिक योजनाओं में भारत सरकार की तरफ़ से विभिन्न प्रदेशों को 5,678 करोड़ रुपये की सहायता दी गई, जिस में से उत्तर प्रदेश को अब तक सिर्फ़ 761.6 करोड़ रुपये दिये गये हैं। इस से ज़ाहिर है कि हालांकि उत्तर प्रदेश की आबादी तो देश की आबादी का 17 प्रतिशत है, लेकिन उस को सिर्फ़ 13.4 प्रतिशत ही सहायता मिल सकी है। इस से भी उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन में वृद्धि हुई है।

यह उल्लेखनीय बात है कि केन्द्रीय सरकार की तरफ़ से जो परियोजनायें चलाई जाती हैं, उन से सम्बद्ध क्षेत्र के विकास में बहुत सहायता मिलती है। लेकिन पिछली दो पंच-वर्षीय योजनाओं में केन्द्रीय सरकार की ओर उत्तर प्रदेश में कोई भी परियोजना उत्तर प्रदेश में नहीं बनाई गई। पंच-वर्षीय योजनाओं में केन्द्रीय सरकार की ओर से जो परियोजनायें चलाई गई, उन में उत्तर प्रदेश का हिस्सा बहुत थोड़ा है।

उत्तर प्रदेश ज़मीन से घिरा हुआ है। पिछली पंच-वर्षीय योजनाओं में बन्दरगाहों के विकास के लिए विभिन्न राज्यों को 192.42 करोड़ रुपये दिये गये, लेकिन चूंकि उत्तर प्रदेश के पास कोई बन्दरगाह नहीं है, इस लिए उस को उस रकम का कोई हिस्सा नहीं मिल सका। इसी तरह विद्युत उत्पादन के लिए केन्द्रीय सरकार की तरफ़ से 372.84 करोड़ रुपये ख़र्च किये गये, लेकिन उस में भी उत्तर प्रदेश को कोई हिस्सा नहीं मिल सका।

अभी तक केन्द्रीय परियोजनाओं के सम्बन्ध में यह परम्परा रही है कि जो राज्य सस्ती भूमि दे सकें और बिजली कम मूल्य में दें, उन के यहां ये परियोजनायें कार्यान्वित की जायें। लेकिन उत्तर प्रदेश जैसा पिछड़ा हुआ राज्य ऐसा करने में असमर्थ है। इस लिए इस परम्परा में आमूल-चूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है।

केन्द्रीय परियोजनाओं और केन्द्रीय सहायता के सम्बन्ध में इस बात पर कभी विचार नहीं किया गया कि किसी प्रदेश की कितनी आबादी है और उस की आवश्यकतायें क्या हैं। मैं समझता हूं कि अब जब हम चतुर्थ पंच-वर्षीय योजना को तैयार कर रहे हैं, तो हमें इन बातों को ध्यान में रखना चाहिए। उत्तर प्रदेश भारत का सब से बड़ा सूबा है और उस का पिछड़ापन भी सब से अधिक है। इस सम्बन्ध में यह उसूल बनाना चाहिए कि केन्द्रीय सहायता और अनुदान 20 प्रतिशत पिछड़ेपन के हिसाब से और 80 प्रतिशत आबादी के हिसाब से दिये जायें। इस उसूल के मुताबिक चतुर्थ पंच-वर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश को उतनी सहायता और अनुदान मिलना चाहिए, जो कि उस का हक है। अब तक उत्तर प्रदेश की जिस प्रकार उपेक्षा और अवहेलना होती रही है, अब उस का अन्त होना चाहिए। उत्तर प्रदेश हमारे देश का एक बहुत बड़ा भूभाग है। अगर वह विकसित नहीं होता है, तो देश के विकास की बात करना बिल्कुल बेकार है।

उद्योगों के हिसाब से भी उत्तर प्रदेश बहुत पिछड़ा हुआ है। इस लिए उस के गांवों का औद्योगीकरण किया जाना चाहिए। खेती हमारे प्रदेश का एक मुख्य धंधा है, लेकिन उस में भी वह पिछड़ा हुआ है। खेती के लिए सिंचाई, खाद और बिजली आदि का बहुत महत्व है, लेकिन उन में भी हम बहुत पीछे हैं। अभी हमारे मित्रों ने कहा है

कि राष्ट्रपति के शासन में बिजली पर सरचार्ज लगा कर उस को महंगा कर दिया गया है। मेरी मांग है कि बिजली के सिलसिले में जो सुविधायें पहले मिलती रही हैं, वे मिलनी चाहिए। इस सम्बन्ध में जो दिक्कतें पेश आती हैं, उन को दूर किया जाना चाहिए। उसी के साथ साथ एक महत्वपूर्ण बात यह है कि खेती को विकसित करने के लिए किसान को उस की रेम्युनरेटिव प्राइस मिलनी चाहिए। आज दिक्कत यह है कि 81 रुपये पर क्विंटल सरकार ने गेहूं का भाव निश्चित किया है लेकिन बाजार में 65 रुपये, 70 रुपये पर क्विंटल गेहूं बिक रहा है उत्तर प्रदेश में। अभी अभी जो प्रोक्योरमेंट हुआ तो जो मिडिल मेन थे, जो आढ़तिये थे उन्होंने 20–30 रुपये पर क्विंटल मुनाफा कमा लिया। न तो यह काश्तकार की जेब में गया न उपभोक्ता की जेब में गया। तो मैं समझता हूं कि यह जो नीति सरकार की है यह खत्म होनी चाहिए और किसान को एक लाभप्रद मूल्य मिलना चाहिए। तब जा कर का शतकारी का काम आगे बढ़ सकता है।

हमारे प्रदेश में ट्रैक्टर्स की बहुत बड़ी कमी है। ऐग्रो-इंडस्ट्रियल कारपोरेशन उत्तर प्रदेश में जो है उस ने बताया है कि 14700 ट्रैक्टर्स की तुरंत आवश्यकता है और लोग वेटिंग लिस्ट में पड़े हुए हैं। ट्रैक्टर्स मिल नहीं रहे हैं। तो एक ट्रैक्टर बनाने का कारखाना उत्तर प्रदेश में खोला जाय। उत्तर प्रदेश की तरफ से यह मांग की गई है कि ट्रैक्टर बनाने का एक कारखाना खोलने की उन को इजाजत दी जाय। अभी हम जगजीवन राम जी से भी मिले थे...

**श्री रणधीर सिंह**: छोटे ट्रैक्टर्स बनने चाहिए।

**श्री मोहन स्वरूप**: छोटे और मझले दोनों। 14 और 35 हार्स पावर के ट्रैक्टर चाहिए।

एक चीज किसान के सम्बन्ध में और कहना चाहता हूं कि किसान को जब कर्जा लेना होता है तो कर्जे की सुविधा भी सरकार के द्वारा अच्छे ढंग से और व्यवस्थित ढंग से उस को मिलनी चाहिए। आप जानते हैं जब कर्जा लेने किसान जाता है तो उस की हैसियत तस्दीक होती है। उस में लेखपाल से ले कर सारे लोग चूंकि भ्रष्ट हैं इसलिए वह उस से रुपया चाहते हैं। नतीजा यह होता है कि उस को तरह तरह की परेशानियां भुगतनी पड़ती हैं। तो मैं चाहूंगा कि सरकार की ओर से एक पुस्तिका किसान को दी जाय जिस में उस की जमीन का उल्लेख हो, लगान कितना है, कितनी उस की हैसियत है, कितना कर्जा मिल सकता है, इस सब का उल्लेख हो, इस तरह की एक पुस्तिका तहसील की तरह से किसानों को मिलनी चाहिए और हर साल उस का नवीकरण कर देना चाहिए। यह परम आवश्यक बात है जिस की तरफ मैंने कई बार ध्यान दिलाया है लेकिन उस को पूरा नहीं किया गया है।

एक बात मुख्य रूप से जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि जिला परिषद के पुराने अधिकारी जो हैं, जो कि डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के जमाने से काम कर रहे थे, एक तो वह हैं और अब उस के बाद प्लानिंग के आदमी हैं जो गवर्नमेंट के पुराने कर्मचारी हैं, वह भी जिला परिषद् में आ गए हैं, उन को वेतन बहुत ज्यादा मिलता है और जो डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के पुराने कर्मचारी हैं उन को वेतन कम मिलता है। जब एक ही जगह वह काम करते हैं तो उन के वेतन में यह असमानता नहीं होनी चाहिए। अभी बरेली में इस सिलसिले में झगड़ा हुआ था और वहां के अफसरों को उन्होंने घेराव

[श्री मोहन स्वरूप]

किया था। तो मैं चाहता हूं कि यह जो इन के दरमियान में फर्क है जिला बोर्ड के पुराने कर्मचारियों के और प्लानिंग के कर्मचारियों के वेतन में उस को दूर किया जाय क्योंकि एक ही जगह और एक ही विभाग में वह काम करते हैं।

इस के साथ साथ पीलीभीत जो हमारी कांस्टीट्यूएंसी है उस से स्मग्लिंग बहुत होता है चीन के लिए, नेपाल के लिए। मैं चाहता हूं कि उस स्मग्लिंग को रोकने के लिए सक्रिय कदम सरकार उठाए। एक बात और कहना चाहता हूं। एक लेटरल रोड बनाने की बात सरकार की तरफ से हुई है जो उत्तर प्रदेश के अन्दर 400 मील की लम्बाई में है और जो मेरी कांस्टीट्यूएंसी से हो कर जाता है। उस के लिए 36 करोड़ रुपया खर्च करने को मुकर्रर किया गया है और 1968 तक उसे पूरा बन जाना चाहिए था। लेकिन 15.42 करोड़ रुपया उस पर खर्च हुआ और बाकी के लिए कह दिया केन्द्रीय सरकार ने कि अभी नहीं मिल सकेगा। जब भारत पर हमला होता है, चीन का या और किसी का तो तब तो उस की आवश्यकता महसूस होती है लेकिन जब खतरा चला जाता है तो हम सो जाते हैं। यह मनोवृत्ति खत्म होनी चाहिए और यह रोड़ जल्दी से जल्दी बनाया जाना चाहिए।

शारदा सागर और नानक सागर का मामला मेरी कांस्टीट्यूएंसी का है। नानक सागर में जो पिछले साल दरार पड़ी उस से जो हानि हुई वह सब लोग जानते हैं। लेकिन मुझे खेद है कि उस की मरम्मत के लिए जो कदम उठाए जाने चाहिए वह नहीं उठाए गए और आज भी मुझे बताया गया कि अभी बरसात में कुछ जगहों पर दरारें पड़ी हैं, उस की वजह से सागर में जितना पानी था वह छोड़ देना पड़ा। तो मैं चाहता हूं कि यह जो बार बार खतरे होते हैं, बार बार जो डैम टूटते हैं उस को रोका जाय, उस का ऐसा इन्तजाम किया जाय कि ऐसे खतरे न आयें। उसी सिलसिले में एक एन्क्वायरी कमेटी भी बैठायी गई थी। पता नहीं उस की क्या फाइंडिंग हुई, क्या नतीजा निकला। शायद वह खत्म हो भी हो गई है। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका कि उस ने क्या कहा।

एक बात और कह कर खत्म करूंगा। हमारे उत्तर प्रदेश में आयुर्वेदिक कालेजेज हैं। पीलीभीत में भी है जो कि एक बहुत पुरानी संस्था है। हरिद्वार में है, एक झांसी में है, एक बरेली में बनी है। आयुर्वेदिक कालेजों की स्थिति आज बिगड़ती जा रही है। उन लोगों की मांग है कि उन को किसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कर दिया जाय और उन में सुधार किया जाय।

इन शब्दों के साथ में निवेदन करता हूं कि सरकार उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन को ठीक करने में योगदान दे।

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चंद्र पन्त)**: उपाध्यक्ष महोदय, यह बहस पूरक मांगों पर थी। लेकिन धीरे धीरे आप की उदारता के कारण यह बजट पर एक जोरदार सामान्य बहस का रूप धारण कर गयी और यहां जो सामान्य बजट में सारी बातें हुआ करती हैं वह इस बहस में हुई हैं। समय मेरे पास कम है। मैं चाहते हुए भी सारे मुद्दों का जबाव तो दे नहीं सकता और बहुत सी बातें ऐसी भी कही गई जिन का स्थानीय महत्व है और जिन पर कि प्रान्तीय सरकार के जो अफसर यहां आए हुए हैं वह उन के बारे में जानकारी प्राप्त कर के कदम उठा सकते हैं। मुझे आशा है कि प्रान्तीय सरकार इन चीजों पर ध्यान देगी और मुझे माननीय सदस्य इजाजत देंगे कि मैं उन चीजों के

बारे में जिक्र करूं जो कि सामान्य हित की हैं। उत्तर प्रदेश के करीब सारे सदस्यों ने जिन्होंने भाग लिया प्रान्त के पिछड़ेपन के बारे में चिन्ता व्यक्त की है। इस भावना को, इस चिन्ता को मैं समझता हूं और मैं इस का आदर भी करता हूं। मैं मानता हूं कि उत्तर प्रदेश जो कि इस देश का सब से बडा प्रदेश है जिस की इतनी बड़ी आबादी है और जो कि भौगोलिक दृष्टि से, ऐतिहासिक दृष्टि से सभी दृष्टियों से एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है इस देश में, उसका विकास होना आवश्यक है वरना वह सारे देश के विकास में एक बाधक सिद्ध हो सकता है। इसलिए यह तो सब के ही लिए हितकर होगा अगर उत्तर प्रदेश का पिछड़ापन दूर हो और इस ओर हमें प्रयत्नशील होना है।

15 HRS

कई माननीय सदस्यों ने इस ओर ध्यान दिलाया कि उत्तर प्रदेश एक कृषि-प्रधान प्रदेश है और यहां अगर सामान्य जनता के जीवनस्तर को तेजी से उठाना है तो कृषि में सुधार ला कर तेजी से उठाया जा सकता है। मुझे खुशी है कि पिछले वर्षों में काफ़ी तरक्की कृषि के क्षेत्र के प्रदेश में हुई। आधुनिक तरीके अपनाए गए। सिंचाई का विस्तार हुआ। खाद की खपत बढ़ी। लेकिन इस बावजूद अभी बहुत कुछ करना बाकी है। यह जरूर है कि कृषि के लिए जिस उत्तर प्रदेश की भूमि एक आदर्श है क्योंकि आप कहीं भी नकशा देखें दुनिया में इतनी समतल जमीन और उस में थोड़ा सा आप खोद ले तो नीचे पानी, कर्मठ किसान, यह सब चीजें एक जहां मिली हुई हैं वहां अगर इन प्राकृतिक साधनों का पूरा उपयोग किया जाय तो कोई बजह नहीं कि उत्तर प्रदेश की कृषि में तेजी से अधिक सुधार न लाया जा सके और उस से सारे देश की खाद्यान्न की समस्या और कृषि के और पदार्थों की समस्या हल न हो सके। इसलिए इस ओर हमें विशेष ध्यान देना है और ध्यान देना है सिंचाई की ओर जिस ओर कई माननीय सदस्यों ने इस सदन का ध्यान खींचा है।

इस के साथ साथ जो कृषि पर आधारित उद्योग धन्धे हैं, उन को हमें बढ़ाना है, अन्य छोटे-मोटे उद्योग धन्धों को भी बढ़ाना है। यह बात नहीं है कि कुछ भी काम नहीं हुआ है—छोटे उद्योग धन्धे आज उत्तर प्रदेश में 17 हजार हैं, लेकिन अभी वे कुछ ही जगहों में सीमित हैं, गाजियाबाद में पनप गये हैं, कुछ इलाहाबाद में हैं, कुछ अन्य स्थानों पर भी हैं, लेकिन आज बिखर कर सारे प्रदेश में फलने की बात है, जिससे कि सारे प्रदेश के जन-जीवन पर उन का असर पड़े —यह होना अभी बाकी है और उस ओर आपको और हम को—सब को मिल कर प्रयत्न करना है। मैं इसी लिये आपसे सहयोग की चर्चा करता हूं—बिना विरोधी दलों के और हमारे अपने दल के सहयोग के यह काम आगे बढ़ नहीं सकता। प्रदेश पीछे पिछड़ गया है, चौथी पंच वर्षीय योजना आ रही है, इस में इतनी तेजी से बढ़ना है कि वह पिछड़ापन दूर हो सके। इस के लिए साधन जुटाने होंगे और प्रजातन्त्र में साधन जब भी जुटाये जायेंगे—लोन्ज़ के ज़रिये जुटाये जायेंगे या टैक्स के ज़रियें जुटाये जायेंगे। जब कभी कोई टैक्स लगे, उस में हमेशा विरोधी भावना रहे तो फिर साधन कहां से आयेंगे—साधनों के बगैर कोई भी प्रदेश तेजी से तरक्की नहीं कर सकता।

15·02 HRS

[SHRI THIRUMALA RAO *in the Chair*]

केन्द्रीय सहायता की चर्चा की गई है। मैं मानता हूं कि केन्द्रीय सहायता में

[श्री कृष्ण चन्द्र पन्त]

उन सारी चीजों का ध्यान देना होगा, जिनकी यहां पर चर्चा की गई है। लेकिन केन्द्र से आप कितनी ही सहायता बढ़ा लें, प्रान्त का भी योगदान आवश्यक होता है। जब प्रान्त भी योगदान दे, केन्द्र से भी सहायता बढ़े, प्रान्त के सारे लोग इस काम में जुट जायं, राजनीति को परे रख कर विकास के कार्य में लग जायं, तब ही प्रान्त में तेजी से तरक्की हो सकती है।

**श्री मोलहू प्रसाद**: विदेशी सहायता कम होने लगी है, इसी लिये स्वावलम्बन की बात करने लगे हैं।

**श्री कृष्ण चन्द्र पंत**: यदि आप मेरी बात को गम्भीरता से सुनेंगे तो ऐसी बात नहीं करेंगे। यह ऐसी बात है जिसमें कोई राजनीतिक बात नहीं है, कोई दलगत बात नहीं है। यह सारे प्रदेश के फ़ायदे की बात है—इस में हमारा और आपका दृष्टिकोण एक ही होना चाहिये।

मैं केन्द्रीय सहायता के बिषय में कह रहा था। पहली पंच-वर्षीय योजना में केन्द्र ने 87 करोड़ रुपया उत्तर प्रदेश को दिया, दूसरी पंच-वर्षीय योजना में 121 करोड़ रुपया दिया और तीसरी पंच-वर्षीय योजना में 355 करोड़ रुपया दिया। 1966 से 1969 तक उत्तर प्रदेश को 258 करोड़ रुपया केन्द्रीय सहायता के रूप में मिला। अब यदि प्रान्त की योजना के अनुपात से देखा जाय तो हर योजना में केन्द्रीय सहायता बढ़ी है। इसका एक कारण यह है कि पहली दो योजनाओं में कोई क्राइटेरिया नहीं था जिसके आधार पर सहायता बांटी जाती थी, कोई मापदण्ड नहीं था, लेकिन धीरे-धीरे मापदण्ड बनने लगा और आज कल भी बहस चल रही है कि चौथी पंच-वर्षीय योजना में किन सिद्धान्तों के आधार पर केन्द्रीय सहायता का वितरण किया जाय। इस मामले में यह स्पष्ट है कि वे प्रान्त जिनमें आबादी कम है, क्षेत्रफल ज्यादा है, वे आबादी के अनुपात से ज्यादा सहायता के वितरण का विरोध करते हैं, लेकिन जिन की आबादी ज्यादा है, वे आबादी के आधार पर बांटे जाने के लिये जोर देते हैं। इस लिये आज भी यह बहस चल रही है और मैं यही कह सकता हूं कि पहले के मुकाबले अब आबादी का वजन केन्द्रीय सहायता के वितरण के सिद्धान्त में बढ़ गया है। इस वक्त जो सिद्धान्त हैं उन में 70 प्रतिशत आबादी के आधार पर केन्द्रीय सहायता का वितरण होता है और धीरे-धीरे आबादी का जो महत्व है इस मामले में, उस को पहचाना जाता है। लेकिन इस के बावजूद भी मैं यह नहीं कह सकता कि अन्तिम निर्णय चौथी पंच-वर्षीय योजना के सिद्धान्तों के बारे में क्या होगा।

एक बात जिसकी ओर मैं आपका ध्यान खींचना चाहता हूं—आबादी के अलावा एक दूसरा सिद्धान्त यह है कि किस प्रदेश में कितने पिछड़े हुए इलाके हैं और जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने कहा—उत्तर प्रदेश में बहुत सारे ऐसे जिले हैं जोकि हिन्दुस्तान में पिछड़े हुए जिलों में माने जाते हैं। उन को भी अगर सामने रखा गया तो इस अनुपात में भी कुछ सहायता उत्तर प्रदेश को अधिक मिल सकती है। इस लिये मुझे आशा है कि चौथी पंच-वर्षीय योजना में केन्द्रीय सहायता के बढ़ाने से, प्रान्त के अपने परिश्रम से, विकास के कार्यों में सब दलों के सहयोग से और प्रान्त के लोगों की मेहनत से जो हम पिछड़ गये हैं, उस पिछड़ेपन को दूर कर के अन्य बढ़े हुए प्रान्तों से बराबरी करने के काम में आगे बढ़ेंगे।

सभापति महोदय, कुछ अन्य बातों पर भी इस बहस में जोर दिया गया है—

खास तौर पर कृषि और सिचाई पर। अगर आप इन पूरक मांगों को देखेंगे तो आप पायेगें कि इस में 18 करोड़ रुपये केवल कृषि के उत्पादन को बढ़ाने के लिये रखे गये हैं—खास कर उन्नत बीजों पर—हाई ईल्डिंग वैरायटी प्रोग्राम पर बड़ा ज़ोर दिया गया है ताकि उर्वरक का वितरण ठीक से हो सके, किसानों को मिल सके, कृषि के लिये तकावी मिल सके—खास कर छोटे किसानों को मिल सके। इस के अलावा उर्वरक का वितरण तो होता ही है, लेकिन उन का ठीक से स्टोरेज हो सके, गोदामों में ठीक से रखा जा सके—इस पर पचास लाख रुपया खर्च होगा। इरिगेशन फैसिलिटीज़ बढ़ाने के लिये, सिंचाई के साधनों को बढ़ाने के लि ढाई करोड़ रुपया रखा गया है—तीन करोड़ रुपया गण्डक प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिये रखा गया। एक माननीय सदस्य ने चिन्ता प्रकट की थी कि गण्डक प्रोजेक्ट आगे बढ़ता है या नहीं—मैं उन को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि गण्डक योजना आगे बढ़ेगी और जो इस का लक्ष्य है कि 1972–73 तक पूरा हो जायगा—उस को पूरा करने की पूरी कोशिश होगी ताकि 1972–73 तक 7 लाख एकड़ में—उत्तर प्रदेश के देवरिया और गोरखपुर जिलों में—सिचाई का विस्तार हो सके।

इस के साथ ही साथ 50 लाख रुपया फैमिली प्लानिंग स्कीम के लिये रखा गया है। 3 करोड़ रुपया रेवेन्यू एक्सपेन्डिचर के लिये रखा गया है, जिसमें कई मदें शामिल हैं, इस में चुनाव है, पुलिस का रिआर्गेनिजेशन है, कलैक्टरेट और तहसीलों की सुविधायें बढ़ाने की बात है, सड़कों को ठीक से मेन्टेन करने की बात है। ये सारी बातें बहुत संक्षेप में पूरी मांगों के सम्बन्ध में मैंने आपके सामने रखी हैं।

22—5 LSD/68

बहुत से माननीय सदस्यों ने पुलिस तथा ला–एण्ड–आर्डर के बारे में विशेष चर्चा की है। पुलिस तथा ला-एण्ड-आर्डर के सम्बन्ध में जो बातें कही गई हैं, मैं उन के ब्यौरे में नहीं जाना चाहता हूं, क्योंकि इस के बाद गृह मंत्री जी से इस का उत्तर आपको मिलेगा। लेकिन मैं यह बात ज़रूर आपके सामने रखना चाहता हूं कि सन 1967–68 में लगभग 200 डिस्मिसल्ज़ और रिमूवल फ्रैम सर्विसिज़ इन पुलिस डिपार्टमेन्ट में हुए, 477 का रिडक्शन इन रैंक्स या पे-स्केल और बहुमों के खिलाफ़ कार्यवाही की गई, दण्ड दिया गया। इस लिये यह कहना...

**श्री स० मो० बनर्जी** : कहीं ऐसा तो नहीं है कि जिनको डिस्मिस किया गया है, वे ही इस तरह के काम कर रहे हैं, वे ही क्राइम्ज़ करा रहे हैं।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : जो डिस्मिस होते हैं वे किस तरह का काम करते हैं, बैनर्जी साहब ज्यादा अच्छी तरह से जानते हैं, उनका इन लोगों से बड़ा सम्पर्क है। हम तो यही कोशिश करते हैं कि जो गलत किस्म के आदमी हैं उन को डिस्मिस किया जाय। भले ही वे उन के साथ जा कर मिल जाते हैं।

**श्री कमलनयन बजाज** (वर्धा) : कभी-कभी कम्यूनिस्टों के सहयोग से वे पालियामेन्ट में भी आते हैं।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : अगर फ़ी व्यक्ति खर्चा पुलिस का देखा जाय तो उत्तर प्रदेश में दो रुपये खर्चा आता है, जो कि सारे देश में सब से कम है—आप चाहे किसी भी प्रान्त को ले लीजिये।

**श्री शिव चरण लाल** : (फिरोज़बाद) : तभी तो ऐसा करा रहे हैं।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : मैं समझता हूं कि भारतीजी और बनर्जी साहब

[श्री कृष्ण चन्द्र पन्त]

अगर सहयोग करें तो खर्चा और घटाया जा सकता है बजाय बढ़ाने के।

यह कहा गया कि जुर्म बहुत बढ़ गए हैं, पुलिस कुछ करती नहीं है। मैं सदन के सामने कुछ आंकड़े रखना चाहता हूं। अगर आप 65, 66 और 67 के आंकड़े देखें तो आपको पता चलेगा कि 66 से 67 में सारे आंकड़े एकदम से बढ़ गए। डकैती के आंकड़ बढ़े 13 सौ से 17 सौ, राबरी के आंकड़े बढ़े दो हजार से 2600, मर्डर्स के आंकड़े बढ़े 2500 से 2700, रायट्स के आंकड़े बढ़े 6500 से 6900 और बर्गलरी में बढ़े 31 हजार से 38 हजार। 67 में ये सारे आंकड़े बढ़ गए।.. (**व्यवधान**) पहले मेरी पूरी बात तो सुन लीजिए। 68 में ये आंकड़े फिर घट गए।

**श्री बृज भूषण लाल** : (बरेली) : उस समय जितने भी क्राइम्स होते थे उन सभी की एन्ट्री होती थी लेकिन राष्ट्रपति शासन में एन्ट्री बन्द हो गई। अब तो थाने में जो कोई रिपोर्ट लिखाने के लिए जाता है उसको मारकर बन्द कर देते हैं। इसी के कारण यह हुआ है।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : माननीय सदस्य बिना वजह घबरा रहे हैं। मैंने यह तो कहा नहीं कि उस समय कौन सी सरकार थी। चोर की दाढ़ी में तिनका मालूम पड़ रहा है। मैं ने तो सिर्फ यही कहा कि 65 के आंकड़े एक हैं, 66 के आँकड़े ये थे और 68 के आंकड़े यह हैं। मैं ने सरकार की तो बात ही नहीं कही। आप सफाई किस बात की दे रहे हैं?

**श्री मोलहू प्रसाद** : इसी आंकड़े के साथ-साथ जरा गैर दस्तंदाजी के आंकड़े भी उपस्थित करें।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : मैंने तो यह बात कही ही नहीं कि 67 में कौन सी सरकार थी, आप परेशान क्यों होते हैं। अगर आंकड़े बढ गए तो बढ़ गए। आप उसका अर्थ समझिए।

**श्री शिव चरण लाल** : मैं एक व्यवस्था चाहता हूं। मन्त्री महोदय ने कहा है कि 68 में अपराध घटे हैं। अपराध भले ही घटे हों लेकिन आज हम देख रहे हैं कि पुलिस द्वारा जो अत्याचार, लूट और रहजनी हो रही है वह बहुत ही बढ़ गई है।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : यह तो कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं था। लेकिन आपने व्यवस्था का प्रश्न उठाया उससे ऐसा लगता है कि आप नहीं चाहते कि मैं आंकड़े भी इस सदन के सामने रखूं। .....(**व्यवधान**).....

**श्री मोलहू प्रसाद** : आपके पास वे आंकड़े नहीं हैं जिनकी हम मांग करेंगे। .....(**व्यवधान**).....

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : पूर्वी उत्तर प्रदेश में कारखानों की कमी की यहां पर चर्चा की गई। यह सही है कि तीनों पंच-वर्षीय योजनाओं को अगर देखा जाए तो उत्तर प्रदेश को कम कारखाने मिले हैं और इस कमी को पूरा करना है। लेकिन एक बात हमको समझनी है कि जो हेवी इन्डस्ट्रीज़ हैं यानी भारी कारखाने इस्पात के या दूसरी चीजों के, उनको टेक्नो-एकोनामिक आधार पर ही कहीं पर लगाया जा सकता है। अगर यू० पी० में कच्चा माल है या यू० पी० में रखकर हीं देश का फायदा हो सकता है तो उन कारखानों को यू० पी० में भी रखा जा सकता है और यदि किसी दूसरे प्रदेश में रखकर फायदा हो सकता है तो वहां पर रखा जा सकता है। मैं समझता हूं इस मामले में उदारता दिखलानी चाहिए। ऐसे बहुत से कारखाने हैं जोकि यू० पी० में भी लग सकते हैं। ....(**व्यवधान**).... जो राक-फास्फेट वहां पर मिला है उसको नेजी से जांच

हो रही हैं।...(**व्यवधान**) वह 15 साल पहले नहीं मिला था बल्कि दो-तीन साल हुए जब मिला है। जियोलाजिकल सर्वे रिपोर्ट में कोई चीज लिख जाती है तो उसके बाद भी बहुत सारे टेस्ट्स करने पड़ते हैं; यह भी मालूम करना पड़ता है कि व्यावसायिक मात्रा में वह चीज उपलब्ध भी है या नहीं।

**श्री महाराज सिंह भारती**: आश्वासन दे दो कि कब तक एक्स्प्लायट करोगे?

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त**: जल्दी से जल्दी।

मैं इस ब्यौरे में नहीं जाना चाहता कि उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र में और निजी क्षेत्र में कौन-कौन से कारखाने आए। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी उनमें से बहुत कारखाने लगे हैं। मैं इसके ब्यौरे में नहीं जाना चाहता क्योंकि इन कारखानों के लगने के बाद भी मैं ऐसा नहीं मानता कि वहां की स्थिति संतोष-जनक है। हमको अभी और आगे बढ़ने का प्रयास करना है।

**श्री बृज भूषण लाल**: मैं एक स्पष्टी-करण चाहता हूं। वहां पर जो बिजली की दर बढ़ी है उसके सम्बन्ध में आपने कुछ नहीं कहा है।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त**: आखिर में कह लें, जो कुछ कहना हो।

यहां पर चीनी मिलों के सम्बन्ध में भी चिन्ता व्यक्त की गई और कपड़े मिलों के सम्बन्ध में भी। यह बात सही है कि उत्तर प्रदेश के ये जो दो प्रमुख उद्योग हैं उनके सम्बन्ध में कठिनाइयां सामने आई हैं। एक तरह से तो वहां की टेक्सटाइल इन्डस्ट्री पिछले कुछ वर्षों से एक क्राइसिस से गुजर रही है। चीनी की मिलों के सामने भी पिछले एक दो सालों से गन्ना कम मिलने की वजह से कठिनाई सामने आई है। पिछले वर्ष जबकि चीनी पर आधा कन्ट्रोल रखा गया और आधा कन्ट्रोल तोड़ दिया गया उसके बाद से गन्ने के दाम कुछ बढ़े। इसलिए इस बार किसान ने ज्यादा गन्ना बोया है और आशा यह की जाती है कि इस सीजन में गन्ना मिलों को पर्याप्त मात्रा में गन्ना मिल सकेगा जिससे चीनी का उत्पादन बढ़ेगा। लेकिन इसके बाद भी हमको अभी उत्तर प्रदेश में गन्ने की पैदावार को बढ़ाना है, पर-एकड़ गन्ने की पैदावार को बढ़ाना है और जो चीनी निकलती है उसके अनुपात को भी बढ़ाना है, गन्ने का नस्ल को भी सुधारना है। इसके बिना, आज जो दक्षिण में चीनी की मिलें लग रही हैं उनका मुकाबला करना मुश्किल है। मैं आशा करता हूं कि हर सम्भव कदम इस ओर उठाये जायेंगे ताकि उत्तर प्रदेश और बिहार की चीनी मिलें दक्षिण की चीनी मिलों का मुकाबला कर सकें। उतने ही सस्ते दाम पर यहां भी चीनी पैदा हो सके।

सरजू पांडे जी ने यहां पर एक बात यह कही कि उत्तर प्रदेश में ऐसी 2 करोड़ ऐकड़ जमीन पड़ी हुई है जोकि भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को मिलनी चाहिए। इसको सुनकर बड़ा ताज्जुब होता है क्योंकि उत्तर प्रदेश में जोत के अन्तर्गत कुल जमीन साढ़े चार करोड़ एकड़ है।

**श्री स० मो० बनर्जी**: उनका मतलब 9 लाख से रहा होगा।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त**: जहां तक मैंने सुना है, उन्होंने 9 करोड़ ही कहा है। अब बनर्जी साहब उनकी तरफ से वकालत कर रहे हैं तो मैं उनसे एक बात पूछना चाहता हूं, वे तो बड़े राष्ट्रीयकरण के हिमायती हैं, प्रगतिवादी व्यक्ति हैं, आखिर यह तो सरकार की जमीन है, इसको फिर से प्राइवेट सेक्टर में क्यों देना चाहते हैं।....(**व्यवधान**).....यह बात तो उलटी हो जायेगी।

**श्री स० मो० बनर्जी** : अभी तो मिड टर्म पोल दूर है। में आपसे निवेदन करूंगा कि लैंडलेस लेबर को जमीन बांटने के माने यह नहीं होने कि प्राइवेट आदमियों को जमीन दे दी गई। गरीबों को देने के लिए कहा जा रहा है, यह नहीं कह रहे हैं कि जुग्गीलाल कमलापति को दे दो।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : मैं तो विचारों की दुनिया में आपसे थोड़ी देर टक्कर ले रहा था।

जहां तक उस सरयू योजना का सम्बन्ध है माननीय सदस्यों को यह जान कर खुशी होगी कि चौथी पंच-वर्षीय योजना में एक प्रस्ताव है कि सरयू की योजना को भी पूरा किया जाय।

इस के अलावा यहां पर एक बात यह भी कही गई कि भूमि-भवन कर फिर से लागू कर दिया गया है तो मैं उस का स्पष्टीकरण कर दूं कि जो बकाया रह गया था उसी को वसूल किया जा रहा है और फिर से भूमि-कर लागू करने की कोई योजना नहीं है।

अन्त में मैं श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जो कहा उस के बारे में दो शब्द कहना चाहता हूं। उन्होंने गवर्नर के बारे में यह कहा कि वह इस तरीके से वहां कार्य कर रहे हैं कि कांग्रेस को अगले चुनाव में सरकारी अफसरों द्वारा सहायता मिले। इस तरीके से वहां पर उन के द्वारा तबादले किये जा रहे हैं कि जिससे कांग्रेस को सहायता मिले। गवर्नर ने ऐडवाइजरी कमेटी के सामने भाषण देते हुए भी यह कहा है :

"He wanted the employees not only to be impartial but also to appear to be impartial."

यही बात उन्होंने बाद में इंडिपेंडैंस डे की सैरीमोनियल परेड को ऐड्रैस करते हुए भी कही इसलिए माननीय सदस्यों के गवर्नर के विरुद्ध लगाये गये उस आरोप में कोई तथ्य नहीं है।

जहां तक वह तबादलों की बात का सम्बन्ध है गवर्नर ने यह आदेश दिया है कि जब तक कोई खास जरूरत न हो तब तक ऊंचे अफसरों को मध्यावधि चुनाव तक ट्रान्सफर न किया जाय ताकि इस तरह का कोई आरोप न लगा सकें। इसलिए गवर्नर तो पूरी कोशिश में है कि सरकारी कर्मचारियों का इस्तेमाल चुनाव के अवसर पर न किया जाय लेकिन आज जो माननीय सदस्य इस सवाल को उठा रहे हैं मैं उन से पूछूंगा कि क्या वह पिछले आम चुनावों को याद करते हुए मुझ से वह साफ़ दिल से कह सकते हैं कि उन्होंने सरकारी कर्मचारियों का इस्तेमाल चुनावों में नहीं किया? अगर किया तो उन्होंने गलत किया लेकिन उन्होंने किया या नहीं यह जरा वह सोच लें।

दूसरी यह शिकायत की गई कि गवर्नर साहब का रूल जो है वह तो सरकारी कर्मचारियों का रूल है। गवर्नर रूल आप ले आये। मैं आप से पूछता हूं कि उस को लाया कौन था? उत्तर प्रदेश की बात आप इतनी जल्दी भूल गये कि पिछले आम चुनावों के बाद जब असेम्बली मिली उस वक्त कांग्रेस बहुमत में थी। उस के बाद कुछ कांग्रेस के भगोड़ों को मिला करके आप ने एक सरकार बनाई। उन को आप ने सिर पर बैठाया, मुख्य मंत्री बनाया, मंत्री बनाया। खैर आप ने सरकार बनाई इसलिए अच्छा किया आप को अनुभव हुआ, कुछ तजुर्बे हासिल किये। कुछ जिम्मेदारियां आई, अवश्य ही कुछ जिम्मेदारी भी आई होंगी लेकिन दुर्भाग्य यह रहा है कि जनता को भी अनुभव हो गया और आप इस के लिए हमें क्यों दोषी ठहराते हैं? मैं फिर आप

से पूछता हूं कि जब सरकार गिरी तो क्या उसे कांग्रेस ने गिराया था ? यह गवर्नर रूल लाने के लिए आप हम को क्यों दोषी ठहराते हैं ? दरअसल आप उसे नहीं चला पाये, आपस में झगड़े हुए और सरकार गिरी। वैसे मुझे आप से सहानुभूति है लेकिन आप कम से कम गलत बात क्यों करते हैं और हम को क्यों व्यर्थ में इस के लिए दोषी ठहराते हैं ? इसलिए दोष जहां हो वहां दोष दीजिये। आप अपने अंदर देखिये। आपस में देखिये कि एक दूसरे का क्या रवैय्या रहा ? जो लोग 10 महीने साथ नहीं रह सके वह क्या फिर साथ रह पायेंगे ? इस बात पर विचार करिये कि चुनाव में आप को साथ लड़ना है या कैसे लड़ना है ? कुछ सिद्धान्तों के पीछे चलिये, कुछ आदर्शों के पीछे चलिये। आप इस गद्दी का मोह और लालच छोड़ दीजिये जिस गद्दी की लालच ने आप को इस स्थिति में ला दिया है और जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश में गवर्नर रूल क़ायम किया गया।

फिर आखिर में एक शिकायत हुई कि वहां गुप्ता जी के पास फाइल लेकर सरकारी अफसर लोग जाते हैं। गुप्ता जी के पास सरकारी अफसरान फ़ाइलें लेकर जाते हैं माननीय सदस्य ने जो यह शिकायत की है वह ज़रा इस पर विचार करें कि उन्होंने क्या कहा है ? अब पिछले चुनावों के बाद जब चरणसिंह जी मुख्य मंत्री बनने जा रहे थे उस वक्त अफसर लोग जाकर उनको सलाम करने लग गये थे तो मैं क्या समझूं कि अब अफसरों के मन में यह विचार आ गया है कि अगले चुनाव में कांग्रेस जीतेगी और मुख्य मंत्री गुप्ता जी बनेंगे ? इसलिए आप स्वयं इस अपने कथन पर विचार कर लीजिये। यह बड़ी गम्भीरता से आप के सोचने की बात है। अगर यही उन्होंने सोच-विचार करके अपने सामने रक्खा है तो वह काफ़ी चतुर लोग हैं आख़िर सारे प्रदेश को देखते रहे हैं और इसलिए मैं उस समय केवल यही कहूंगा कि आप गम्भीरता से विचार करिये वरना सारी ज़मीन आप के नीचे से खिसक जायेगी।

Some Hon. Members *rose*—

SHRI S. M. BANERJEE: I want to put only one question... (*Interruptions*).

MR. CHAIRMAN: Order, order. I don't permit this sort of a thing. I am trying to be helpful. If half a dozen Members stand up like this, what can I do.

**श्री शारदा नन्द** (सीतापुर) : मैं ने बिजली की दर के विषय में मंत्री महोदय से स्पष्टीकरण मांग था और उन्होंने कहा था कि अंत में वह इस के बारे में जवाब देंगे तो मैं चाहता हूं कि उस के बारे में मंत्री महोदय उत्तर दें।

MR. CHAIRMAN: Will the Minister clarify his point?

SHRI K. C. PANT: I can't say.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (उज्जैन) : यह जो प्रश्न हमारी पार्टी की ओर से पूछा जा रहा है आखिर मंत्री महोदय उस का उत्तर क्यों नहीं देते ? आखिर सरकार के पास क्या जवाब है ? बिजली की दर के बारे में जो पूछा गया था उस का जवाब दिलवाने में चेयरमैन महोदय आप हमारी मदद करिये।

MR. CHAIRMAN: Please resume your seat. The Minister is not in a position to give any reply. I cannot help it.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मंत्री महोदय के इस तरह से चुप बैठे रहने और जवाब न देने का कारण क्या है ? जब उन्होंने बिजली की दर के बारे में जवाब देने का वायदा किया था तो अब उस से मुकर क्यों रहे हैं ?

MR. CHAIRMAN: Mr. Kachwai, I call you to order. Please resume your seat. I cannot force him.

**श्री शारदा नन्द** : मंत्री महोदय ने मुझ से वायदा किया था कि वह इस के बारे में अंत में जवाब देंगे।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : आप मंत्री महोदय से उस का स्पष्टीकरण दिलवा दीजिये वह कह दें कि हम कुछ जवाब नहीं देना चाहते हैं तो हम बैठ जायेंगे।

MR. CHAIRMAN: Order, order. Please resume your seat.

**श्री स० मो० बनर्जी** : मैं माननीय मंत्री से केवल इतना पूछना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता केन्द्र के कर्मचारियों जैसा हो सकता है या नहीं हो सकता है और यह कि केन्द्रीय सरकार उस में क्या मदद कर सकती है ?

masses are going to be exploited for the political benefit, the electoral benefit, of this ruling party. This would be very difficult to stomach indeed. But these friends make people believe that they are not going to exploit this President's regime for the benefit of their own party. If they are really sincere in convincing the people and in assuring them that they do not want to derive any political benefit at all, let them begin to take active steps to negotiate with all other political parties in U.P. on the basis of their willingness to have an all-party government and in that way, help those people to come to have for the first time a good enough administration and a sound enough Cabinet. Otherwise, what would happen is a repetition of the ten points that Shri Charan Singh had placed before the SVD and the failure of the SVD. The same thing would happen next time also; whether it would be Chaudhuri Charan Singh who is a kisan or whether it would be Guptaji, who is who, who is master of 65 lakhs of rupees of public funds, or whether it would be anyone else, U.P. would come to suffer in the same way as it has suffered, under the weight of those politicians who are out for grabbing power not only for themselves, not only for their own parties but for those sections of those upper class people who have been able till now to monopolise political power in that State.

SHRI R. K. SINHA (Faizabad): When I was listening to the brilliant speech of the leader of the Swatantra Party, it appeared as if the stepmother is very very grudgeful because U.P. is going to get a few favours from the Central Government. U.P. is one of the States of India, which, though it has given three Prime Ministers to India, though it was the land of Rama and Krishna and Akbar and Jehangir, is today one of the most backward in the country, and when today the Government of India on the advice of the State Governor have come out with certain favours to the peasantry of U.P. why should the stepmother sitting on the Opposition Benches grudge these few crumbs given to that poor State?

Even if what the U.P. Government in the person of the Governor has demanded from the Central Government is conceded *in toto*, at the end of the Fourth Plan U.P. would still be a more backward than all the developed States in India as they were at the end of the Second Five Year Plan. Therefore, when our Minister of State for Home Affairs was referring to the discussion which was held in Nainital in which I was also a participant, we should remember that the Governor of U.P. and his administration are probably doing their non-partisan best to serve the State. Where they have gone wrong, they should be criticised. The Governor of U.P., who is a South Indian, went through the files and presented before the National Development Council those documents which brought to light the real position of the State of U.P. The Governor's action should have been appreciated. The Governor has now come out with an innovation, a Planning Board, in which there is an attempt to associate the Members of Parliament from there in order that their views might be incorporated and taken into account in solving the problems of the State. These are democratic innovations with which he has come forward, which should be welcomed.

I may also remind the House that we in the Advisory Committee with the Hon. Chairman as a member had placed before the U.P. Government a demand that the salaries of primary school teachers and district board school teachers should be raised. I welcome the decision of the U.P. Government that the most backward sections of teachers in U.P. are going to get the benefit of a ten-rupee increment in their salaries. I am also hoping that the Government of U.P. will not alter the grant of pensions to those who had retired in 1950 and earlier and have become the junk of society, the old people. The old Government employees of U.P. are always ignored in any scheme that the U.P. Government or the Central Government may bring forward. Many State Governments are trying to bring the salaries of their employees on par with

the Central employees. That should be done in U.P. also. It is not a question of discipline or absence of it. It is a question of satisfied government employees working for the welfare of the State. Therefore, the demands of the U.P. Government employees must be considered. If not all, most of the retrenched employees should be taken back. The Central Government employees went on strike but the Central Government did not refuse to take them in. Why should the U.P. Government not do so? Why do they refuse to take back the leaders of the U.P. government employees?

16.26 HRS.

[MR. SPEAKER *in the Chair.*]

There are fourteen districts in eastern U.P. The total number of districts in U.P. is forty where the educational institutions go up to M.A. or M.Sc. These classes are not permitted in the 14 eastern districts. They may argue that the standard of education may not be so high. Why this discrimination? If the standard is low, you can abolish higher education in the other districts also. Amendments must be made to the Gorakhpur University Act and other University Acts also in eastern U.P. so that eastern U.P. is not deprived of the benefits of higher education.

I brought up the question of blackmarket in education in the Rashtrapati's committee meeting in Nainital. Even today in certain centres in U.P. the teachers are not given salaries for months together. They are given Rs. 100 and are asked to sign the receipt for Rs. 200. At my insistence, the system of cheques has been introduced by the Chief Secretary. That should be followed throughout the whole State so that the poor teachers of U.P. are not deprived of their legitimate emoluments.

The Planning Board of U.P. has been raising the matter of Sarju project with the Central Planning Commission. It should not be made a burden on the tax payers of U.P. We had been financially disenfranchised in the last three plans. The Sarju project should be the gift of the Central Government and the Planning Commission to the eastern districts of U.P.

I come from a division called Faizabad division whose total population is bigger than that of many of the States of India. Yet this division of six districts has no industry; it has not been granted small or big favours during the last three plans. There are no universities, no engineering colleges or medical colleges in this area and also no public sector undertakings. The electronics factory is coming. Why should not the Centre and the State Government come together so that this area is granted the favour it deserves? The decision of the Patel Commission in the last Plan should be applied to Faizabad division also.

About law and order, I want to point out that in the district of Faizabad, in the Jahangirganj area, the *thanedar* is ruling like a Moghul. It is time that his deeds and the deeds of the police authorities in the district of Faizabad were examined. The Ghaggra cuts through my district and there are many areas and lands in my district particularly Mooradiha which cut into the district of Basti. Those people are led by one Chandra Bhan Singh; there are thousands of acres of land of the poor peasants of my district which are illegally under the possession of that man and his followers. That man is a dacoit. He has become a multimillionaire; he is the owner of cars and with the connivance of the administration at the district level and the tehsil level in Basti, he is depriving hundreds of peasants of my district of their land; they are becoming landless; they are starving, and they cannot find the requisite amount of money for feeding their bullocks and other animals. This must also be looked into and examined.

Another thing that I want to point out is this. Ayodhya is the birth-place of Lord Rama. It is a place where the very origin of the Hindu religion lies. There, the Government of India was kind enough to put up a bridge across the Sarayu; this bridge is a tragedy

[Shri R. K. Sinha]

because it has been built for a distance of three furlongs from the main gate of Gohsainganj. Around that area, thousands of mosquitoes are breeding and crores worth of religious property is lying waste. People do not want to visit that place; the pilgrims want to shun the district of Faizabad and the birth place of Rama, Ayodhya, because of these inconveniences. There must be either a park or a channel like that in Hardwar. Even from the point of view of tourism, Ayodhya should be very much in the map of India, it being the place of ancient culture in India. Therefore, something must be done in regard to it.

I want to bring one more point in this connection. There have been grants made by the Government of Uttar Pradesh for women's hospitals in Bikapur, Goshainganj, Akbarpur and other places. The money is granted, but the hospitals are not coming up for the last three years. In the last meeting of the Advisory Committee, I had discussed the matter about roads with one of the Secretaries of the Uttar Pradesh Government. He also assured me that the Rae-Bareilley-Faizabad road would be constructed. But even till today that promise has not been honoured. The State Government authorities must understand that in the age of democracy, when promises are made, the promises have to be fulfilled.

Lastly, when I had a discussion with the Governor and with the leaders of this country, I came to one conclusion in this country, there may be backward States and there may be forward States. But there is the poor peasant in this country, the poor peasant who has built the big cities like the Kanpurs, the Calcuttas and the Bombays. The majority of the people of Uttar Pradesh are peasants, and the majority of the peasants constitute the population of Faizabad division. Why is it that in the map of India, Faizabad division is being ignored? Why is it that whatever favours are offered, they go to Allahabad and other bigger districts of Uttar Pradesh. It is only about 13 per cent of the population of Uttar Pradesh of the Faizabad Division—that is, about one crore of the population of Uttar Pradesh that is ignored? I do not want to ask for any favour for my district. There are people who are starving; there are people who are unemployed, who go to the markets of Bombay and Calcutta, but are pushed out by the spirit of provincialism there. But we want to hoist the National Flag everywhere; we have the national unity. The backward State of Uttar Pradesh will come forward, and it shall have its claim satisfied.

**श्री रामजी राम** (अकबरपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आप का आभारी हूं कि आप ने मुझे इस अवसर पर बोलने का मौक़ा दिया।

उत्तरप्रदेश में फैजाबाद एक ऐसा जिला है जोकि 21 साल से बिलकुल उपेक्षित रहा है और मैं आप के माध्यम से सरकार से यह मांग करूंगा कि उस की तरक्की के लिए ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। मैं आज भी जब वहां के गांवों में घूमता हूं तो वही पिछड़ापन रीवी और मायूसी लोगों में देखने को मिलती है और उस दयनीय हालत को देख कर मुंह से बेसाख्ता यह शेर निकल जाता है :

"जब आजादी नहीं मिली थी तो मिलने का था मलाल,

अब यह मलाल है कि तमन्ना निकल गई।"

आज इस आजादी के 21 साल के बाद भी यह अनुभव करते हैं कि सही तौर पर वह आजाद नहीं हुए हैं। इसलिए मैं आप के जरिए से सरकार से यह मांग करूंगा कि उन की उन्नति व बेहतरी के लिए इस तौर पर ध्यान दिया जाय जिससे कि सही तौर पर उन की हालत बेहतर हो सके तौर सही मायनों में उन का विकास हो सके।

जहां तक शिक्षा व्यवस्था का सवाल है गांवों में अभी भी बहुत कुछ करने को बाक़ी रहता है। मैंने पिछली बार यह आग्रह किया था और इस अवसर पर पुनः दोहराऊंगा कि गांवों में जो प्रायमरी स्कूल बने हुए है उन का मुआयना व निरीक्षण होना चाहिए। वह प्रायमरी स्कूल जैसे बने हैं वह न तो जाड़े में महफूज हैं, न गरमी में महफूज हैं और न बरसात में ही वह महफूज है। वह महज बूचड़खाने की तरह से बनाये हुए हैं। प्रायमरी स्कूलों की बिल्डिगें बिलकुल नामुनासिब और वाहियात हैं और उन में बच्चों को ठीक से बैठाने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए मैं चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश जोकि शिक्षा के मामले में एक पिछड़ा हुआ प्रदेश है, वहां पर जो प्राइमरी स्कूल हैं उन की बिल्डिगों को ठीक ढंग से बनाया जाय।

यह बहुत जरूरी है कि अनिवार्य शिक्षा की जो अभी तक वहां पर अवहेलना की जा रही है उसे रोका जाय। दरअसल मुल्क की तरक्की का मियार और समाज की तरक्कीए मियार ऐसे तबके पर है जोकि बाकई में श्रमिक है। उत्तरप्रदेश में 20 फ़ीसदी से ज्यादा लोग वहां अछूत रहते हैं। लेकिन मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि उन की शिक्षा के लिए, उन के रहन सहन के लिए, और उन के कारोबार के लिए किसी किस्म का कोई इंतजाम नहीं किया गया है।

शिक्षा के सम्बन्ध में मैं एक ही बात आप के माध्यम से अपनी सरकार से कहना चाहता हूं कि वहां पर दाखिले के सिलसिले में बड़ी धांधली बर्ती जा रही है और दाखिले में शर्तें लगा कर एजुकेशन कोड की अवहेलना की जा रही है। अभी जब मैं अकबरपुर, जलालपुर, टाडा, गौसाइंगंज, और जहांगीरगंज गया था, गरज़ यह कि जहां जहां भी मैं गया मुझ को यही शिकायत मिली कि हरिजन विद्यार्थियों का दाख़िला नहीं हुआ है। वह बेचारे मायूस होकर अपने घर में बैठ गये। पढ़ने लिखने से वह वंचित रह गये और वह बेचारे भूतपूर्व ज़मींदारों के वहां हरवाही और मजदूरी कर रहे हैं। इस में सुधार लाने के लिए सरकार को कोई सक्रिय क़दम उठाना चाहिए।

हरिजन वेलफेयर डाइरैक्टर की देख रेख में वह जो हरिजन सुधार की शिक्षा समिति बनी है उस में मुझे अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि ऐसे भी कांग्रेसी नेता रख लिये गये हैं जिनके कि ऊपर सरकार का बकाया है जिनके कि ऊपर गबन का इलज़ाम है। उन लोगों के ऊपर 19–19 ग्रांट्स लेने का भी इलज़ाम है। मैं ने उस के लिए दरख्वास्त भी दी थी लेकिन वह दरख्वास्तें अभी तक पैंडिग पड़ी हुई हैं और उन दरख्वास्तों की जांच नहीं हुई है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में हरिजन विद्यार्थियों के लिए कोई बोर्डिंग हाउस नहीं है और उस के अभाव में बेचारे हरिजन लड़के इधर से उधर मारे, मारे फिरते हैं। गांवों से हरिजन लड़के शिक्षा पाने के लिए आते हैं लेकिन चूंकि उन्हें जगह नहीं मिलती है इसलिए वह मायूस हो कर चले जाते हैं। इस के अलावा उन के नाम पर जो पैसा मिलता है, जो वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है उस का दुरुपयोग होता है। उस पैसे से जनरल बोर्डिंग हाउस बनाते हैं। उन में जनरल लड़के रक्खे जाते हैं लेकिन हरिजन विद्यार्थियों को नहीं रक्खा जाता है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो पैसा उन के नाम पर दिया जाता है वह उन्हीं के ऊपर खर्च हो उन्हीं की शिक्षा व्यवस्था और बोर्डिंग हाउस आदि पर इस्तेमाल

किया जाय और यदि ऐसा किया जायगा तो उन की तालीम में एक हजाफ़ा हो सकता है।

दूसरी बात यह है कि फैजाबाद एक ऐसा पिछड़ा हुआ व अविकसित जिला है जहां 21 साल से कोई व्यवसाय आदि का इंतजाम नहीं किया गया है। टांडा एक कारोबारी इलाक़ा है। मैं ने अपने पिछली बार के भाषण में यह बतलाया था कि न सिर्फ वह हिन्दुस्तान में बल्कि दुनिया भर में वह अपने जामदानी के काम के लिए मशहूर है। वहां पर काफी तादाद में लोग कपड़ा बुनाई का काम करते हैं। दरअसल फैजाबाद जिले का पूर्वी इलाक़ा हैंडलूम तथा पावरलूम से कपड़ की बुनाई में औरों के मुकाबले काफ़ी आगे है। लेकिन यहां पर कोई स्पिनिंग कारख़ाना नहीं है। वहां पर केवल एक नैनी स्टेपिल मिल कायम है और उस का बाजार में एकाधिकार है और वह 33 प्रतिशत सूद पर स्टेपुल अथवा सूत देते हैं। इस कारण वहां का जो यह कारोबार है वह बढ़ नहीं पा रहा है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि वहां जल्दी इस चीज़ का इंतज़ाम किया जाय।

हैंडलूम का कारोबार वहां पर है लेकिन वहां पावरलूम भी 4–5 हजार चल रहे है और हैंडलूम के नाम पर पावरलूम का माल बना कर के बाहर भेजा जाता है और परिणामतः वह हैंडलूम का कारोबार दबा हुआ है। इसलिए मैं आप के माध्यम से सरकार को यह कहना चाहता हूं कि इस के ऊपर भी कार्यवाही करे।

वहां पर थाने यद्यपि बढ़ा दिये गये हैं लेकिन उन में सिपाहियों की संख्या बढ़ाई जाय। ला ऐंड आर्डर के लिए वहां पर सिपाहियों की तादाद बढ़ाई जानी आवश्यक है। इस बारे में मैं अपना खुद का अनुभव बतलाना चाहता हूं कि जिस इलाके में भी जाकर मैं देखता हूं मैं वहां पर त्राहि, त्राहि मची हुई पाता हूं। मुझे यह चीज़ बड़े दुख के साथ कहनी पड़ रही है कि जो पुलिस अधिकारी व थानेदार आदि लोग हैं वह अपनी मनमानी करते हैं और हालत यह हो रही है कि वह हम एम०पी०लोगों की भी पर्वाह नहीं करते हैं। मुझे यह सुनने में आया है कि जब मैं वहां के थानेदार और एस०पी०से मिल कर चला आता हूं तो वह थानेदार और एस०पी० बाद में यह कहते हैं कि अरे वह है तो चमार ही, एम०पी० होने से क्या होता है? यह उन की टैंडेंसी बनी हुई है। इस लिये मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि इस 21 साल की आजादी के बाद भी जब हम एम० पी० होने पर देहात में जाते हैं तो हमें इस ढंग से पुकारा जाता है और इस तरह से हमारे साथ व्यवहार किया जाता है जैसे आजादी के पहले भी नहीं किया जाता था। यह तो हमारे प्रशासन का हाल है। मैं अपने जिले का हाल आप को बतलाता हूं कि जो हमारे जिले के एस० एस० पी० उन से मैं ने बीसों बार वहां के बारे में शिकायत की, लेकिन जब मैं उन को फोन करता हूं तब वह सोते रहते हैं। उन के पास टाइम नहीं है कि मेरी बात सुनें। ऐसी हालत में हमारे होने या न होने से क्या फायदा है। लाख यहां पार्लियामेंट बैठे ,लाख मेम्बर चुन कर जायें, लेकिन सही तौर पर जो बुनियादी तरक्की होनी चाहिये वह नहीं हो रही है।

मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि जो हमारे जिले के न्यायाधीश हैं उन की बांउंड्री में करीब 12 एकड़ जमीन है। उन के पहले जो न्यायाधीश वहां पर थे, श्री बंसल, उन्होंने भूमिहीन मजदूरों खासकर हरिजनों को वह जमीन बटाई पर दिया था। लेकिन जब वर्तमान

न्यायाधीश आये तब उन्होंने नहीं दिया। जब मैंने उन से कहा तब उन्होंने कहा कि यह उन का पर्सनल मामला है और मैं उस में इंटरफिअर न करूं। जब न्यायाधीशों का यह हाल है कि बटाई पर काम करने वाले जो खेत मजदूर थे उन की जमीन ले ली, तब हमें इंसाफ कैसे मिल सकता है? मैं आप के माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इस की इन्क्वायरी होनी चाहिये। लोगों ने राज्यपाल को तार दिया, जिलाधीश को दिया, हाई कोर्ट को दिया, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

हमारे यहां खेत मजदूरों की समस्या यह है कि वहां पर जितने पट्टे किये गये वह सब भूमिहीनों के किये गये। बाप भूमिवाला है और लड़का भूमिहीन है। इस तरह से लड़कों और नाते वांतों के पट्टे किये गये। वहां पर बहुत काफी भूमि पड़ी हुई है लेकिन वह कहते हैं कि भूमि नहीं है। जब तक वहां के भूमिहीनों को भूमि नहीं मिलेगी तब तक वहां खेती की तरक्की नहीं हो सकती।

घाघरा नदी हमारे उत्तरी हिस्से से बहती है। वहां हजारों एकड़ जमीन है। जो माननीय सदस्य मेरे जिले से आये हैं, उन्होंने इस तरफ थोड़ा सा इशारा किया है, बिस्तारपूर्वक बतलाना चाहता हूं कि वहां करीब करीब 60 लाख रु. का सरकार का नुकसान हो रहा है। मैं छः साल से इस के लिये लिखता चला आया हूं, डिमांस्ट्रेशन करता हूं, प्रोटेस्ट करता हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। हजारों एकड़ जमीन भूतपूर्व जमीदारों के जरिये से हथिया ली गई है, जो कि खेत मजदूरों, खास तौर से हरिजनों को नहीं दी गई है। इस लिये मजबूर हो कर वह इस तरह की बात कहते हैं। लेकिन आज तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया। मैं चाहता हूं कि इस बात पर निर्णय किया जाये।

जहां तक सिंचाई का सवाल है, मैं अदब से कहना चाहता हूं कि टांडा और अकबरपुर इलाके जो कि फैजाबाद जिले मे आते हैं, इस से बिल्कुल अछूते हैं। न तो वहां नहरें हैं और न ट्यूबवेल का ही इन्तजाम है। जो बरसाती पानी होता है उस पर वह मुनहसर करते हैं। बरसाती पानी से खेत की सिंचाई कैसे हो सकती है? लगातार कोशिश करने के बाद भी सरकार इस में नाकामयाब रही है।

आज जो हरिजन नव बौद्ध हो गये हैं उन की भी वही हालत है जो कि हरिजनों की है। इस लिये जो भी नव बौद्ध हैं उन की हालत को सुधारने के लिये उन को सुविधायें प्रदान की जानी चाहियें, जैसे हरिजनों को दी जाती हैं।

उत्तर प्रदेश के यातायात के बारे में मैं बतलाना चाहता हूं कि घाघरा नदी के पैरलल सड़क जाती है। वह बहुत ही महत्वपूर्ण सड़क है और मया, इल्फातगंज, टांडा हसवर होते हुए वह आजमगढ़ को चली जाती है। उसी तरह से एक सड़क गोविन्द साहब से हो कर जलालपुर, अकबरपुर, महरवां होते हुए सुल्तानपुर जिले को मिलाती है। यह दो चार सड़के ऐसी हैं जो बहुत ही महत्वपूर्ण हैं लेकिन आज तक उस पर एक मील भी पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया। उस के बगल में ही सुल्तानपुर जिला है। वहां मैं ने देखा कि छोटी छोटी सड़कों को पक्का किया गया। हमारा जिला यातायात के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है।

मैं चेतावनी के रूप में कहना चाहता हूं कि अगर सही तौर से इन सारी चीजों का इन्तजाम नहीं किया गया तो

[श्री रामजी राम]

वहां बहुत असन्तोष फैलेगा। टांडा एक कस्बा है जहां की आबादी 36 हजार है। लेकिन वहां पर जो अस्पताल है वह डिस्ट्रिक्ट बोर्ड का है। जब मैंने इस का सवाल उठाया कि यह डिस्पेंसरी सरकार को दी जाय और वहां सरकारी अस्पताल बनाया जाये, जब हम डिस्ट्रिक्ट बोर्ड से कहते हैं तो वह कहते हैं कि वहां से प्रस्ताव पास कराइये और जब मैं सरकार से लिखा पढ़ी करता हूं तो वह कहते हैं कि डिस्ट्रिक्ट बोर्ड से प्रस्ताव पास कराइये। न तो जिला परिषद् ही प्रस्ताव करता है और न सरकार ही ध्यान देती है। 36 हजार की आबादी के लिये कोई अस्पताल नहीं है। इस पर शीघ्र ही ध्यान दिया जाना चाहिये।

अब मैं ब्लाक और प्लानिंग के बारे में कहना चाहता हूं। जैसा कि मशहूर है, प्लैनिंग के हैं तीन काम, नक्शा, मीटिंग और सलाम। इस के अलावा प्लैनिंग का और कोई काम नहीं है। लाखों रुपये हरिजनों की तरक्की के लिये, खेत मजदूरों की तरक्की के लिये और श्रमिकों की तरक्की के लिये मांगे जाते हैं लेकिन सब पैसा लैप्स हो जाता है और वापस कर दिया जाता है। किसी किस्म का कोई सक्रिय कदम नहीं उठाया जाता।

आज हमारे यहां रोडवेज की जो हालत है वह बहुत ही खराब है। उत्तर प्रदेश में यातायात की जो मुख्य साधन है वह रोडवेज है लेकिन उस की बसों की हालत बहुत खराब है और टाइम का भी किसी किस्म का कोई खयाल नहीं किया जाता। बसें घंटों लेट हो जाती हैं और आने जाने में लोगों को बड़ी कठिनाई होती है।

यहां पर भगवान के मन्दिर हैं उन की लाखों रुपयों की आमदनी होती है। एक तरफ इन्सान रात दिन मेहनत करता है फिर भी उन को खाने को नहीं मिलता, कपड़ा नहीं मिलता, और बालबच्चों को शिक्षा नहीं मिलती, दूसरी तरफ, भगवान के मन्दिर हैं। जो भी इस तरह के मन्दिर हैं उन पर टैक्स लगाया जाना चाहिये और उन की जो आमदनी हो उस को विकास कार्यों पर खर्च किया जाना चाहिये। मैं सरकार का ध्यान इस तरफ अवश्य दिलाना चाहता हूं।

**श्री बैं० ना० कुरील** (रामसनेहीघाट) : अध्यक्ष महोदय, संविधान की धारा 356 के अन्तर्गत पिछली अप्रेल में उत्तर प्रदेश में जो राष्ट्रपति शासन लागू किया गया उस को छः महीना बढ़ाने का जो सदन के सम्मुख प्रस्ताव है, मैं उस का समर्थन करता हूं। उस का समर्थन तो करना ही पड़ेगा, इस लिये कि गवर्नर की जो ऐडवाइसरी कमेटी बनी है उस ने यह तय किया है कि फरवरी में एलेक्शन होंगे। तब तक अर्थात् छः महीने तक वह जारी रहेगी ही। जैसा श्री शुक्ल ने कहा, वह तीन महीने के लिये भी बढ़ाया जा सकता था, किन्तु जब फरवरी में एलेक्शन होना है तब उस को छः महीने के लिये जारी रखना ही मुनासिब होगा।

जब प्रोफेसर रंगा ने डिस्कशन को प्रारम्भ किया तब उन्होंने जो कुछ अपनी स्पीच में कहा उस से ऐसा लग रहा था मानो कांग्रेस ही इस बात के लिये जिम्मेदार है कि वहां राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। शायद वह पिछला इतिहास भूल गये कि जब वहां राष्ट्रपति शासन लागू हुआ तो किन परिस्थितियों में हुआ और कौन लोग उस राष्ट्रपति शासन को लाने के लिये जिम्मेदार थे। मैं उन को याद दिलाऊं कि सब से आखीर में जब एक मौका दिया गया कि एक महीने में वह लोग अपना नेता चुन लें जो संविद की इकाइयां थीं। जब यह

हो रहा था कि अब चुना जाय, अब चुना जाये तब आखिरी दिन स्वतन्त्र पार्टी ने अपने प्रतिनिधियों को खींच लिया। ऐसी स्थिति में वहां राष्ट्रपति शासन लाजिमी हो गया क्योंकि और कोई विकल्प नहीं था गवर्नमेंट के सम्मुख। श्री रंगा यह भूल गये कि उन को यह तल्ख तजुर्बा हो गया था कि इस तरह से जो इकाइयां आयेंगी वह सरकार नहीं चला सकतीं। परन्तु इस का मतलब उन्होंने उल्टा लगाया। उन्होंने कहा कि जो तजुर्बे हुए हैं उन को देख कर सेंटर में भी एक मिली जुली सरकार बननी चाहिये। अजीब बात है उन का इस तरह से कहना।

अभी सप्लिमेंटरी बजट के समय श्री भारती ने वहां के मुख्य सचिव के खिलाफ शिकायत की और उन्होंने जबर्दस्त आरोप लगाये उन के खिलाफ। उन का भाषण इस हद तक पहुंचा कि उन का कोई आदमी था जो सस्पेंडेड है। श्री भारती यह कहना चाहते थे कि मुख्य सचिव उस को इस लिये बहाल नहीं करना चाहते कि किसी वक्त वह उन के अन्डर में था और उन की कोई पर्सनल राइ-बैलरी थी। इस तरह की बातें यहां पर डिस्कशन में लाना, मेरी समझ में उचित नहीं है। छ महीने तक तो राष्ट्रपति शासन वहां चलेगा। इस दौरान जो काम होंगे वे कुछ अच्छी तरह से होते रहे यह मेरी कामना है। इस में कोई शक नहीं है कि वहां का जो सामान्य प्रशासन है वह कुछ ढीला हो गया है। यह ढिलाई राष्ट्रपति का शासन लागू होने के बाद आई है, इन पिछले पांच छः महीनों के दौरान आई है ऐसी बात नहीं है। यह ढिलाई पिछले एक डेढ़ साल से चली आ रही है क्योंकि तब से पूरे प्रदेश में एक हुल्लड़ सा मच गया, यह चीज फैलती सी गई है और सम्भालने की कोशिश करने के बावजूद भी यह सम्भली नहीं है। आज तो वह बिल्कुल लैट लूज हो गई है। इस ढलाई का असर किस पर पड़ रहा है? इसका असर पड़ रहा है गरीब लोगों पर, पिछड़े वर्ग के लोगों पर, कमजोर तबके के लोगों पर, हरिजन लोगों पर। जगह जगह उनकी मारपीट हो रही है, उनको सताया जा रहा है, उनके जमीनें हड़पी जा रही है। जब वे शिकायत करने के लिए जाते हैं कि हमारी जमीन ले ली गई है तो उसको इनक्वायरी उनके माफिक नहीं होती है। जो जबर्दस्त लोग हैं, उनके माफिक इनक्वायरी चली जाती है। समझ में नहीं आता है कि पिछले कुछ दिनों से जो पुलिस की ज्यादती की बात फैल रही है, उसके बारे में क्या कभी आपने बैठ कर उच्च स्तर पर इस बात को सोचा है कि ऐसा क्यों है? क्या कहीं पुलिस के अफसरों के दिमाग में यह बात तो नहीं आ गई है कि हम जो चाहें कर सकते हैं? क्या उन्होंने राष्ट्रपति शासन का मतलब यह तो नहीं लगा लिया है कि अब पुलिस का राज है और पुलिस जिस को चाहे और जिस तरह से भी चाहे दबा सकती है, सता सकती है। राष्ट्रपति शासन की सही तस्वीर उनके सामने आज रखने की जरूरत है। गवर्नर महोदय ने वहां मेरे ख्याल में काफी इस बात की छूट दे दी है। उन्होंने वहां पर एडवाइजरी कमेटी बनाई है, प्लानिंग की कमेटी भी बनाई है और वहां पर जो बातें रखी जाती हैं उन पर वह गौर करते हैं और अमल भी करते हैं। लेकिन यह पुलिस के दिमाग में कैसे बात आई कि वे जैसे चाहें लोगों को तंग कर सकते हैं, इसको जानना हमारे लिए जरूरी है। मैं चाहता हूं कि इसके बारे में उच्च स्तर पर जांच कराई जाए।

[श्री बै० ना० कुरील]

प्लानिंग की भी चर्चा हुई है। सारे देश में प्लानिंग हुआ है और उत्तर प्रदेश में भी हुआ है। उससे लाभ भी हुआ है। देश समृद्धिशाली हुआ है। उत्तर प्रदेश में भी फर्क पड़ा है। वहां भी काफी अच्छा काम हुआ है। लेकिन एक बात मैं कहना चाहता हूं। चौथी योजना बन रही है। इसको बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि इससे सब को फायदा हो। आज तक योजनाओं से लाभ हुआ लेकिन बड़े लोगों को हुआ है, फिर चाहे वह बड़ा किसान हो, बड़ा उद्योगपति हो या कोई भी हो। जिस के पास साधन पहले से मौजूद थे वही इससे लाभ उठा सका है और जिस के पास पहले से कुछ नहीं था उसको कोई लाभ नहीं मिला है। जैसे हरिजन हैं, लैंडलैस लेबरर हैं, खेतीहर मजदूर हैं, उनको कोई फायदा नहीं मिला है। इसलिए जो चौथी योजना बन रही है उस में बड़े बड़े काम तो होंगे ही, बड़ी बड़ी इंडस्ट्रीज तो लगेंगी ही लेकिन उसके साथ साथ ऐसी छोटी छोटी इंडस्ट्रीज भी लगनी चाहिये ताकि इन छोटे लोगों को, साधनहीन लोगों को भी उससे फायदा पहुंचे। सारा देश तरक्की कर जाएगा और उसका कोई भी एक हिस्सा अगर इस तरह से रह जाएगा कि जिस के पास पहनने के लिए कपड़ा न हो, रहने के लिए घर न हो, पेट भरने के लिए उसके पास खाना न हो, तो देश को समृद्धिशाली नहीं कहा जा सकता है। जब देश की समृद्धि को नापा जाएगा तो यही कहा जाएगा कि देश अभी गरीब है। इसलिए हरिजनों और लैंडलैस लेबरर्ज के लिए ही नहीं बल्कि सारे देश के लिए यह जरूरी है कि सब की समान रूप से तरक्की हो और मैं चाहता हूं कि चौथी योजना में इस बात का खयाल रखा जाए।

कुछ सुधार हुए हैं, भूमि सुधार हुए हैं, चकबन्दी हुई है। चकबन्दी की स्कीम तो लगता था कि बहुत अच्छी है और चकबंदी जब होगी तो गांवों में जिन लोगों के पास घर बनाने तक के लिए जमीन नहीं है उनको घर बनाने के लिए जमीन मिल जाएगी और आबादी के लिए चकबंदी करते समय जमीन छोड़ी जाएगी। इसको छोड़ा भी गया। लेकिन बाद में फिर बड़े लोगों ने उसके ऊपर कब्जा कर लिया और जिन हरिजनों के लिए आबादी के लिए जमीन छोड़ी गई थी वे वैसे के वैसे पड़े रह गए। उधर से एक साहब प्रस्ताव लाये थे कि गांवों में हाउसिंग की तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिये। बहुत अच्छे मकान बन कर उनको देने चाहिये। मैं तो कहता हूं कि गांवों में जिन लोगों के पास घर बनाने तक के लिए जमीन नहीं है उनको घर बनाने के लिए जमीन दे दी जाए तो भी एक उपयोगी काम आप कर देंगे। मैं चाहता हूं कि कोई एक खास काम आप हाथ में ले लें और उसको सारे देश में चला दें और उसमें सफलता प्राप्त कर के दिखा दें तो भी यह एक ऐसी बात होगी जिससे आपको क्रेडिट मिलेगा। उससे पता लगेगा कि जो लोग साधनहीन हैं उनके लिए कोई तो काम आपने किया है। जिन लोगों के पास घर बनाने तक के लिए जमीन नहीं है ऐसे साधनहीन लोगों के आंकड़े आप एकत्र करें और घर बनाने के लिए उनको आप जमीन दे दें। अगर आप उनको जमीन नहीं दे सकते हैं, पानी पीने के लिए कुएं का प्रबन्ध नहीं कर सकते हैं तो और क्या कर सकेंगे, यह मैं समझ नहीं पाया हूं।

शिक्षा के बारे में बहुत सी बातें कही गई हैं। हरिजनों के उत्थान के लिए जो काम हुआ है उस में शिक्षा का क्षेत्र ही

एक ऐसा क्षेत्र हैं जिससे पता लगता है कि कुछ तरक्की हरिजनों की हुई है, कुछ काम हुआ है और उनको कुछ फायदा हुआ है। उनके बच्चों को स्कालरशिप मिलता है, किताबें मिलती हैं। जो छात्रवृत्ति का रेट रखा गया था, जो इकोनोमिक बैरियर रखा गया था, जो सीमा आमदनी की रखी गई थी और जिस के नीचे लोगों के बच्चों को स्कालरशिप मिल सकते थे वह सीमा 1953 और 1954 में तय की गई थी। उस वक्त देश की हालत और थी। उस वक्त उस में उनके खाने पीने और किताबें खरीदने का खर्चा चल जाता था। आज नहीं चल सकता है। आज मैं देखता हूं लड़के होस्टल में रहना चाहते हैं लेकिन नहीं रह सकते हैं, अलग से खाना बनाते हैं, घर से मोटा अनाज लाते हैं और तब कहीं उनका गुजारा होता है। स्कालरशिप को जो रेट है और जो इकोनोमिक बैरियर फिक्स किया गया है, इस पर आप पुनः विचार करें और विचार करके इसको आप बढ़ायें। मुझे नहीं मालूम कि छः महीने के अन्दर यह चीज हो पाएगी या नहीं हो पाएगी, लेकिन इस ओर आप अवश्य ध्यान दें।

हमारे रंगा साहब ने कहा है कि सप्लीमैंटरी बजट में बहुत सी नई स्कीमों को लागू किया गया है, बहुत से नए काम शुरू किये गये हैं। इस पर उनको एतराज क्यों है, यह मैं समझ नहीं पाया हूं। किसानों को अगर कोई सुविधा दी जा रही है तो उनको इस पर एतराज क्यों होना चाहिये। वह स्वयं एक बड़े किसान हैं, फार्मर्ज फोरम के पदाधिकारी हैं। मैं नहीं समझ पाया हूं कि छोटी छोटी चीजें किसानों के लिए की जा रही हैं तो इस में एतराज की क्या बात है। उनका कहना यह था कि राष्ट्रपति शासन के वक्त में यह क्यों दी जा रही हैं। अगर पब्लिक की भलाई के लिए कोई काम किया जाता है तो मैं समझता हूं कि इस पर उनको खुशी जाहिर करनी चाहिये। न कि उस पर एतराज उनको होना चाहिए।

इन शब्दों के साथ जो प्रस्ताव आया है, इसका मैं समर्थन करता हूं।

MR. SPEAKER: I had requested the Members in the morning to adjust both the items within 5 hours. Now, I see that all the parties have again to begin. I thought, by calling two or three from this side and from that side we will finish it within 3 hours. It looks every party wants to have an opportunity again. I will have to guillotine it after 3 hours. Whoever is left I cannot help it. From one party, even two spokesmen have spoken on the Supplementary Demands and again there is a third one who wants to speak. It will be most unfair. Anyway, I call Mr. Nayar. Please finish in 5 minutes. Actually you have no time at all. I am just giving this much because you are a senior Member wanting to speak. Already, Mr. Atal Bihari Vajpayee and Mr. Tyagi have spoken.

SHRI K. K. NAYAR (Bahraich): They have spoken on the other item.

MR. SPEAKER: In the morning—unfortunately, you were not here—I said that both may be taken together. Anyway, please finish quickly.

Dr. RANEN SEN (Barasat): What is the time allotted for this?

MR. SPEAKER: Both put together 5 hours. If you finish quickly, I will be able to accommodate more Members.

SHRI K. K. NAYAR: Mr. Speaker, Sir, hon. Minister, Mr. Vidya Charan Shukla, when he opened the discussion, said that the Governor was doing a difficult job and trying to run the administration free of party interests. Mr. Ranga impeached that statement and asserted that the party interest was being served by the administration that is now being carried on in

[Shri K. K. Nayar]

the name of the President. I would not like to enter into this controversy. If the Governor is doing a job without regard to party interests, then he is to be congratulated for it on account of his personal ability and integrity and not because of the constitutional position that makes it possible for him to do so.

Sir, as the nominee of the President he is under the Centre's control and only a very resolute person ready to throw away his job in crisis can do this. In other countries, the Governors are elected. Here, the Governor is appointed by the President and he carries on the administration in the name of the President. The Cabinet at the Centre is controlled by the Congress. It would be a miracle if he can run the administration free of party interests and, to the extent he is doing that, I congratulate him. I do not impeach his intention and the efforts of a few officers at the helm of affairs who are doing a difficult job.

I have a grouse against the present administration that, at the district level, here is complete collapse.

17 HRS.

I would only refer to one aspect, namely, the police administration, and I would limit my observations to only one district, Bahraich, from which I have been elected. It is on the border of Nepal. It has many problems and it is also served by the Border Security Force. But I find that beyond this Border Security Force, within the district, there is a border unsecurity force known as the U.P. Police. I will only quote a few instances.

In 1957, a Harijan girl was taken away by the Station Officer of Kaisal Ganj Police Station, kept at his place for two days and ravished. When she was released, her father made a complaint. The girl was medically examined under the orders of the District Magistrate. Immediately afterwards, the Station Officer was transferred as Reader to the Superintendent of Police. This was the last thing that the public heard of this matter.

In November, 1967, in a small town known as Jarwal, a dacoity was committed in the house of a shopkeeper, 100 yards from the Police Outpost. The Head Constable in charge of the Police Outpost was away on leave. The standing complaint against him was that he had myrmidons in league with him who used to commit crimes and he used to be away on the night of the crime. This was a known thing. He was also married in that circle, although he did not belong to that district. That particular village had a number of bad characters. The shopkeeper and his wife were killed; his two sons were badly maimed, and his daughter-in-law was also maimed; they became unconscious. A Constable came to the scene of occurrence and then went and reported the matter. When these people revived and regained consciousness, they went and told the Police that the men who were listed as witnesses were the dacoits and that some innocent persons had been implicated. But the Superintendent of Police would not listen to the complaint, and they had to leave that place because they were bounded out by the Police for saying this. They came to me, and I wrote a letter to the Inspector-General of Police. The Inspector-General of Police referred it to the S.P. Then these people went back to Jarwal. Later the Police raided their house, threatened them with murder and threw them out. I again reported the matter to the I.G., and the Head Constable was shifted. Today their case is going on. The persons who committed the dacoity are appearing as witnesses and innocent persons are accused in the case!

The third incident, which happened recently, was also published in the papers. The same gentleman, who had ravished that Harijan girl and had gone as Reader to the S.P., came back as Station Officer after a few months to the neighbouring Police Station, Fakharpur. There, a Muslim girl had left her husband. The girl was brought back to police custody and she was detained at the Police Station for four days. At the end of the fourth day, the girl's husband came to know that she

was at the Police Station and he, along with his father, went there to claim the girl. But the Sub-Inspector said that there would be a *'kushthi'* between the boy and the girl and if the boy wanted the girl, he should win the fight and a wrestling bout was held between the boy and the girl. We have heard of trial by battle in the 9th and the 10th Centuries in England, but the Sub-Inspecor of Fakharpur started in our own times and in our own place. The fight went on and naturally in the course of the encounter, the girl became partly undressed. Rude remarks and ribald jests were passed and the public were offended, although some of them watched in curiosity. The complaint was carried to Pandit Bhagwan Din Vaidh, an ex-M.P., who is now the Chairman of the Zila Parishad. He phoned up the S.P. and cited the witnesses, who were then examined by the S.P. The S.P. has taken no action, although Pandit Bhagwan Din Vaidh reminded him of the matter five times.

In the neighbouring district of Gonda—that is also a border State of U.P., and Gonda is represented in this House by Shri Atal Bihari Vajpayee and Shrimati Sucheta Kripalani—in Shrimati Sucheta Kripalani's constituency, something of a hair-raising character occurred which was reported in the Press. The Sub-Inspector of that area got hold of a woman and made her co-habit with her son and, thereafter, she was marched naked in the streets. It has come in the papers...

MR. SPEAKER: It was discussed here also. So, the hon. Member need not repeat it.

SHRI K. K. NAYAR: This is what is happening. Incest is held in great horror by Indians. In fact, the worst pejorative terms in Hindi are connected with the abhorrent crime of incest. But the Sub-Inspector is inuring the people to its acceptance.

If these conditions are continuing there must be a reason for that. I do not say that the heads of departments are not taking interest. But U.P. is a very big State. It has 54 districts, and its problems are many. I find that at the district level there is complete collapse. Nobody has the time to look into these things. The Chief Secretary and the IGP do not have the time to look into all these matters.

I personally feel that some kind of a change in the district administration is called for. If the officers do not listen, you must devise a machinery for expediting such matters. The Lokpal and the Lokayuktas are for the future. We do not know what shape that machinery will take. But in the meanwhile, the desparation, the feeling of futility and the sense of frustration among the people must be removed. That can be done only if the Governor devises some arrangement to have in every district some kind of authority or some committee to listen to and redress people's complaints promptly.

**श्री चन्द्रिका प्रसाद** (बलिया) : अध्यक्ष महोदय, सदन के सामने जो प्रस्ताव है, मैं उस का समर्थन करता हूं। आगरा, गोंडा और मेरठ आदि स्थानों में पुलिस से सम्बन्धित घटनाओं की सत्यता के बारे में पहले तो मुझे सन्देह, था लेकिन जब हमारे यहां बलिया में 8 अगस्त को फ़ायरिंग हुई, तो मुझे ऐसा लगा कि वे समाचार भी ठीक ही होंगे। हमारे यहां की जनता की यह भावना है कि यह गोलीकांड पुलिस की लापरवाही और उपेक्षापूर्ण नीति के कारण हुआ। इस लिए वह पुलिस से बहुत रुष्ट है। वहां पर कोई हिन्दू-मुस्लिम तनाव नही था। जिले भर के वकीलों अध्यापकों शिक्षित-अशिक्षितों, सब लोगों ने तार और चिट्ठी भेज कर यह मांग की है कि उस गोलीकांड की न्यायिक जांच की जाये, ताकि दोषी व्यक्तियों को उचित सजा मिले और भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो पाये।

उत्तर प्रदेश में बीस वर्ष तक इस प्रकार की घटना नहीं हुई। इस समय भी अगर वहां पर एक पापुलर गवर्नमेंट

होती, तो वह स्थिति को सम्भाल लेती और गोली चलाने की नौबत न आती। उस गोलीकांड में एक लड़का मारा गया और 150, 175 लोग लाठी-चार्ज से घायल हुए। जो लड़का मारा गया है, उस की बेवा औरत है और एक बच्चा है। कम से कम उस को पेन्शन देनी चाहिए और घायल लोगों को कामपेन्सेट करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में हम जो मामले इस सदन में उठाते हैं, या अधिकारियों के ध्यान में लाते हैं, शासन के उच्चाधिकारियों को जन-भावना का ख्याल कर के उन मामलों की जांच करनी चाहिए और आवश्यकतानुसार उन के बारे में कार्यवाही भी करनी चाहिए।

बलिया के टकरोली गांव में मुसलमानों को कब्र गाड़ने के लिए जगह नहीं मिल रही है। गांव के सभापति ने एक जगह दी है, लेकिन कुछ गुंडों की बदमाशी की वजह से मुसलमान लोग उस को इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। नतीजा यह है कि मुसलमान अपने घरों में कब्र गाड़ रहे हैं। इस बारे में अधिकारियों को कई बार कहा गया है, लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई है।

बलिया में वेस्ट्रन रेलवे क्रासिंग का सवाल कई बार उठाया गया है। लेकिन आज तक उस के बारे में कोई प्रगति नहीं हुई है।

हमारा जिला गंगा और घाघरा के बीच में है और वहां पर एक तीसरी नदी टोंस भी है। पिछली बाढ़ में वहां पर सब स्कूल और कालेज आदि ध्वस्त हो गये थे। इस बारे में भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को लिखा गया। जब बिहार में सूखा पड़ा था, तो भारत सरकार ने शिक्षा संस्थाओं के सम्बन्ध में सहायता की थी। भारत सरकार की ओर से कहा गया कि अगर यू० पी० गवर्नमेंट लिखेगी, तो वह इस बारे में कार्यवाही करेगी। हम यू० पी० गवर्नमेंट को लिखते हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है और न ही जवाब मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के अधिकारी ध्वस्त हुए उन स्कूलों और कालेजों की ओर ध्यान दें।

हरिजनों के छात्रावास के बारे में भारत सरकार ने यू०पी० गवर्नमेंट को लिखा, लेकिन न मालूम यू० पी० गवर्नमेंट उस के बारे में क्य कर रही है। इस तरफ़ भी ध्यान देना चाहिए।

हरिजनों के आवास और उद्योग के लिए कांग्रेस सरकार बराबर सहायता दिया करती थी। लेकिन संविद सरकार के काल में उस को बन्द कर दिया गया और आज तक वह सहायता नहीं मिल रही है। छात्रवृत्ति तो मिल रही है, लेकिन हरिजनों के आवास और उद्योग के लिए सहायता नहीं मिल रही है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में भूमिहीन हरिजन मजदूरों की बहुत बड़ी संख्या है। वे पीलीभीत आदि दूसरे जिलों में जा कर खेती करते हैं। वहां पर जंगल नहीं हैं, लेकिन हमारे अधिकारी कहते हैं कि वह जंगल की जमीन है। मैं पीलीभीत के कलेक्टर से मिला, चीफ सेक्रेटरी को खत लिखा, गवर्नर को भी लिखा, हम ने कहा कि जब खेती कर रहे हैं, जंगल इस समय नहीं है तो कम से कम जन-भावना के लिहाज से, और जो इतनी परेशानी है उस को ख्याल कर के उन को रहने दीजिए, जब जंगल लागाएंगे तो उन को हटा दिया जयगा।

तीसरी चीज मैं यह कह रहा था कि अपने यहां उत्तर प्रदेश में कम्यूनिटी लिसेंनिग स्कीम एक थी, पापुलर गवर्नमेंट के समय से यह स्कीम थी। संविद सरकार ने इस को हटाने को सोचा लेकिन

कैबिनेट ने कोई डेसीशन नहीं लिया था इसलिए वह स्कीम चलती रही। अब आज हमारी सरकार उन लोगों को हटाने जा रही है और कुछ लोग इस से बेकार हो रहे हैं। इस पर सरकार विचार करें।

बलिया में रसड़ा सुगर फैक्ट्री की एक योजना 11 वर्ष से चल रही है। सरजू पांडेय जी ने भी इस मसले को उठाया था। बलिया के झारखंडे राय एम०पी० हैं, उन के क्षेत्र में है। आज तक उस के बारे में मालूम नहीं क्या हो रहा है। सरकार इस बारे में जल्दी निश्चय करे।

रसड़ा नोटिफाइड एरिया को जब्त करने के लिए कलेक्टर ने लिखा। कई साल हो गए। स्टेट लेवेल पर वह मामला पड़ा हुआ है। पता नहीं वह क्या कर रहे हैं? इस सम्बन्ध में भी जल्दी निर्णय लिया जाय।

दूसरी एक सब से बड़ी बात जिस से हमारे यहां की जनता उद्वेलित हो उठी है, वह यह है कि दस रुपये प्रति यूनिट हार्स पावर पर बढ़ा दिया गया है। हम कहते हैं कि सरकार साधन इकट्ठे करे, हम भी उस के पक्ष में हैं कि कर लगाए जायं, साधन इकट्ठे किए जायं लेकिन इस तरह से अगर किया जायगा और इस रूप में यह रेट बढ़ाया जायगा तो इस से प्रोडक्शन रुक जायगा। इस पर वित्त मंत्री को ध्यान देना चाहिए और इस चीज को रोक देना चाहिए। अगर यह लागू किया गया तो सारे जो ट्यूब वेल लोगों ने लगाएं हैं वह लोग अपने ट्यूब वेल वापस ले लेंगे। इस से खेती रुक जायगी क्योंकि सरकारी ट्यूब वेल तो आप लगा नहीं रहे हैं, लोगों ने प्राइवेट ट्यूब वेल लगाए हैं, उस पर हार्स पावर का डबल रेट हो जायगा तो कृषि का उत्पादन बहुत कम हो जायगा। इसलिए इस के ऊपर सरकार को विशेष रूप से विचार करना चाहिए

दूसरी चीज मैं यह कहना चाहता हूं कि बलिया में अभी फायरिंग जो हुई उस फायरिंग के बाद पी०ए०सी० की बटालियन वहां घूम रही है जिस की कतई कोई आवश्यकता नहीं है और जिस पर लाखों रुपया सरकार का खर्च हो रहा है मगर बाढ़ में जो लोगों के घर बरबाद हो गए हैं, खेती नष्ट हो गई है, इतना नुकसान हुआ है और यह सब हमारे अफसरों की उपेक्षा से हुआ है, वहां पर तुरतीपार–श्रीनगर एक बन्धा था, उस का रिपेयर नहीं किया गया, अगर रिपेयर हो जाता तो यह बाढ़ नहीं आती। मैंने उस के बारे में खत भी लिखा लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। यह अधिकारियों की लापरवाही उस में है। अगर वह बन्धा मरम्मत हो जाता तो बाढ़ बिलकुल नहीं आती। आज वहां पर दियासलाई, नमक और एक एक मुट्ठी चने बांट रहे हैं जब कि उन की अपनी गलती की वजह से लाखों रुपया पी०ए०सी० की बटालियन के ऊपर खर्च हो रहा है।

एक बात हिन्दी टाइपराइटर्स के बारे में कहना चाहता हूं। हिन्दी टाइपराइटर तो खरीद लिये गए लेकिन उन को चलाने वाले आदमी नहीं रखे जा रहे हैं। हिन्दी की प्रगति की भावना रखते हैं तो केवल हिन्दी की मशीनों से तो प्रगति हो नहीं जायेगी। मेरा यह निवेदन है कि आज जो लड़के बेकार हैं उन को हिन्दी के टाइपराइटर पर काम करने के लिए लगाया जाना चाहिए।

हमारा जिला और पूर्वी जिले स्वतंत्रता संग्राम में सब से आगें रहे हैं। यह वीर सेनानियों का जिला रहा है। सरकार की ओर से पहले उन को पेंशन मिलती थी और शादी ब्याह के लिए रुपया मिल

[श्री चद्रिका प्रसाद]

जाता था, कांग्रेस सरकार थी तो दिया करती थी। लेकिन वह अब नहीं मिलता है। सरकार इस के ऊपर भी विचार करे और उन को मदद् मिल सके, इस की व्यवस्था करे।

अब मैं भारत सरकार से आप के माध्यम से कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश किस तरह से पिछड़ा हुआ है, यह हमारे गवर्नर साहब की जो स्पीच हम लोगों को बांटी गई है, उस में दिखलाने की कोशिश की गई है। मैं गवर्नर साहब की तारीफ करता हूं कि उन बेचारों ने आ कर के प्रदेश का यह भला किया है कि 18 वर्षों में हमारी जो उपेक्षा की गई वह उन्होंने बताया है। मैं आप के माध्यम से कहना चाहूंगा कि आज जो हमारी शिक्षा की हालत है, जो हमारे अस्पतालों की हालत है, जैसा कि गवर्नर साहब ने कहा है, उस पर विचार करना चाहिए।

दूसरी बात जो सब से अधिक महत्व की है वह यह है कि बेकारी की समस्या बड़े भयंकर रूप में हमारे सामने खड़ी है। हम तो एम०पी० हो गए, 31 रुपया रोज पाते हैं, 500 रुपया महीना पाते हैं, लेकिन वह बेचारे जिन के पास रोजी का कोई साधन नहीं है, कितने परेशान होंगे, इस का अन्दाजा आप लगा सकते हैं। रोज 20–25 खत मेरे पास उन बेकार लड़कों के, नौकरी के लिए आते हैं। हमारी समझ में नहीं आता कि इन बेकारों का क्या हश्र होगा? सारे देश की 25 परसेंट बेकारी हमारे उत्तर प्रदेश में है। माननीय मंत्री जी इस पर विचार करें और इस का हल निकालने की कोशिश करें।

**श्री जगेश्वर यादव** (बांदा): अध्यक्ष महोदय, जब से उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू हुआ है तब से उत्तर प्रदेश के प्रशासन अधिकारियों में और अधिक भ्रष्टाचार फैल गया है। अब इस का हम को यह पता नहीं चलता कि उन के दिमाग में यह भ्रष्टाचार और अधिक मात्रा में क्यों बढ़ गया? या तो वह यह महसूस करते हैं कि 20 साल के प्रशासन में अधिकतर सत्तारूढ़ पार्टी के आदमी उस प्रशासन में अधिक हैं इसलिए उन का भय दूर हो गया है कि जो संसद या प्रान्त की विधान सभा है उन में हमारे आदमी बैठे हुए हैं और हम से जो कुछ गलती होगी उस में हमें वह बचा लेंगे। इसीलिए ऐसा मालूम होता है कि जब से उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू हुआ है तब से प्रशासन अधिकारियों में बहुत अधिक भ्रष्टाचार फैल गया है। कहां तक कहा जाय चाहे इंजीनियरिंग विभाग में देख लिया जाय, चाहे पुलिस विभाग में देख लिया जाय और चाहे माल विभाग में देख लिया जाय, हर जगह भ्रष्टाचार की मात्रा बहुत अधिक बढ़ गई है। हम देखते थे पहले कि गांवों में लेखपाल के ही अन्दर यह भ्रष्टाचार था। फिर बढ़ते बढ़ते कानूनगो, तहसीलदार के पास आया और जब से यह राष्ट्रपति शासन लागू हुआ है तब से जिला मैजिस्ट्रेटों के दिमाग में भी यह कीड़ा पहुंच गया है। जितनी भी उत्तर प्रदेश की गांव समाज की जमीन थी, टाउन एरिया की जमीन थी, म्युनिसिपैल्टियों की जमीन थी उन में बुद्धिजीवी आदमियों से मुकदमे दायर करा दिए जाते हैं और 229(बी) जमीदारी उन्मूलन ऐक्ट की धारा के मुताबिक वह सब अपने इजलास से उस जमीन को सेहत करते चले जा रहे हैं और काफी रुपया बना रहे हैं।

इसी तरह से न्याय विभाग में हम देखते हैं कि वहां एक एक अन्डर ट्रायल के मुकदमे चार चार साल से पड़े हुए हैं और जो आदमी अपनी जमानत नहीं दे सकता वह जेल में सड़ रहा है और

चार चार साल से बिना सजा के सजा भुगत रहा है। मैजिस्ट्रेट लोग कोई परवाह नहीं करते। यहां तक मैं ने देखा, अभी जून के महीने में मैं एक जमीन आन्दोलन में बन्द था तो वहां देखा कि एक कैदी जिस का कि अभी मुकदमा चलाया नहीं गया, चार साल से परेशान हो कर एक दिन वह पेड़ पर चढ़ गया अपनी जान देने के लिए, मरने के लिए उद्यत हो गया। यही न्याय विभाग का हाल है। वहां भी कुछ बड़े-बड़े मामलों में डकैतियों में और कत्लों में ऐसा हम को आभास होता है कि काफी पैसा बनाया जाता है। वह क्यों ऐसा करते हैं? क्योंकि उन के ऊपर कोई अंकुश कड़ा नहीं है। वह ऐसा महसूस करते हैं कि इस बीस साल के प्रशासन में उन को कांग्रेस गवर्नमेंट की थाह मिल गई है। हरएक जगह उन के आदमी बैठे हुए हैं और उन के अन्दर से डर हट गया है। वह अपने निजी फायदे के लिए यह सब करते हैं। न उन में कोई राष्ट्रीयता है न कांग्रेस की उन में कोई भक्ति है। वह तो एक अपने फायदे में लगे हुए हैं। न तो आई० जी० का हुक्म एस० पी०मानता है और न एस०पी० का हुकुम थानेदार मानता है। न थानेदार का हुकुम दीवान और राइटर मानते हैं। सब जो जहां हैं अपने फायदे हाथ पांव मार रहे हैं। और इस तरह से हमारे शासन की जड़ को खोखला कर रहे हैं। और वह इसलिए यह कर रहे हैं कि हम लोग जो यहां बैठे हुए हैं हम लोगों में इतनी हिम्मत नहीं है, हमारे दिमाग में यह हो गया है कि यह तो दूर हो ही नहीं सकता है। हम उस को असम्भव मानते हैं। नहीं तो ऐसी कोई बात नहीं कि हम 523 आदमी यहां बैठे हुए हैं, हर बात को जानते हैं कहां क्या होता है लेकिन हम लोग ध्यान नहीं देते हैं। जनता के ऊपर अत्याचार होता है तो कोई उस की सुनवाई नहीं होती और आज भी एक कलेक्टर को कोई दो-चार थप्पड़ मार दे तो पार्लियामेंट में बैठे हुए हमारे मंत्री जी पता लगा लेंगे लेकिन कोई थानेदार किसी को मार डालता है तो उस का कोई पता ही नहीं चलता है और न कोई उस की सुनवाई होती है। तो इस तरीके से हमारे उत्तर प्रदेश का प्रशासन जो है वह बहुत ढीला हो गया है और मैं चाहता हूं हम को इस समय यह करना चाहिए कि जब इतनी बेकारी फैली हुई है और प्रशासन में इतने भ्रष्टाचारी व्यक्ति भरे हुए हैं तो हम हर जिले में कुछ कोटा बना लें कि उन भ्रष्ट व्यक्तियों को निकालें और उन की जगह में दूसरे भरें तो इस से सुधार हो सकता है।

उत्तर प्रदेश का जो दक्षिणी भाग है जमुना का, जिसमें झांसी डिवीजन पड़ता है, जैसे जालौन, हम्मीरपुर, बांदा —इस डिवीजन का बिलकुल डवेलपमेन्ट नहीं हुआ है। इस में पहाड़ी इलाके हैं, बहुत सी नदियां वहां से निकली हैं, जिन पर बांध बनाये जा सकते हैं और वहां से नहरें निकाली जा सकती है, जिससे सारे प्रदेश को पानी मिल सकता है। जब मैं अपने जिले में जाता हूं तो देखता हूं—जब कि आज देश के हर जिले का डवेलपमेन्ट हो रहा है, ट्यूब-वेल, बिजली और दूसरे साधन किसानों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं, लेकिन हमारे जिले का बिलकुल डवेलपमेन्ट नहीं हो रहा है। बरसात के दिनों में तो महीनों अपने घर नहीं पहुंच सकता हूं क्योंकि तमाम नदियां चढ़ जाती हैं, न वहां पर पुल हैं और न सड़के हैं। मैं चाहता हूं कि हमारे इस डिवीजन की तरफ़ विशेष ध्यान दिया जाय।

[श्री जगेश्वर यादव]

पुराने जमाने से हमारे यहां की एक रेलवे लाइन का मामला पड़ा हुआ है– ललितपुर से खजुराहो होते हुए, अजयगढ़ होते हुए, बांदा जिले में से होते हुए, मानकपुर के आगे बडगढ़ स्टेशन पर वह लाइन मिलती है। मैं चाहता हूं कि इस क्षेत्र की इस लाइन को यदि मिला दिया जाय तो हमारे इस डिवीजन का बहुत भला हो सकता है। बहुत सी बड़ी-बड़ी नदियों पर पुल नहीं हैं, मैं चाहता हूं कि पुल बनवाये जाय। कुछ सड़के ऐसी हैं जो डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के अधिकार में हैं, जिन पर कभी मिट्टी नहीं पड़ती, मैं चाहता हूं कि उन को पी०डब्लू०डी० के अण्डर लाया जाय।

अध्यक्ष महोदय, मैं चाहता हूं कि राष्ट्रपति शासन 6 महीने के लिये और न बढ़ाया जाय, जल्द से जल्द वहां पर चुनाव कराये जाय ताकि जनता की सरकार बनें और यह जो प्रशासनिक अधिकारियों के अन्दर आजादी आ गई है वह दूर हो जाय।

**श्री गयूरअली खां** (कैराना) : माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारा उत्तर प्रदेश रकबे के लिहाज से, आबादी के लिहाज और हर तरीके से हिन्दुस्तान का सब से बड़ा प्रदेश है। इस प्रदेश में ऐसे-ऐसे लोग पैदा हुए हैं, जिन्होंने सन 1857 में जंगे-आजादी की लड़ाई लड़ी थी, जिहोंने जंगे-आजादी में काफ़ी मेहनत और कोशिश कर के और लड़कर हिन्दुस्तान को आजादी दिलाई। श्रीमन्, इस प्रदेश ने तीन प्रधान मंत्री पैदा किये, बड़े-बड़े लीडर और काबिल हस्तियां पैदा कीं, राम प्रसाद बिस्मिल, रौशन सिंह, चन्द्र शेखर आजाद, अशफ़ाकउल्ला खां जैसे सर-फरोश और जां-बाज पैदा किये जो वतन की आजादी की खातिर हंसते-हंसते फांसी के तख्तों पर चढ़ गये। उस प्रदेश की आज ऐसी हालत है —21 साल हुए हमारा देश आज़ाद हुआ था, इस अर्से में कांग्रेस का शासन कायम रहा—लेकिन कांग्रेस में ऐसी गुटबन्दी थी, जिसकी वजह से हमारा प्रदेश पिछड़ा रह गया और तरक्की न कर सका। आठ-दस महीनों के लिये संयुक्त विधायक दल की सरकार कायम हुई थी, इस सरकार ने जो कुछ किया उस पर मैं आगे चल कर रौशनी डालूंगा– लेकिन मुझे बड़ा अफसोस है कि हमारी सैन्टर की सरकार को हमारी संयुक्त विधायक दल की सरकार को कायम होना बरदाश्त न हो सका और उस ने ऐसी चालें चलीं जिस की वजह से संयुक्त विधायक दल के चीफ़ मिनिस्टर चौधरी चरण सिंह को इस्तीफ़ा देना पड़ा। श्रीमन्, चौधरी चरण सिंह ने इस्तीफ़ा नहीं दिया था संयुक्त विधायक दल से.....

**अध्यक्ष महोदय** : आप को पांच मिनट मिले हैं आप कुछ यू० पी० के बारे में कहें।

**श्री गयूरअली खां** : जी हां, मैं मसले पर आ रहा हूं। मैं अर्ज कर रहा था कि उन के इस्तीफे के बाद उन्होंने साफ तौर से यह एलान किया था कि संयुक्त विधायक दल अगर कोई दूसरा चीफ़ मिनिस्टर पसन्द करे तो हम उस के लिये बिलकुल तैयार हैं। लेकिन हमारे यू०पी० के राज्यपाल ने उन को मौका नहीं दिया, बल्कि किसी भी पार्टी या पार्टियों को यह मौका नहीं दिया कि वे चीफ़ मिनिस्टर का चुनाव कर सकें और वहां पर प्रजातन्त्र की सरकार कायम कर सकें। इस के नतीजें यह हुए कि वहां पर राष्ट्रपति का शासन हुआ। इस राष्ट्रपति के शासन को 6 महीने की मुद्दत दी गई थी, लेकिन अफसोस है कि शुक्ला जी आज फिर उस मुद्दत को बढ़ाने का रेजोल्यूशन लाये हैं। इस शासन की यह हालत है कि वहां बद-

इन्तजामी, रिश्वतखोरी, करप्शन, लूटमार और नौकरशाही का बोलबाला है।

श्रीमन्, मैं आपके सामने वहां की ला एण्ड आर्डर सिचुएशन की तसवीर पेश करना चाहता हूं। अभी कल ही एक काल-एटेन्शन मोशन यहां पर पेश हुआ था, जिसमें जिला गोण्डा की एक औरत के साथ जो मुजालिम पुलिस ने किये हैं, जिस कदर उसकी बेइज्जती की है, उस से हमारा सिर नदामत से झुक जाता है। हमारे आज के हिन्दुस्तान में जब ऐसी चीजें होने लगें, तो फिर इस का क्या ठिकाना रहेगा।

जिला आगरा में कुछ लोगों ने अनशन कर रखा था। हमारी पार्टी के प्रधान वहां तशरीफ़ ले गये और उन्होंने उन लोगों को आमादा किया कि वे अपना अनशन वापस ले लें। उन लोगों के साथ यह जुल्म हुआ कि कुछ आदमियों पर पुलिस कुर्की कराने के लिए आई थी, उन के साथ कुछ कहन-सुनन हो गई, इस पर पुलिस ने उन के तमाम माल को लूट लिया, उन का सोना लूट लिया, चांदी लूट ली, रूपया लूट लिया, गल्ला लूट लिया, उन के मकानात की कड़ियां तक उतार लीं, छतें मोड़ दीं। यह बड़े शर्म की बात है कि जो लोग अदालत में हाजिर हो गये थे उन के मकानात को भी लूट लिया और उसी तरह का जुल्म उन के साथ किया गया जो हाजिर नहीं हुए थे।

इस राष्ट्रपति शासन को बढ़ाने का इस सरकार का सिर्फ यह मकसद है, कांग्रेस सरकार यह चाहती है कि उस को कुछ और मौका मिल जाय ताकि वह वहां पर मजबूत हो सके, अपने अधिकारियों के जरिये से, ताकि उस को फिर वहां पर हुकूमत करने का, यू०पी० गवर्नमेन्ट पर कब्जा करने का मौका मिल सके। लेकिन मैं माननीय मंत्री जी और इस सदन को यह बतलाना चाहता हूं—यह ख्वाब कभी ताबीर नहीं होगा। हमारे यहां फारसी में एक मुहावरा है—'ई ख्यालस्तो महालस्तो जुनूं'। आप अपने दिल से यह ख्याल निकाल दीजिये, चूंकि आपने जो कुछ 20 साल में नहीं किया था, वह 8 या 10 महीने में हमारी संयुक्त विधायक दल की सरकार ने वहां पर कर के दिखला दिया। मान्यवर, हमारी पानी की समस्या को ही लीजिये, उन्होंने बिजली के इतने कनैक्शन उस अर्से में दिये जितने 20 साल में भी कांग्रेस सरकार नहीं दे सकी थी।

मैं आपके जरिये माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि पुलिस के मुजालिम को रोका जाय। आज पुलिस की यह हालत है कि अगर कोई शख्स फरियाद लेकर किसी थाने में जाता है तो उस को गालियां और थप्पड़ खाकर वापस आना पड़ता है। पुलिस वाले उस की कोई रिपोर्ट नहीं लिखते, उस को धक्के मार कर बाहर निकाल देते हैं। मंत्री जी कहते हैं कि राष्ट्रपति शासन में जरायम की तादाद घटी है, लेकिन यह बात नहीं है। जब जरायम का इन्दराज ही नहीं किया जाता, थाने में इत्तिला देने वाले को धक्के दिये जाते हैं, उन को निकाल दिया जाता है तो अपने आप जरायम की तादाद कम होगी।

जहां तक उत्तर प्रदेश में जमीनों का मसला है हरिजनों को इस 20 साल में जमीनों से बिलकुल वंचित रखा गया। मैं ज्यादा वक्त न लेते हुए यही अर्ज करना चाहता हूं कि मैं वहां पर राष्ट्रपति का शासन बढ़ाये जाने की सख्त मुखालिफ़त करता हूं और चाहता हूं कि सितम्बर-अक्तूबर में वहां पर मिड-टर्म इलैक्शन्ज करवाये जाएं ताकि वहां पर

[श्री गयूरअली खां]

एक मजबूत सरकार कायम हो सके, जनता की प्रतिनिधि हुकूमत कायम हो सके।

**श्री चन्द्रजीत यादव** (आजमगढ़) : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय गृह-मन्त्री जी ने जो प्रस्ताव किया है कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 महीने के लिए बढ़ाई जाए, उसका मैं समर्थन करता हूं। उत्तर प्रदेश के सभी राजनीतिक दल इस बात पर सहमत हैं कि हमारे यहां फरवरी में चुनाव हो इसलिए सभी को इसका समर्थन करना चाहिए। यह बड़े सौभाग्य की बात है कि उत्तर प्रदेश के मसले पर, देश की सर्वोच्च संस्था इस संसद् में विचार किया जा रहा है। लेकिन यह बड़े दुर्भाग्य की बात कि है उत्तर प्रदेश की 8 करोड़ जनता आज सबसे गरीब और पिछड़ी हुई है, आजादी के बाद बीस वर्ष बीत जाने के बाद भी, इसलिए मैं चाहता हूं संसद् का ध्यान इस गम्भीर समस्या की तरफ जाना चाहिए। यह एक राष्ट्रीय समस्या है कि इतना बड़ा प्रदेश इस प्रकार से पिछड़ा रह गया, वहां का प्रशासन इतना अदूरदर्शी हो गया, शिथिल हो गया, जनता की समस्याओं के प्रति । यह सारे देश का दुर्भाग्य है कि उत्तर प्रदेश आज इस स्थिति में है। सन 1950–51 में सन 1948–49 की कीमत के स्तर पर, उत्तर प्रदेश की फी कस आमदनी 259.62 रुपये थी जबकि सारे देश की औसत आमदनी उस समय 247.50 रुपये थी। इस प्रकार उस समय उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आमदनी देश में सबसे अधिक थी। लेकिन नियोजित अर्थ-व्यवस्था के बाद जब सारा देश आगे गया है और लेटेस्ट आंकड़े जो मिले हैं उसके अनुसार 1967–68 में सारे देश की प्रति व्यक्ति औसत आय 313.10 रु० है जबकि उत्तर प्रदेश की 227.60 है। जो प्रगति की धुरी है उसे उलट दिया गया है। बीस साल में योजनाओं के बाद जब देश को आगे बढ़ना था उस समय इतने बड़े प्रदेश की यह स्थिति हो तो यह बहुत बड़ी चिन्ता की बात है, न केवल उत्तर प्रदेश के लिए बल्कि सारे देश के लिए। हमारे रंगा जी ने आपत्ति की कि केन्द्रीय सरकार उत्तर प्रदेश की तरफ क्यों इतना मोह दिखा रही है, मैं उनसे अनुरोध करना चाहता कि वे वस्तुतः इन आंकड़ों को देखें। आपने आंकड़े दिए कि सारे देश में 8 लाख ट्यूबवेल एनर्जाइज्ड हैं। उनमें से चार लाख मद्रास में हैं, पौने दो लाख महाराष्ट्र में है और उत्तर प्रदेश में—जबकि वहां की जनसंख्या वहां से तीन चार गुनी है—43 हजार हैं। जब इतने बड़े प्रदेश की स्थिति यह होगी, वहां की जनता की इस प्रकार से उपेक्षा होगी तो फिर सारा देश ही पीछे रहेगा। इसलिए जो सिद्धान्त हमने माना है कि देश के हर भाग का संतुलित विकास होना चाहिए जब तक उसी के अनुरूप हम नहीं चलेंगें तब तक देश का विकास नहीं हो सकता है।

जहां तक किसानों की बात है, हमारे रंगा जी किसानों के नेता हैं, मैं समझता हूं कि अगर सारे देश को आगे बढ़ना है तो जो 80 प्रतिशत लोग हमारे देश में खेती करते हैं जब तक उनकी स्थिति नहीं बदलेगी तब तक देश भी आगे नहीं बढ़ेगा। पहले की स्थिति में हम यह समझते थे कि हमारा भविष्य अंधकार में है लेकिन जब हमारे यहां फसल अच्छी हुई तो हमें प्रकाश मिला है और यह साबित हो गया है कि अगर हम किसानों की ओर नहीं देखते हैं, उनकी समस्याओं को हल नहीं करते हैं, गांवों की ओर अपनी दृष्टि नहीं ले जाते हैं तो देश आगे बढ़ने वाला नहीं

है। उत्तर प्रदेश मुख्य रूप से कृषि प्रधान प्रदेश है लेकिन वह सिंचाई के मामले में शून्य है। सारे देश में जितनी बेकारी है उसका 21–22 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में है। सारे देश में हरिजन और पिछड़े हुए समाज के 80 प्रतिशत लोगों में से उत्तर प्रदेश में 26 फीसदी है, जिनको कोई पूछने वाला नहीं है। गांवों के अन्दर एक तरीके से 10–12 फीसदी लोगों की स्थिति सुधरी है लेकिन 80 फीसदी से अधिक अब भी पिछड़े हुए हैं। आज उत्तर प्रदेश की यह वास्तविकता है जिस पर सारे देश को सोचना है। मैं किसी भी पार्टी पर आरोप नहीं लगाना चाहता, सरकारी कर्मचारीयों पर भी कोई आरोप नहीं लगाना चाहता लेकिन यह कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के नेतृत्व ने प्रदेश की समस्याओं को गम्भीरता से नहीं लिया, दूरदर्शिता नहीं दिखलाई, सही आर्थिक दृष्टिकोण नहीं अपनाया जिसका नतीजा यह हुआ कि आज प्रदेश सबसे अधिक पिछड़ा हुआ है।

कांग्रेस को गाली दी गई, ठीक है, लेकिन कांग्रेस ने इस देश के अन्दर बहुत सी बातों की बुनियाद भी डाली है। हमें इस बात का गर्व है कि कांग्रेस ने इस देश के अन्दर जनतन्त्र की बुनियाद डाली, प्लानिंग की बुनियाद डाली और पिछले बीस वर्षों में देश को प्रगति के रास्ते पर रखा। यह ठीक है कि कांग्रेस से जनता नाराज थी, वह तेजी से प्रगति चाहती थी, उसने चुनाव में कांग्रेस को हटाया लेकिन विरोधी दल वाले मिलकर जो विकल्प पेश करते हैं, क्या उससे इस देश का कल्याण होगा? चुनाव में जब जनता ने कांग्रेस को परास्त किया था तो सबसे पहले हमारे प्रधान मन्त्री ने उसका स्वागत किया था और यह कहा था कि जनता ने जनतांत्रिक तरीके से अपना मत व्यक्त किया है। रंगाजी कहते हैं कि राष्ट्रीय सरकार बनाओ। मैं पूछना चाहता कि बंगाल में कांग्रेस को छोड़कर 14 पार्टियों ने मिलकर सरकार बनाई, वहां पर क्या हुआ? उत्तर प्रदेश में सात विरोधी दलों ने मिलकर सरकार बनाई, वहां क्या हुआ? 8 महीने का शासन भी नहीं कर पाए। उत्तर प्रदेश के सारे राज्य कर्मचारी जोकि पहले कांग्रेस से नाराज थे, उन्होंने भी कांग्रेस के खिलाफ वोट दिया लेकिन एस०वी०डी० सरकार ने उन्हीं राज्य कर्मचारियों को निकाला और उनको डिमारेलाइज किया। उस सरकार ने उन कर्मचारियों को कोई काम नहीं करने दिया। एक-एक फाइल पर सात-सात पार्टी के लोग सवार रहते थे। यहां पर किसानों की बात तो की जाती है लेकिन उत्तर प्रदेश में सबसे पहले किसानों पर ही हमला करके बिजली के रेट को बढ़ाया गया, किसानों की सुविधाओं को छीना। सबसे पहला नश्तर हरिजनों के बच्चों पर चलाया। तो मैं यह कहना चाहता हूं कि इसमें किसी पार्टी का सवाल नहीं है। लेकिन रंगाजी ने जो नारा दिया है कि राष्ट्रीय सरकार बनाओ, वह बड़ा खतरनाक और प्रतिक्रियावादी नारा है। खाली एक साथ बैठ कर ही समस्याओं का हल नहीं हो सकता है, उसके पीछे एक राजनीतिक फिलास्फी का भी होना आवश्यक है। उसके पीछे एक राजनीतिक दर्शन, विचारधारा और एक कार्यक्रम भी होना चाहिए। सारे दल आपस में मिलकर वह चीज नहीं कर सकते हैं। लेकिन कांग्रेस का अपना एक कार्यक्रम है, अपनी एक विचारधारा है और उसी के अन्तर्गत वह इस देश को आगे बढ़ा रही है। तो इस प्रकार के नारों से कोई समस्या हल नहीं होने वाली है।

तो मैं समझता हूं कि आज जो वहां की स्थिति है उस पर हमको गम्भीरता से विचार करना चाहिए और प्रदेश के

[श्री चन्द्रजीत यादव]

अन्दर जो शिथिलता आ गई है उसको दूर करना चाहिए। उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में मैं केन्द्रीय सरकार को भी दोषी नहीं ठहराना चाहता बल्कि उत्तर प्रदेश का जो प्रशासन है उस पर मेरा चार्ज है कि उसने कभी भी अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में अच्छा केस बनाकर नहीं दिया। केन्द्रीय सरकार के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट लगने थे तो महाराष्ट्र की सरकार आ गई कि हमारे यहां बिजली उपलब्ध है, जमीन हम आपको देते हैं, वर्कर्स हम आपको देते हैं, यातायात के साधन मौजूद हैं, सारी सुविधायें हम आपको देते हैं जबकि उत्तर प्रदेश की सरकार खाली यही कहती रही कि हमारी आबादी बड़ी है, हमारा क्षेत्रफल बड़ा है इसलिए हमको यह प्रोजेक्ट दिया जाए। अच्छा केस बनाकर पेश न करना, यह उस उत्तर प्रदेश शासन की बहुत बड़ी कमजोरी रही है और इसीलिए केन्द्रीय सरकार की तरफ से भी उपेक्षा होती रही। लेकिन आज मुझे इस बात की खुशी है कि जब वहां पर राष्ट्रपति शासन है, जनता की चुनी हुई सरकार वहां पर नहीं है, गवर्नर साहब जोकि केन्द्रीय सरकार के वहां पर प्रतिनिधि हैं, उन्होंने प्लानिंग से सम्बन्धित एक हाई पावर कमीशन बनाया जिसमें सभी पार्टियों के नेताओं को रखा। उन्होंने इस बात का प्रयास किया, राष्ट्रपति के शासन के अन्तर्गत, कि सारी पार्टियों का प्रतिनिधित्व हो। वे हर पार्टी के टाप लीडर का मत ले रहे हैं कि किस प्रकार से योजना बनानी है। उन्होंने नौकरशाही के ऊपर ही इस बात को नहीं छोड़ दिया है। गवर्नर साहब ने इस बात का प्रयास किया है कि ऐसी कमेटियां बनें जिनमें सभी दलों का ज्यादा से ज्यादा सहयोग प्राप्त हो सके। हमारे गृह-मन्त्री महोदय ने नैनीताल के अन्दर सभी को दावत दी कि आइये, बैठिए और सुझाव दीजिए और समस्याओं की तरफ ध्यान आकर्षित कीजिए। केन्द्रीय सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है और केन्द्रीय सरकार ने तत्काल कार्यवाही की है। मुझे इस बात की बड़ी खुशी है।

अन्त में मैं एक बात और कहना चाहता हूं। पूर्वी जिलों के सम्बन्ध में जो पटेल कमीशन की रिपोर्ट है वह मेरे पास है लेकिन उसको पढ़ने का समय नहीं है। सन् 1964 में इसी सदन के अन्दर प० जवाहरलाल नेहरू ने आश्वासन दिया था कि वह पूर्वी प्रदेश सब से गरीब है, सारे देश की औसत आय का वहां पर केवल 33 प्रतिशत है, तो इन सिफारिशों को वहां पर लागू किया जाए। वहां पर यातायात की व्यवस्था की जाए। यह सुझाव दिए गए हैं कि केन्द्रीय सरकार पब्लिक सेक्टर में जितने बड़े कारखाने खोलती है, यातायात की व्यवस्था करती है, वह सब उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों के लिए किया जाए।

इन शब्दों के साथ में आशा करता हूं कि राष्ट्रपति शासन बढ़ाने का जो प्रस्ताव आया है उसे यह सदन पास करेगा और 6 महीने की अवधि में प्रदेश मजबूती के साथ आगे उन्नति कर सकेगा।

**श्री रघुवीर सिंह शास्त्री** (बागपत) : अध्यक्ष महोदय, यूं तो हमारे सारे देश का शासन राष्ट्रपति जी के हस्ताक्षरों और उन के नाम से चलता है परन्तु देश की जनता को राष्ट्रपति का परिचय कभी-कभी दो तरीकों पर मिलता है। किन्हीं लोगों को राष्ट्रपति किन्हीं विशेष मौक़ों पर कुछ इनाम दिया करते हैं। कुछ लोग देश में ऐसे हैं जिनको अदालतें फांसी की सजा दे देती हैं और वह लोग राष्ट्रपति जी के दरवाजे पर पहुंचते हैं और उन से क्षमा की याचना करते हैं, उन से अपने प्राणों की भीख मांगते

हैं। उन के ऊपर राष्ट्रपति जी रिआयत किया करते हैं। उन के ऊपर राष्ट्रपति जी दया किया करते हैं और वह उन का प्राणदंड क्षमा कर देते हैं परन्तु मैं समझता हूं कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति का जो शासन हुआ है और राष्ट्रपति जी ने वहां की जनता को जो इनाम दिया, जनता को जो सजाएं दीं अगर उन का लेखाजोखा देखा जाय तो मालूम पड़ेगा कि राष्ट्रपति जी इनाम देने के लिए नहीं हैं, सजाएं माफ़ करने के किए नहीं है बल्कि बड़े तौर पर पब्लिक को सज़ा देने के लिए हैं।

सब से पहली सज़ा जो राष्ट्रपति जी के राज्य में हमारे देश के किसानों को मिली है अगर आप किसान बन कर सोचें तो आप को पता लग जायगा कि उन्हें क्या सज़ा मिली है। अब की दफ़ा सरकार ने गेहूं प्रोक्योर किया। यहां शिन्दे साहब बैठे हैं और वह मंडियों में जाकर खयं देख आयें कि जो मैं कह रहा हूं वह सत्य है या नहीं। एक-एक इंस्पैक्टर ने एक महीने में दो-दो लाख रुपया खाया है। होता यह था कि मंडियों में किसान अनाज ले जाते थे। सरकार ने भाव तय किया कि किसानों से उन का गेहूं 76 रुपये से लेकर 81 रुपये प्रति किंटल तक लिया जायगा। लेकिन वास्तविकता यह रही कि किसान का अनाज 62-65 रुपये के हिसाब से लिया जाता था और मंडी के दलाल और सरकारी इंस्पैक्टर मिल कर उसी अनाज को सरकार को 81 रुपये देते थे और वह बीच का 18–19 रुपया व्यापारियों और उन सरकारी इंस्पैक्टरों की जेब में चला जाता था। इसलिए एक तो यह करोड़ों रुपयों की सज़ा राष्ट्रपति जी के शासन में किसानों को सब से पहले मिली। और दूसरी सज़ा यह मिली जैसा कि यहां करीब-करीब सभी वक्ताओं ने बतलाया कि राष्ट्रपति के शासन में यह हुआ कि बिजली का रेट जो किसानों को 12 पैसे यूनिट बतलाया जाता है और केन्द्रीय सरकार का यह वायदा है कि सारे देश में अगर कहीं भी बिजली का रेट 12 पैसे से ज्यादा होगा तो केन्द्रीय सरकार उस को सबसिडी देगी और उसे 12 पैसे ज्यादा नहीं होने देगी। लेकिन राष्ट्रपति के शासन में हमारे राज्यपाल ने यह आर्डर कर दिया कि अब जो किसानों को बिजली की दर देनी पड़ेगी वह 23 पैसे देनी पड़ेगी यानी दर करीब-करीब दुगनी हो गयी। जब आप टैक्स बढ़ाते हैं तो टैक्स बढ़ाने के पीछे दो ही बातें रहती हैं यानी या तो आप चाहते हैं कि लोग उस चीज़ को बिलकुल लें नहीं और इसलिए उस पर टैक्स बढ़ाया जाता है या बहुत मालदार लोग अगर किसी चीज़ को खरीदते हैं तब सरकार कहती है कि चूंकि ये मालदार लोग 10 रुपये की बजाय 15 रुपये की खर्च कर सकते हैं इसलिए इस पर टैक्स बढ़ा दो।

मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या उस ने यह टैक्स इसलिए बढ़ाया है जैसा कि यादव जी ने पहले बतलाया कि हमारे इतने बडे उत्तर प्रदेश राज्य में केवल 43,000 ट्यूबवैल बन पाये हैं और टैक्स को बढ़ा कर सरकार क्या यह चाहती है कि यह जो थोड़े बहुत ट्यूबवैल्स बने है वह भी समाप्त हो जायं और सूख जायं। मैं सीधा सवाल मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं और अभी पहले मैं ने वित्त मंत्री जी से भी प्रश्न किया था लेकिन उस का उन्होंने कोई ठीक जवाब नहीं दिया। यहां उत्तर प्रदेश के सरकारी अफ़सर बैठे हुए हैं और मैं चाहता हूं कि वह उत्तर प्रदेश के सरकारी अफसरान जोकि बैठे हुए हैं उन से पूछ कर जवाब दें कि क्यों

[श्री रघुवीर सिंह शास्त्री]

उन्होंने यह रेट 12 पैसे से बढ़ा कर 23 पैसे नहीं किया है ? इतनी बड़ी नीति बदली गई है जोकि राष्ट्रपति के शासन में आमतौर से नहीं बदली जाती है।

संविद सरकार ने एक पबलिकमैंस इनक्वायरी कमिशन सम्बन्धी आर्डिनैंस राज्यपाल से जारी कराया था और वह आर्डिनैंस यह था कि जो राजनीतिक व्यक्ति, या मंत्री अदि जो भी हों, उन की जांच इस कमिशन द्वारा हुआ करे। उस में और किसी को अधिकार नहीं दिया गया था। हाईकोर्ट के अधीन उसे काम करना था। हाईकोर्ट को इस कमिशन को मुकर्रर करना था। लेकिन इस पबलिकमैंस इनक्वायरी कमिशन आर्डिनैंस को विदड्रा कर लिया गया। मैं पूछना चाहता हूं कि सरकार को क्या घबड़ाहट पैदा हुई जो उसे वापिस ले लिया उस कमिशन को हाई कोर्ट के अधीन काम करना था और चाहे जिस पार्टी की सरकार हो और चाहे जो मुख्य मंत्री या मंत्री हो जिसके विरुद्ध भी आरोप होंगे निष्पक्ष रूप से वह कमिशन हाईकोर्ट के अधीन रह कर उन की जांच करेगा। मेरी समझ में नहीं आता कि इस पबलिकमैंस इनक्वायरी कमिशन आर्डिनैंस को सरकार ने क्यों वापिस ले लिया ?

मैं बतलाना चाहता हूं कि एक व्यक्ति जो डाइरैक्टर आफ़ विजिलैंस होते थे और उन के लिए समझा जाता है कि वह बड़े सख्त आदमी हैं, बड़े ईमानदार आदमी हैं, श्रीमती सुचेता कृपलानी के समय में उन को 200 केस दिये गये। श्रीमती सुचेता कृपलानी ने उन को कई चिट्ठी लिखीं कि यह 200 केस 2 महीने से लेकर 16 महीने तक के पुराने पेंडिंग केस हैं वह इन की जांच करें। जब संविद की सरकार उत्तर प्रदेश में आई तो उस ने आर्डर दिया कि वह सुचेता कृपालानी जी के द्वारा सौंपे गये उन 200 केसों को देखें और उन के बारे में डाइरैक्टर आफ़ विजिलैंस तहकीकात करें। उस के बाद संविद सरकार टूट गई और वहां पर राष्ट्रपति शासन क़ायम हो गया। उस ने यह आर्डिनैंस भी वापिस ले लिया और उस डाइरैक्टर आफ विजिलैंस को रिवर्ट करके दूसरी जगह भेज दिया। जो डाइरैक्टर आफ़ विजिलैंस अपनी ईमानदारी के लिए मशहूर थे उन को उलटे सजा दी गई और उन को वहां से हटा दिया गया और दूसरी जगह भेज दिया गया।

एक तीसरी सज़ा वहां के लोगों को और दी गई। मेरा सम्बन्ध संस्कृत के अध्ययन व अध्यापन से बहुत है और अनेक संस्कृत सस्थाओं से मेरा सम्बन्ध रहा है। पिछले सैकड़ों वर्षों से संस्कृत की संस्थाओं के निरीक्षण के लिए एक स्वतंत्र संगठन रहा है। संस्कृत के प्रधान निरीक्षक का कर्यालय स्वतंत्र रूप से काम करता था। अब राष्ट्रपति के शासन में यह किया गया है कि वह संस्कृत के निरीक्षक का कार्यालय एजुकेशन डाइरैक्टर के कार्यालय में मिला दिया गया है। और अब यह अंग्रेजी पढ़े लिखे साहब लोग जोकि इंटरमीजिएड और हाईस्कूलों का प्रबन्ध करते हैं वही संस्कृत संस्थाओं का भी प्रबन्ध आदि करेंगे। जैसे कि वहट डिस्ट्रिक्ट इंस्पैक्टरों के क्लर्क 100–100 और 200–200 रुपया कालिज के प्रिंसिपलों से ऐड दिलाने या बढ़ाने के लिए लेते हैं, उस के लिए उन से घी के कनस्तर मंगाते हैं ; अब वह कर्ल्क लोग हम से भी पैसा मांगेंगे।

यहां पर नौकरशाही के रवैये का बहुत जिक्र किया गया है। नौकरशाही बहुत खुल कर खेल रही है और वह बिलकुल भी किसी की पर्वाह नहीं करती है। मैं इस का निजी अनुभव बतलाना

चाहता हूं। दो महीने में मैं ने दो चिट्ठियां परिवहन आयुक्त को लिखीं लेकिन उन्होंने उन पत्रों का कोई जवाब नहीं दिया। फिर मैंने 19 जुलाई को गवर्नर को एक पत्र लिखा। मुझे गवर्नर महोदय से यह उत्तर मिला कि "प्रिय रघुबीर सिंह, आप का 9 जुलाई का पत्र मिला। खेद है कि आप के पत्रों का उत्तर नहीं मिला।" इस के बाद और कुछ नहीं लिखा गया। यह मैंने आप को उदाहरण देकर बतलाया कि किस तरिक़े से नौकरशाही लापरवाही बरत रही है और वह एम० पीज० तक के पत्रों का जवाब नहीं देते हैं। मुझे यहां सैंटर के भी एक-दो मिनिस्टर्स ने बतलाया है कि उन की भी जो चिट्ठियां वहां जाती हैं उन का भी उत्तर प्रदेश की नौकरशाही जवाब नहीं देती है। इस से आप को प्रकट हो जायगा कि किस तरिक़े से नौकरशाही वहां पर खुल कर खेल रही है ?

यादव जी ने उत्तर प्रदेश में संविद सरकार के समय की कुछ बातों की यहां पर आलोचना की थी। मैं उन की उन बातों का जवाब देना चाहता था लेकिन शायद आप मुझे समय नहीं दे सकेंगे। मैं उन में पड़ना भी नहीं चाहता लेकिन पिछले साल किसानों को संविद सरकार का यह बड़ा लाभ हुआ कि किसानों के गन्ने पर, किसानों के कोल्हुओं पर, गुड़ पर सरकार ने कोई पाबन्दी नहीं लगाई। किसानों को उन की उपज का जितना दाम न्यायपूर्वक मिलने का अधिकार था वह उन्हें मिला। उस से किसानों की समृध्दि बढ़ी। लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं और वह यह कि अगला सीज़न फिर आ रहा है, किसान आज डरा हुआ है और वह आशंकित है कि कहीं राष्ट्रपति शासन फिर हमारे ऊपर एक नई सज़ा न आयद कर दे और फिर हमारे गन्ने पर पाबन्दी न लगा दे और जबरदस्ती मिलों को हम से सारा गन्ना न दिलवा दिया जाय। मैं आशा करता हूं पिछली दफ़े किसानों को जो छूट दी गई थी उस छूट को क़ायम रक्खा जायेगा।

इसी के साथ एक निवेदन यह भी करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में जितने किसानों ने अपने यहां बिजली के कुंओं के लिए पावर लगा रक्खी है उन को अपने ऋशर्स पावर से चलाने की इजाज़त दी जाय। जिस किसान के पास ट्रैक्टर हो, जिस किसान के पास बिजली का कुंआं हो आप उस से आशा करें कि वह अपने कोल्हू बैल से चलाये तो यह कैसे हो सकता है ? जब खेती के क्षेत्र में क्रान्ति हो रही है तो किसान के पास जो यंत्र आदि मौजूद हैं उन से उसे लाभ उठाने का अवसर मिलना चाहिए। मैं यह आशा करता हूं कि उत्तर प्रदेश में किसानों को राष्ट्रपति शासन के समय इस बात की छूट दे दी जायगी कि वह अपने ऋशर्स अगर अपनी पावर से चलाना चाहें, पावर से अपना गन्ना पेरना चाहें तो इस के लिए उन को इजाज़त मिलेगी।

पूर्वी जिलों की आर्थिक अवस्था पश्चिमी जिलों की अपेक्षा बहुत शोचनीय है और मेरी समझ में पूर्वी जिलों के किसानों की हालत बेहतर बनाने का एक ही इलाज है और वह यह है कि उत्तर प्रदेश को दो हिस्सों में बांट दिया जाय। पूर्वी जिलों को उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों से अलग कर के रक्खा जाय। मेरी समझ में इस के अलावा और कोई चारा नहीं है कि उन की दो स्वतंत्र प्रशासनिक इकाइयां बना दी जायं जिससे कि वहां के डेवलपमैंट के सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई शिकायत न रहे।

**श्री शारदा नन्द** (सीतापुर) : अध्यक्ष महोदय, आप ने जो मुझे बोलने का

[श्री शारदा नन्द]

समय दिया है उस के लिए मैं आप का आभार प्रकट करता हूं। आज जब उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन को बढ़ाने की मांग की जा रही है तो मैं उस का विरोध करते हुए कहना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति का शासन नहीं बढ़ना चाहिए और जितनी जल्दी हो सके यह राष्ट्रपति का शासन वहां पर समाप्त होना चाहिए। ऐसा मैं क्यों कहता हूं? कारण यह है कि अगर देखा जाय तो मालूम पड़ेगा कि आज कृषकों की हालत इतनी ख़राब हो रही है कि किसानों के लिए जो पानी की व्यवस्था होनी चाहिए थी वह पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इस के अलावा किसानों को जो बिजली का रेट देने के बारे में चर्चा हुई है और उस रेट के बारे में मैं ने भी पंत जी से जबकि वह अपना जवाबी भाषण कर रहे थे इस बिजली की दर के बारे मैं उन से स्पष्टीकरण मांग था कि यह बिजली की दर जोकि उत्तरप्रदेश में बढ़ाई जा रही है उस के सम्बन्ध में आप का क्या कहना है। डा० के० एल० राव ने प्रश्न सं 661 के उत्तर में बतलाया था कि 12 पैसे पर यूनिट दर होनी चाहिये। और अगर इस से ज्यादा दर होगी तो सरकार सब्सिडी देगी। बिहार में 18 पैसे है। हमारे यहां उत्तर प्रदेश में बढ़ा कर जो दर कर दी है उस से वह 24 पैसे हो जायेगी।

किसानों के लिये उत्तर प्रदेश में एक केन यूनियन है। उस ने और सरकार ने मिल कर एक योजना बनाई थी कि जितनी सड़के सी० सी० ट्रैक्ट की होंगी वह बनाई जायेंगी। दस सालों में अगर उन की लम्बाई छः मील थी तो वह 4 मील बना कर छोड़ दी गई है। उन का सारा पैसा पी० डब्ल्यू० डी० के पास जमा था। पी० डब्ल्यू डी० ने उन सड़कों की इस तरह से अवहेलना की है जब कि उन को दो सालों के अन्दर बनाना चाहिये था। यह सड़कें तो अनेक वर्षों के बाद बनी जब कि मजदूरी का खर्च बढ़ गया है। अब कहा जाता है कि हमारे पास पैसा नहीं है। मैं केन्द्रीय सरकार से कहना चाहता हूं कि वह गवर्नर महोदय से कहे कि इस प्रकार की जो सड़कें सी० सी० ट्रैक अधूरी बनी हैं उन को पूरा किया जाये ताकि किसानों को राहत दी जा सके।

इसी सदन के अन्दर उद्योग मंत्री ने कहा था एक प्रश्न के उत्तर में कि उत्तर प्रदेश में छोटे ट्रैक्टर का कारखाना लगाने की बात चल रही है। मैं जानना चाहता हूं कि इस छोटे ट्रैक्टरों के कारखाने का क्या हुआ? आज केन्द्रीय सरकार ने अपनी नीति बनाई है कि जो बड़े बड़े हार्स पावर के ट्रैक्टर है उन को बनाने के लिये 6-7 लाइसेंस दे दिये हैं, लेकिन जिन छोटे ट्रैक्टरों की ज्यादा मांग है उन को बनाने के लिये उस ने कोई व्यवस्था नहीं की है। मेरी मांग है कि उत्तर प्रदेश में इस के लिये एक कारखाना खोला जाये।

अब आप देखिये कि गवर्नर के शासन के समय में शिक्षा के सम्बन्ध में हमारे साथ क्या क्या अन्याय किया गया है। सब से पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश की भाषा जो हिन्दी है उस को धीरे धीरे गवर्नर के राज्य में वहां के अफसर हटाना चाहते हैं और अंग्रेजी फिर से थोपना चाहते हैं शिक्षा के सम्बन्ध में जो संविद सरकार थी उस ने, एक योजना बनाई थी। लेकिन आज देहातों में जो प्राइमरी स्कूल चल रहे हैं उन के अध्यापक पिस रहे हैं। वे किस तरह से पिस रहे हैं यह मैं बतलाना चाहता हूं। आज हर जगह

में कांग्रेस के लिये लाखों रुपया चन्दा इकट्ठा किया जा रहा है, और उस को प्राइमरी स्कूलों के अध्यापकों के द्वारा इकट्ठा किया जा रहा है। जब गवर्नर महोदय के पास इस की शिकायत की गई तो उस का उत्तर आज तक नहीं दिया गया और न कोई जांच कराई गई है। आज वहां पर हर एक जिला परिषद् के जो अध्यक्ष हैं वह ज्यादातर कांग्रेस के लोग हैं और उन्होंने प्राइमरी स्कूलों के हर एक अध्यापक से 10 रु० और हेड मास्टर से 25 रु० वसूल करना शुरु कर दिया है। इस तरह से एक एक जिले से 80 या 90 हजार रु० कांग्रेस के लिये चन्दा इकट्ठा किया जा रहा है, जिस से अध्यापक पिस रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इस की तुरन्त खुफिया पुलिस से जांच कराई जाय।

प्रशासन के सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूँ कि जो चकबन्दी वहां हो रही है उस में क्या हुआ। होता यह है कि एक समय निर्धारित होता है जिस के अन्दर चकबन्दी हो जानी चाहिये। जब समय आता है तब तक तो अधिकारी लोग काम करते नहीं हैं। समय खत्म होने पर वह लोग गलत एंट्रीज कर देते हैं। जब गलत एंट्रीज होने के बाद किसान के पास पहुंचती हैं तब किसान दौड़ धूप करता है। कभी तहसीलदार के पास जाता है, कभी किसी और के पास जाता है। उस को बेइन्तहा परेशानियां उठानी पड़ती हैं, लेकिन इस पर भी उन की कोई सुनवाई नहीं होती है।

आज उत्तर प्रदेश में परिवार नियोजन का बड़ा ढोल पीटा जा रहा है। इस के सम्बन्ध में मेरा यह कहना है कि आज वहां पर फर्जी आपरेशन किये जा रहे हैं। ऐसा करने का एक कारण है। जो गांव में काम करने वाले कर्मचारी होते हैं चाहे ग्रामसेवक हो चाहे दूसरा कोई हो, उस पर यह पाबन्दी लगी होती है कि दो हफ्ते के अन्दर वह 10—15 आपरेशन करवाये। जब आदमी मिलते नहीं हैं तब वह इस तरह की फर्जी कार्रवाई करते हैं। सरकार को चाहिये कि वह वहां ऐसे लोगों को भेजे, चाहे बी० डी० ओ० हो चाहे कोई और उन को देहातों में भेजा जाय और वहां जा कर वह इस की महत्ता को समझायें। चाहे अफसर हों, चाहे छोटे कर्मचारी हों या बड़े कर्मचारी हों, उन पर दबाव डालने या जबर्दस्ती आपरेशन करवाने का जो विचार है यह गलत है क्योंकि इस से बड़ी गड़बड़ हो रही है। मैं आप को एक उदाहरण देना चाहता हूं। एक आदमी को जो कि 70 वर्ष का था, बहराइच से नानपारा जा रहा था स्टेशन पर पकड़ लिया गया, और उस का आपरेशन कर दिया गया। उस को जो दस रुपये मिलने चाहिये थे वह भी नहीं मिले।

इस प्रकार की जो स्थिति है उस को देखते हुए मैं कहना चाहता हूं राष्ट्रपति शासन खत्म किया जाये।

**श्री विद्या चरण शुक्ल**: अध्यक्ष महोदय, बहुत से माननीय सदस्यों ने इस बहस में भाग लिया और कई काफी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। उन्होंने कई अच्छी बातें भी बतलाई जिन के ऊपर हम लोग अवश्य ध्यान देंगे। प्रोफैसर रंगा...

SHRI RANGA: On a matter of personal explanation. I referred to all these tube wells, development of irrigation projects and all these things. It is not that I am opposed to the development of U.P. or to make this money available. We have supported all these things. My only point is that they should have thought of these things much before and not waited for the Presidential rule. They are thinking of these things only now and I was afraid that there seemed to be some

[Shri Ranga]

political interest in this. Otherwise, I am all in favour of these grants which we have ourselves passed.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: I am glad you clarified it.

मैं कह रहा था कि बहुत से सुझाव दिये गये। उन पर हम विचार करेंगे और जिन सुझावों का हम जनहित में उपयोग कर सकते हैं उन का उपयोग करेंगे।

प्रोफेसर रंगा ने अपने भाषण में कई बातें कहीं। मुझे प्रसन्नता है इस बात की कि उन्होंने कुछ स्पष्टीकरण भी किया। मैं यह बात उन से सब से पहले कह देना चाहता हूं कि ऐसी कोई बात नहीं है कि जब उत्तर प्रदेश में लोकप्रिय शासन चलता था तब उत्तर प्रदेश को केन्द्र से उचित सहायता नहीं मिलती थी और आज जब वहां पर राष्ट्रपति शासन है तब केन्द्र की ओर से उस को अधिक सहायता दी जा रही है। जो भी उचित सहायता आवश्यक रही है वह हमेशा दी गई है। यह बात अलग है कि वह सहायता आज जिस प्रकार काम में लाई जा रही है उस का ज्यादा प्रभाव पडता हो और उस सहायता को इस तरह से काम में लाया जा रहा हो जिस से जनता का ज्यादा फायदा होता हो। हो सकता है कि इस से पहले वह सहायता इस तरह से काम में लाई गई हो जिस से जनता को खुशी नहीं होती रही हो और उस का फायदा न हुआ हो। मैं यह बात कह देना चाहता हूं कि साधारण तौर पर कोई पक्षपात या भेद भाव नहीं किया गया है। यह भी आश्वासन मैं सदन को देना चाहता हूं कि किसी तरह का कोई राजनीतिक लाभ नहीं है इस सहायता के देने में। हमेशा एक ही विचार रहता है कि वहां की गरीब जनता की समस्यायें जल्दी से जल्दी हल की जायें और उन की समस्याओं को हल करने के लिये जितनी सहायता हम लोग दे सकते हैं राष्ट्रपति शासन के अन्तर्गत उतनी हम अवश्य दें।

18.00 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the chair.*]

दूसरी बात जो प्रोफेसर रंगा ने कही वह संविधान के संबंध में थी। उन्होंने बहुत बड़ी बड़ी बातें कहीं चुनाव की रीति के बारे में और कमिटी रुल के बारे में। मैं उन से आदरपूर्वक यह कहूंगा कि वह इस बात का खयाल रक्खें कि हम को जो संविधान हमारे सामने है उस के अन्तर्गत काम करना है। अगर उस में कुछ संशोधन करना है तो वह दूसरे ढंग से हो सकता है। लेकिन वह बड़ा प्रश्न है और उस पर अलग से विचार किया जा सकता है, और मैं नहीं समझता कि मुझे इस बात की आवश्यकता है कि मैं उस के बारे में कोई टीका-टिप्पणी करूं। परन्तु एक बात जो उन्होंने कही उस के बारे में अवश्य कहना चाहूंगा। माननीय सदस्य श्री चन्द्रजीत यादव ने भी इस के सम्बन्ध में कुछ कहा। श्री रंगा ने कहा कि हमें सर्वदलीय सरकार चाहिये, राष्ट्रीय सरकार बननी चाहिये। जैसा श्री यादव ने बतलाया पूरे देश को और देश की जनता को इस तरह की सर्वदलीय सरकारों का बड़ा कटु अनुभव है, और मैं समझता हूं कि सर्वदलीय सरकारों में जो दल सम्मिलित थे उन्हें भी बड़ा कटु अनुभव हुआ है। वे इस बात को समझ गए हैं कि इस तरह से आदर्श विहीन, विचारधारा विहीन और केवल अवसरवादिता के आधार पर अगर संमिद की सरकारें बनाई जाती हैं तो उसके अन्तर्गत जनहित के कार्य करने में बहुत अधिक कठिनाई होती है। जब तक हमारे देश में इस प्रकार राजनीतिक दल मौजूद हैं जैसे

कि स्वतंत्र पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी और इन दोनों को सरकार में बिठा कर काम चलाया जाएगा तो किसी भी सरकार की वही दुर्दशा होगी जो संविद की सरकारों की दुर्दशा उत्तर प्रदेश में हुई है या दूसरे प्रान्तों में हुई है। मैं नहीं समझता हूं कि रंगा साहब की यह मंशा है कि पूरे भारतवर्ष की उस तरह की दुर्दशा हो जाए जिस तरह से उत्तर प्रदेश की हुई है या बिहार की हुई है या पंजाब की हुई है या हरियाणा की हुई है या बंगाल की हुई है। जहां जहां आदर्शविहीन सरकारें बनी हैं और किसी तरह का आदर्शवाद में उन पार्टियों में कोई समझौता नहीं हुआ है और केवल सरकार में घुस कर किसी तरह से काम चलाने की कोशिश की गई है, अवसरवाद का सहारा ले कर, उन सरकारों के आने से हमारे प्रदेशों का कितना भीषण नुकसान हुआ है, कितनी तकलीफ हुई है जनता को, इसको अपनी आंखों से देख लेने के बाद मुझे आश्चर्य होता है कि रंगा साहब सरीखे गम्भीर और अनुभवी राजनीतिज्ञ भी इस तरह का सुझाव हमारे हाउस में दे सकते हैं। मैं कहूंगा कि जिन दलों ने आदर्शवाद से प्रेरित हो कर आपस में समझौता कर लिया है ऐसे दलों के साथ बैठ कर सरकार चलाने की बात को तो सोचा जा सकता है और उस में मैं नहीं समझता हूं कि कोई आदमी आपत्ति करेगा और किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं होता है तो इस तरह से दो या तीन दल मिल कर सरकार बना भी सकते हैं और काम चला भी सकते हैं पर आदर्शवाद से हट कर केवल अवसरवाद के ऊपर आधारित हो कर अगर सरकार चलाने की बात होती है तो मैं नहीं समझता हूं कि वह देश हित की बात हो सकती है या जनहित की बात हो सकती है।

श्री राम कृष्ण सिन्हा जो फैजाबाद से आते हैं उन्होंने फैजाबाद डिविजन के बारे में बहुत सी बातें कही हैं। मैं मानता हूं कि फैजाबाद डिविजन में बहुत कुछ काम करने को है और वहां की जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है और समस्यायें भी वहां की बहुत ज्यादा हैं। जो कुछ भी काम हुआ है, उसके अतिरिक्त और भी बहुत काम करने की वहां आवश्यकता है, इसको मैं मानता हूं। मुझे खुशी है कि उन्होंने बहुत जोरदार ढंग से अपने क्षेत्रों की मांगों को यहां पर रखा है। जो जो भी मांगें उनकी हम लोग मान सकते हैं या जिन जिन मांगों पर हम विचार कर सकते हैं, अवश्य विचार करेंगे और इस बात का प्रयत्न करेंगे कि जितने दिन वहां राष्ट्रपति का शासन लागू रहे, उस बीच में उन समस्याओं के ऊपर प्रभावकारी ढंग से विचार करके कार्रवाई की जाए।

जहां तक गोरखपुर विश्वविद्यालय के कानून में संशोधन करने का सवाल है, यह प्रश्न उत्तर प्रदेश सरकार के विचाराधीन है और मैं समझता हूं कि उसके ऊपर उचित निर्णय कुछ ही समय में हो सकेगा।

माननीय रामजी राम ने कई बातें कही हैं खास कर हरिजनों के सम्बन्ध में। मैं इस सम्बन्ध में थोड़ा सा यह कहना चाहता हूं कि भारत सरकार की यह नीति सदैव से रही है कि हरिजनों को, आदिवासियों को तथा दूसरे पिछड़े लोगों को विशेष रूप से सहायता प्रदान की जाए और वे उन्नति कर सकें, इसके लिए विशद रूप से सहायता दी जाए। इसी नीति के अनुसार कार्य भी किये गये हैं। लेकिन हो सकता है कि कहीं कहीं ठीक से काम न हुआ हो। मैं निवेदन करूंगा कि इस तरह की कोई खास बात उनके ध्यान में हो तो उसे वह हमारे

[श्री विद्या चरण शुकल]

ध्यान में लायें और उसके बारे में हम लोग उत्तर प्रदेश की सरकार से लिखापढ़ी करके उचित कार्रवाई करेंगे और यदि कोई कहीं पर ऐसी बात थी नहीं हो रही थी उसको करवाने की हम पूरी कोशिश करेंगे। साधारण रूप से हरिजनों और आदिवासियों का काम नहीं होता है और इसके बारे में यदि कोई खास बात उनके ध्यान में है तो मैं अपेक्षा करूंगा कि वह हमें बतायें ताकि उसको देख कर उस पर हम उचित कार्रवाई कर सकें।

चंद्रिका प्रसाद जी ने बलिया गोलीकांड के सम्बन्ध में बातें कही हैं। मैं जानता हूं कि इस बारे में यहां पर और दूसरे सदन में भी चर्चा हुई है। वहां पर कुछ एक अजीब सी दुर्घटना हुई जिस के बारे में पहले से किसी ने नहीं सोचा था, किसी को ऐसी उम्मीद नहीं थी। हालांकि थोड़ा सा तनाव था और उस तनाव को रोकने के लिए और किसी दुर्घटना को रोकने के लिए थोड़ा बहुत वहां पर इंतजाम किया गया था तो भी कई ऐसी बातें हैं जो बिल्कुल साफ नहीं हैं। इसलिए सरकार सोच रही है कि बोर्ड आफ रेवेन्यू का कोई एक वरिष्ठ अधिकारी इस बात के लिए नियुक्त किया जाए जो सब बातों का पता लगाये और पता लगा कर राज्य सरकार को इस बारे में बताये कि वहां यदि किसी की गलती हुई है तो वह कौन था और किस तरह की गलती हुई है और इन गलतियों को रोकने के लिए आगे क्या किया जाए।

बेकारी की समस्या के बारे में कई माननीय सदस्यों ने कहा है। मैं मानता हूं कि बेकारी की समस्या बहुत भीषण समस्या है। वैसे तो यह देशव्यापी समस्या है। लेकिन उत्तर प्रदेश में यह समस्या काफी गम्भीर रूप धारण किये हुए हैं। लेकिन यह ऐसी व्यापक बात है जिस के बारे में आज इतने कम समय में कुछ बहुत हम लोग चर्चा नहीं कर सकते हैं। लेकिन फिर भी जो चौथी योजना बनाई जा रही है उस में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि इस बेकारी की समस्या को किस तरह से हम हल कर सकते हैं और उत्तर प्रदेश के लिए तो खास कदम उठाने की जरूरत है।

पूर्वी जिलों की समस्याओं के बारे में भी जिक्र किया गया है। जैसा कि कहा गया है कि उन जिलों के लिए एक विशेष रिपोर्ट बनाई गई थी लेकिन मैं नहीं कह सकता हूं इस वक्त कि इस रिपोर्ट पर कितनी कार्रवाई की गई। लेकिन यह बात सर्व-विदित है कि ये समस्यायें वहां पर हैं और इनको हल करने के लिए विशेष प्रयत्न किये जाने चाहियें। मैं नहीं समझता हूं कि माननीय रघुवीर सिंह शास्त्रीजी ने जो दवा बताई है उस दवा से कोई लाभ होगा। उत्तर प्रदेश का विभाजन करके यदि इस चीज को ठीक करने का प्रयत्न किया गया तो मैं नहीं समझता हूं कि उससे क्या फायदा होगा। मैं समझता हूं कि हमें प्रयत्न करने चाहिए कि जो पिछड़े हुए क्षेत्र हैं, जहां आबादी अधिक हैं वहां योजनाबद्ध विकास बहुत विशेष ढंग से हो और विशेष ध्यान उन की ओर दिया जाए। इसका मतलब यह नहीं है कि पश्चिमी जिलों की कीमत पर इन पूर्वी जिलों का विकास किया जाए या पश्चिमी जिलों से जो पैसा मिलता है उसको ले कर पूर्वी जिलों का विकास किया जाए। उत्तर प्रदेश एक है। उसके जितने भी साधन हैं उनके अन्तर्गत रहते हुए जनता के हित में उनका सही-सही इस्तेमाल होना चाहिये और मैं समझता हूं कि इस तरह का उपयोग करने का यत्न भी आज हम लोग कर रहे हैं।

कई माननीय सदस्यों ने कई प्रकार के आरोप लगाये हैं और कहा है कि भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, अधिकारीगण बिल्कुल ठीक काम नहीं कर रहे हैं, जिला प्रशासन खत्म होता जा रहा है। मैं बड़े ही विनम्र शब्दों में कहना चाहता हूं कि हो सकता है कि कहीं कहीं ऐसा हुआ हो पर इस तरह का जनरल आरोप लगाना यह बहुत अच्छी बात नहीं है। यदि इस तरह के आरोप सब अधिकारियों के लिए लगाये जाते हैं तो जो अधिकारीगण थाड़ा बहुत अच्छा काम भी कर रहे होते हैं वे भी हतोत्साहित होते हैं। बहुत से अधिकारी आप जानते हैं ईमानदार हैं, देश सेवा की भावना से काम करते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो बेईमानी भी करते होंगे या गलत ढंग से काम करते होंगे। मेरा निवेदन है कि जब भी इस तरह का कोई आरोप लगाया जाए तो वह स्पेसिफिक होना चाहिये। किस अधिकारी के बारे में है यह बताया जाना चाहिये। नाम लेने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन सारी चीज को आप हमारे पास भेज सकते हैं, हम लोग उस पर विचार कर सकते हैं, उसकी विस्तृत रूप से जांच करा सकते हैं और अगर उस में सच्चाई पाई गई तो उस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी कर सकते हैं। जब जनरल आरोप लगाये जाते हैं तो उससे न जनता का फायदा होता और न ही समस्याओं को हल करने में मदद मिलती है बल्कि कटु भावना और गलत ढंग की भावना फैलती है, भ्रम फैलता है और भ्रम के वातावरण में और आरोपों प्रत्यारोपों के वातावरण में जो काम ठीक होना चाहिये, उसमें बाधा पड़ती है और जो हमारे मन में है कि जनता की तकलीफें दूर हों, उस में भी बड़ी बाधा पहुंचती है। इस वास्ते जनरल आरोप लगाने के बजाय विशेष रूप से बतायें कि कहां पर कौन सी गड़बड़ी हो रही है.....

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : अभी श्री रामजी राम ने आपको बताया है कि वह डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के पास जब बात करने के लिए जाते हैं तो उनको कहा जाता है कि तुम तो चमार के चमार हो, तुम्हारी क्या बात है।

**श्री विद्या चरण शुक्ल** : इसका पूर्ण विवरण मुझे दिया जाएगा तो मैं इसकी जांच करा लूंगा और कोई आपत्तिजनक बात सामने आई उस जांच में तो आवश्यक कार्रवाई करने में जरा भी हिचकिचाहट नहीं दिखाई जाएगी।

जिला परिषद के अधिकारियों और अध्यक्षों के बारे में भी बातें कही गई हैं और आरोप लगाये गये हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इस तरह से जनरल आरोप नहीं लगाये जाने चाहियें। अगर कोई स्पेसिफिक बात किसी माननीय सदस्य के पास हो तो उसे वह हमारे पास भेजें और हम उसके ऊपर उचित कार्रवाई करने को तैयार हैं।

माननीय सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों के बारे में, स्थानीय मांगों के बारे में कहा है। हम उनके ऊपर भी ध्यान देंगे और जो कुछ हमारी शक्ति में है और जो थोड़ा सा समय हमारे पास है, उस में हम लोग जो कुछ भी कर सकते हैं करने का यत्न करेंगे। माननीय सदस्य जानते ही है कि राष्ट्रपति जी का शासन थोड़े से समय के लिए है और हम लोग ऐसा कोई बड़ा कार्य वहां शुरू नहीं कर सकते हैं कि बाद में बहुत सा वित्तीय भार आने वाली सरकार पर पड़े। हम लोग चाहते हैं कि ठोस ढंग से जन हित का कार्य राष्ट्रपति शासन के दौरान वहां चले और काम चलाऊ सरकार के रूप में ही काम न चले! लेकिन यह भी सोचन

[श्री विद्याचरण शुक्ल]

है कि आने वाली जो लोकतंत्रीय सरकार है, उसके लिए हम इतने बड़े बड़े वित्तीय भार आज न पैदा कर दें कि आगे चल कर उनको सम्भाल पाना उसके लिए मुश्किल हो, उनको काम में लाना, उसके लिए मुश्किल हो।

कई माननीय सदस्यों ने संविद सरकार के गुण गाने की कोशिश की। मैं यह नहीं कहता कि कौन सी सरकार अच्छी है और कौन सी सरकार बुरी है। मैं केवल यही कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की जनता अहना निर्णय कुछ ही महीनों में देगी। उत्तर प्रदेश की जनता स्वयं यह निर्णय करेगी कि उसे किस प्रकार का शासन पसन्द है और उस निर्णय की प्रतीक्षा माननीय सदस्य करें, यह मेरा उन से अनुरोध हैं।

माननीय सदस्य, श्री ग़यूर अली ख़ां ने यह आरोप लगाया कि केन्द्रीय सरकार ने संविद सरकार को गिराया। इस तरह की बातें सुन सुन कर लोग परेशान हो गये हैं। इस तरह की बातें करने से न उन का फ़ायदा है, न उन के दल का फ़ायदा है और न देश का फ़ायदा है। यह बात सब के सामने साफ़ है कि संविद सरकार किस तरह गिरी। अगर वह इस तरह वास्तविकता से आंख मूंद कर राजनीति में चलने की कोशिश करेंगे, तो न उन का और न उन के दल का फ़ायदा होगा। अगर वह वास्तविकता को समझें, अपनी कमजोरियों को दूर करें और जिम्मेदारी से आगे बढ़ने की कोशिश करें, तो हो सकता है कि उन की पार्टी कुछ आगे बढ़े, जनता के लिए कुछ काम कर सके और उसका समर्थन प्राप्त कर सके। लेकिन इस तरह की नारेबाजी से न जनता का फ़ायदा होता है और न हमारा फ़ायदा होता है।

मैं माननीय सदस्य से अनुरोध करूंगा कि वह इस तरह की बातें न करें। इस बात में केन्द्रीय सरकार की कोई रुचि नहीं थी कि उत्तर प्रदेश में कौन सी सरकार चले और कौन सी सरकार गिरे। वह तो स्थानीय विधायकगण और नेताओं का मसला था। जब यह देखा गया कि वहां पर संवैधानिक ढंग से सरकार चलना असम्भव है, तभी हमें इस प्रकार का कदम उठाना पड़ा, जिस से वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू हुआ और नया चुनाव करने की आवश्यकता पड़ी। अगर ऐसा करने की आवश्यकता न पड़ती, तो हम लोगों को बड़ी खुशी होती। हमें इस में ज़रा भी खुशी नहीं है कि इतने राज्य राष्ट्रपति शासन के अन्तर्गत आ गये हैं। हम लोगों को इस बात से दुख होता है कि जिस तरह का प्रजातंत्र हमारे देश में अब तक चलता रहा है, उस में इस प्रकार की कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। हमारी कोशिश यही है कि इस तरह की कठिनाइयां हमारे राज्यों के सामने पैदा न हों, हमारा संवैधानिक ढांचा ठीक तरह से काम करे और राजनैतिक स्थिरता बनी रहे, जिस से जनहित के कार्य ठीक तरह से चलते रहें।

जब इस प्रकार का राजनैतिक अस्थिरता होती है और सरकारें बदलती हैं, तो जनता का बहुत नुक्सान होता हैं। राजनीतिज्ञ तो कभी सरकार में रहेंगे और कभी बाहर, कभी वे फ़ायदा उठायेंगे और कभी नुक्सान, लेकिन इस तरह की राजनैतिक अस्थिरता से जनता का तो निरन्तर नुक्सान होता है। किसी भी माननीय सदस्य के मन में यह बात नहीं आनी चाहिए कि केन्द्रीय सरकार इस बात में रुचि लेती है कि कौन सी सरकार कहां रहे और कौन सी सरकार कहां गिरे।

जैसाकि मैंने अपने प्रारम्भिक भाषण में कहा है, हम लोग चाहते हैं कि फ़रवरी

में चुनाव अवश्य हो जायें। चूंकि इन छः महीनों में चुनाव होना सम्भव नहीं होगा, इसी लिए हमें राष्ट्रपति की उद्घोषणा को छः महीने और बढ़ाने के लिए माननीय सदस्यों के सामने आना पड़ा। जो बातें मैंने यहां पर रखी हैं, मैं उम्मीद करता हूं कि उन पर विचार कर के माननीय सदन इस उद्घोषणा को छः महीने और बढ़ाने में अपनी सम्मति देगा।

**श्री शारदानन्द** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक स्पष्टीकरण करना चाहता हूं। अभी मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कहा है कि जिला परिषदों और उन के अध्यक्षों पर इस प्रकार के अस्पष्ट चार्ज न लगाये जायें। मैं ने तो एक निश्चित चार्ज लगाया है और मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस बात की खुफ़िया जांच करायें कि सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बदायूं, पीलीभीत, बरेली आदि जिलों में वहां के प्राइमरी स्कूलों के अध्यापकों से इस प्रकार का चन्दा वसूल किया जाता है या नहीं। अगर मंत्री महोदय किसी भी जिले में इस की एन्क्वायरी करायेंगे, तो वह इस नतीजे पर पहुंचेंगे कि उन के साथ ज्यादती की जा रही है।

**श्री बाल गोविन्द वर्मा** (खेरी) : उपाध्यक्ष महोदय, सीतापुर के बारे में तो मैं नहीं जानता। वहां जो कुछ भी होता हो। लेकिन लखीमपुर खीरी में ऐसी कोई बात नहीं हुई है। इस लिए ऐसी बात कहना उचित नहीं है।

**श्री शारदानन्द** : तो लखीमपुर खीरी के बारे में ही एन्क्वायरी कराई जाये।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The Hon. Members should remember that the Hon. Minister has already given an assurance in his reply that if a specific charge is made and evidence is given, he will certainly institute an inquiry, but vague charges cannot be enquired into.

Now I will put the amendment of SHRI S. M. BANERJEE to the vote of the House. The question is:

'That in the Resolution,—*for* "six months" *substitute*—"three months." (1)

*The motion was negatived.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That this House approves the continuance in force of the Proclamation dated the 25th February 1968, in respect of Uttar Pradesh issued under article 356 of the Constitution by the President, as varied by subsequent Proclamation dated the 15th April, 1968, for a further period of six months with effect from the 25th September, 1968."

*The motion was adopted.*

18-16 HRS.

## STATUTORY RESOLUTION RE: CONTINUANCE OF PRESIDENT'S PROCLAMATION IN RESPECT OF WEST BENGAL.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up the Resolution regarding West Bengal.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): I beg to move:

> "That this House approves the continuance in force of the Proclamation dated the 20th February, 1968, in respect of West Bengal issued under article 356 of the Constitution by the President, for a further period of six months with effect from the 22nd September, 1968."

MR. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

> "That this House approves the continuance in force of the Proclamation dated the 20th February,

[Mr. Deputy Speaker]

1968, in respect of West Bengal issued under article 356 of the Constitution by the President, for a further period of six months with effect from the 22nd September, 1968."

There are some amendments. Shri S. M. Banerjee is not here. So also Shri Deven Sen. What about Shri Jyotirmoy Basu ?

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour): I am moving my amendment. I beg to move:

That in the Resolution,—

*for* "six months" *substitute*—

"eighty-five days" (3)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Is Shri Ganesh Ghosh moving his amendment ?

SHRI GANESH GHOSH (CALCUTTA SOUTH): Yes, Sir. I beg to move:

That in the Resolution,—

*for* "six months" *substitute*—

"ten weeks" (4)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Both the Resolution and the amendment are before the House. Dr. Ranen Sen.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: Sir, I would like to speak first while moving the Resolution.

MR. DEPUTY-SPEAKER: All right.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: Mr. Deputy Speaker, the circumstances under which President's Rule was promulgated in West Bengal are common knowledge and I do not want to go into the sordid history of what happened in West Bengal after the general elections. Many attempts were made in West Bengal by many political parties, I assume to give good governance but, as I was saying in the earlier speech of mine when I was referring to President's Rule in UP, the alliance which was functioning in West Bengal probably was not single-minded, as far as political programme was concerned, and that is why all kinds of difficulties arose. But, in stead of solving those difficulties, the Central Government was sought to be blamed for many things that happened there and, ultimately, the political wrangling went to an unmanageable extent and in public interest and in the interest of continuance of constitutional government in West Bengal it was necessary that President's Rule should be imposed and mid-term elections ordered.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore): You skipped over something very important in-between. You tried to do something else in-between but did not succeed.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: The Central Government had nothing to do with all that. I included all that in "sordid history". It is not the responsibility of the Central Government. As I said earlier, what the local politicians did in West Bengal cannot be the responsibility of the Central Government.

After the introduction of President's Rule in West Bengal, several measures have been taken to redress the grievances of the people and to improve the administrative machinery.

It was a hard task but we had to fulfil our responsibility because we do not consider President's rule as only a caretaker government. It is easy to treat it as a caretaker government and just bide for time until elections are held and a responsible government is formed. But it is our intention to see that positive programmes of public good and public welfare are launched during the period of the President's rule.

Moreover, we also want that many schemes which were sanctioned earlier for which financial allocations were made and which were not making proper progress or which were not being implemented with the speed that was needed, we should take them out of the mire and try to see that

those were properly implemented. In a general way we are making this attempt in West Bengal.

SHRI GANESH GHOSH : What are they ?

